Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 15 अंक 135
लखनऊ, बुधवार, 5 मार्च 2025
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ, नगर संस्करण

Established 1865

# पायनियर

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-10

भारत को भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रहा विश्व, इसका लाभ उठाए उद्योग जगत

## कोहली का करिश्मा, भारत फाइनल में

**● चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया**




अर्द्धशतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन करते विराट कोहली

**दुबई ( भाषा )।** सोलह महीने पहले वनडे विश्व कप फाइनल में और चौदह साल से आईसीसी टूर्नामेंटों के नॉकआउट मुकाबलों में मिली हर हार का बदला चुकता करते हुए भारत ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर पांचवीं बार चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में प्रवेश कर लिया और एक बार फिर जीत के नायक रहे विराट कोहली। भारत की जीत के साथ ही यह भी तय हो गया कि चैम्पियंस ट्रॉफी का फाइनल नौ मार्च को दुबई में ही खेला जाएगा जिसमें भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका या न्यूजीलैंड से होगा। अगर आस्ट्रेलिया जीतती तो फाइनल लाहौर में खेला जाना था।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टीव स्मिथ (73) और एलेक्स कैरी (61) के अर्धशतकों के दम पर 48 . । ओवर में 264 रन बनाए जिसके जवाब में भारत ने 11 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। प्लेयर आफ द मैच कोहली ने 98 गेंद में पांच चौकों की मदद से 84 रन बनाए। 19 नवंबर 2023 को कप्तान रोहित शर्मा समेत करोड़ों क्रिकेटप्रेमियों की आंखों में आंसू थे जब अहमदाबाद में आस्ट्रेलियाई टीम ने भारत का विश्व कप जीतने का सपना तोड़ा था। इसके अलावा भी आईसीसी नॉकआउट टूर्नामेंटों में आस्ट्रेलिया भारत के लिए अभेद किला साबित होता रहा है जिसमें आखिरी बार हम 2011 वनडे विश्व कप में ही सेंध लगा पाए थे। उन सभी नाकामियों से मिले हर जख्म पर मरहम लग गया जब केएल राहुल ने 49वें ओवर की पहली गेंद पर ग्लेन मैक्सवेल को छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाई। कोहली को श्रेयस अय्यर से पूरा सहयोग मिला जिन्होंने 45 रन बनाए और तीसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी भी की। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा (28) और शुभमन गिल (नौ) सस्ते में आउट हो गए थे।

बल्लेबाजी की मददगार पिच पर कोहली का बल्ला खूब चला और बड़े शॉट खेलने की बजाय उन्होंने संयम से अपनी पारी को आगे बढाया। वनडे पारियों में स्पिनरों के खिलाफ पिछले कुछ अर्से में नाकाम साबित होते आए कोहली ने यहां आस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम जम्पा को बखूबी खेला। उन्होंने अपनी पारी में शानदार पूल और ड्राइव लगाए। अय्यर और अक्षर पटेल (27) एक के बाद एक विकेट गंवा बैठे लेकिन कोहली ने 53 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्हें स्पिनर कूपर कोनोली की गेंद पर मैक्सवेल से जीवनदान भी मिला जब उनका स्कोर 51 रन था। लेकिन जम्पा की गेंद पर लांग आन के पास बेन ड्वारशुइस को कैच देकर वह उस समय आउट हुए जब भारत को 40 रन की जरूरत थी।

राहुल (नाबाद 42) और हार्दिक पंड्या (28) ने आक्रामक शॉट्स खेलकर भारत को जीत तक पहुंचाया। वैसे इस जीत में श्रेय भारतीय गेंदबाजों का भी है। भारतीय गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन किया और आस्ट्रेलिया को 264 रन पर आउट कर दिया। आस्ट्रेलियाई कप्तान स्मिथ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 96 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 73 रन बनाए। बल्लेबाज हालांकि अनुकूल पिच का ज्यादा फायदा नहीं उठा सके और गैर जिम्मेदाराना शॉट्स (**शेष पृष्ठ 9**)

## सीबीआई ने पेपर लीक मामले में रेलवे अफसरों को किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**केंद्रीय जांच एजेंसी** (सीबीआई) ने मंगलवार को जानकारी दी कि उसने विभागीय परीक्षा के पेपर लीक करने के आरोप में पूर्व मध्य रेलवे के एक वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता समेत 26 रेलवे अधिकारियों को गिरफ्तार किया है और छापेमारी के दौरान 1.17 करोड़ रुपये नकद जब्त किए हैं। रेलवे अधिकारियों को मुगल सराय में मुख्य लोको पायलट के पदों पर पदोन्नति के लिए परीक्षा के पेपर लीक करने के आरोप में सोमवार रात को गिरफ्तार किया गया था, एजेंसी ने कहा कि परीक्षा मंगलवार को आयोजित की जानी थी। एजेंसी के सूत्रों ने कहा कि परीक्षा अब रद्द कर दी गई है।

अधिकारियों ने कहा कि गिरफ्तारी से ठीक एक पखवाड़ा पहले केंद्रीय जांच एजेंसी ने वडोदरा डिवीजन में तैनात भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा (आईआरपीएस) के दो अधिकारियों समेत पांच रेलवे अधिकारियों को विभागीय परीक्षा में उम्मीदवारों को लाभ पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा, मुगल सराय में तीन स्थानों पर (3-4 मार्च) सीबीआई द्वारा की गई जांच के दौरान कुल 17 अभ्यर्थियों के पास हाथ से लिखे प्रश्नपत्रों की फोटोकॉपी पाई गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लोको पायलट के रूप में काम कर रहे सभी 17 विभागीय अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र के लिए कथित तौर पर पैसे दिए थे और छापे के दौरान उन्हें कॉपियों के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, इस मामले में अब तक कुल 26 रेलवे अधिकारियों (17 अभ्यर्थियों सहित) को गिरफ्तार किया गया है। एजेंसी ने एक वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (संचालन) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है, जिसे उक्त परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई थी। प्रवक्ता ने कहा, उसने खुद अंग्रेजी में प्रश्न लिखे थे और कथित तौर पर इसे एक लोको पायलट को दिया था, जिसने इसे हिंदी में अनुवाद किया और आगे दूसरे अधिकारी को दिया। कथित तौर पर उक्त अधिकारी ने इसे कुछ अन्य रेलवे कर्मचारियों के माध्यम से अभ्यर्थियों को दिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अधिकारियों में आरोपी वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (संचालन) भी शामिल है। इस मामले में आठ स्थानों पर तलाशी ली गई, जिसके परिणामस्वरूप 1.17 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए। यह राशि कथित तौर पर प्रश्नपत्र लीक करने के लिए उम्मीदवारों से एकत्र की गई थी।

प्रवक्ता ने कहा कि हाथ से लिखे प्रश्नपत्रों के साथ-साथ उनकी फोटोकॉपी भी जब्त कर ली गई है। इन प्रश्नपत्रों का मिलान मूल प्रश्नपत्र से किया गया और पाया गया कि वे मेल खाते हैं। 19 फरवरी, 2025 को सीबीआई ने वडोदरा में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी के रूप में तैनात 2008 बैच के आईआरपीएस अधिकारी सुनील बिश्नोई, वहां मंडल कार्मिक अधिकारी के रूप में तैनात 2018 बैच के आईआरपीएस अधिकारी अंकुश वासन, मुंबई के चर्चगेट में तैनात उप मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक संजय कुमार तिवारी, अहमदाबाद में मंडल रेलवे अस्पताल में तैनात उप स्टेशन अधीक्षक नीरज सिन्हा और नर्सिंग अधीक्षक दिनेश कुमार को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि एजेंसी ने मामले में मुकेश मीना को भी गिरफ्तार किया है।

सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि संघीय जांच एजेंसी ने गुजरात के वडोदरा सहित 11 स्थानों पर अपनी तलाशी के दौरान 650 ग्राम सोना और 5 लाख रुपये नकद जब्त किए। एजेंसी के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, सीबीआई ने वासन, तिवारी, सिन्हा और मीना के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बाद कार्रवाई की, जिसमें आरोप लगाया गया था कि ये (**शेष पृष्ठ 9**)

## बुच व पांच अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने पर रोक

**एजेंसी।** मुंबई

**बंबई उच्च न्यायालय** ने मंगलवार को विशेष अदालत के उस आदेश पर चार सप्ताह के लिए रोक लगा दी, जिसमें सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ कथित शेयर बाजार धोखाधड़ी और नियामकीय उल्लंघनों के लिए एफआईआर (प्राथमिकी) दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। न्यायालय ने कहा कि यह आदेश मशीनी तरीके से पारित किया गया था।

न्यायमूर्ति शिवकुमार डिगे की एकल पीठ ने कहा कि विशेष अदालत का एक मार्च का आदेश बिना विस्तृत जानकारी के और आरोपी की कोई विशेष भूमिका बताए बिना मशीनी तरीके से पारित किया गया था। उच्च न्यायालय ने कहा, सभी संबंधित पक्षों को सुनने और विशेष अदालत के आदेश का अध्ययन करने के बाद, ऐसा प्रतीत होता है कि आदेश विस्तृत जानकारी के बिना और आवेदकों (बुच और अन्य) को कोई विशेष भूमिका दिए बिना पारित कर दिया गया है। अदालत ने कहा, इसलिए आदेश पर अगली तारीख तक रोक लगाई जाती है। मामले में शिकायतकर्ता (सपन श्रीवास्तव) को याचिकाओं के जवाब में हलफनामा दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया जाता है। उच्च न्यायालय का यह निर्णय बुच, सेबी के तीन वर्तमान पूर्णकालिक निदेशकों - अश्विनी भाटिया, अनंत नारायण जी और कमलेश चंद्र वार्ष्णेय, बीएसई के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदररामन राममूर्ति और इसके (**शेष पृष्ठ 9**)

## डीयू में नहीं पढ़ाए जाएंगे मनुस्मृति और बाबरनामा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि डीयू में मनुस्मृति या बाबरनामा जैसा कोई भी कोर्स या अध्ययन सामग्री प्रस्तुत करने की उनकी कोई मनसा नहीं है। प्रशासन के सामने न तो ऐसा कोई विषय विचारणीय है और भविष्य में भी हम ऐसे विषयों को अस्वीकार करते हैं।

कुलपति ने कहा की बाबरनामा तो वैसे भी एक आताताई की आत्मकथा है। उसके पढ़ाने की न तो कोई जरूरत है और आज के समय में न ही उसकी कोई प्रासंगिकता है। नई शिक्षा नीति के तहत हम भारतीय परम्पराओं के अनुरूप नए-नए कोर्स लाना चाहते हैं और ला भी रहे हैं, जिनसे देश और समाज का भला हो। हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं, इस दिशा में देश की अर्थव्यवस्था कैसे मजबूत हो और समाज का दायरा कैसे बेहतर हो सके, इसकी ओर अग्रसर हैं। डीयू अपनी अध्ययन सामाग्री इस बात को मध्यनजर रखके डिजाइन कर रहा है कि हम 2047 तक विकसित राष्ट्र के संकल्प को कैसे प्राप्त कर सकते हैं, और डीयू का उसमें क्या योगदान हो सकता है। इससे पहले भी यूनिवर्सिटी के इस फैसले का फैकल्टी ने विरोध किया था। उन्होंने डीयू को इस फैसले पर पुर्नविचार के लिए पत्र लिखा था। जिसमें लिखा था कि मनुस्मृति जाति आधारित भेदभाव और उत्पीड़न को प्रमोट करती है, जो कि भारतीय संविधान के समानता के अधिकार के खिलाफ है। उनका यह भी कहना था कि बाबरनामा, जिसमें मुगल बादशाह बाबर की कहानियां हैं, ऐसे आक्रमणकारी का महिमामंडन करता है जिसने पूरे देश में लूटपाट की। (**शेष पृष्ठ 9**)

## ऑनलाइन गेमिंग की लत के चलते युवक ने परिजनों की हत्या की

**पायनियर समाचार सेवा।** भुवनेश्वर

**ओडिशा के** जगतसिंहपुर जिले में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां ऑनलाइन गेम खेलने से मना करने पर कॉलेज के एक छात्र ने अपने माता-पिता और बहन की पत्थर से हमला कर कथित रूप से हत्या कर दी। एक अन्य घटना में राज्य के मयूरभंज जिले में गुटखा खरीदने के लिए 10 रुपए देने से मना करने पर 40 वर्षीय बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक भवानी शंकर उद्गाता ने बताया कि यह घटना जगतसिंहपुर थाना क्षेत्र के जयबाड़ा सेठी साही में रात करीब तीन बजे हुई। उन्होंने बताया कि छात्र ने अपने माता-पिता तथा बहन का सिर पत्थरों या किसी अन्य कठोर वस्तु से कथित तौर पर कुचल दिया। जगतसिंहपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक प्रभास साहू के अनुसार, प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी सूर्यकांत सेठी (21 साल) अपने माता-पिता और बहन से इसलिए नाराज था क्योंकि वे उसे मोबाइल फोन पर ऑनलाइन गेम खेलने से रोकते थे।

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान प्रशांत सेठी उर्फ कालिया (65 साल), उनकी पत्नी कनकलता (62 साल) और बेटी रोजलिन (25 साल) के रूप में हुई है। एसपी ने बताया, घटना के बाद सूर्यकांत सेठी गांव के पास छिप गया और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उद्गाता के मुताबिक, आशंका है कि युवक किसी मानसिक समस्या से पीड़ित है। स्थानीय विधायक अमरेंद्र दास ने बताया कि जमीन के विवाद को लेकर परिवार के लोग एक बार उनके पास आए थे। ग्रामीणों ने दावा किया कि सूर्यकांत ने अपने माता-पिता की हत्या करने की बात उनके सामने स्वीकार की है। पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि एसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। वहीं दूसरी घटना में ओडिशा के मयूरभंज जिले में गुटखा खरीदने के लिए 10 रुपए देने से मना करने पर 40 वर्षीय बेटे ने मगंलवार को अपने पिता की हत्या कर दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हत्या करने के बाद बेटा अपने पिता का (**शेष पृष्ठ 9**)

## जनता से सुझाव लेगी गुजरात यूसीसी समिति

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद

**समान नागरिक** संहिता का मसौदा तैयार करने के लिए गुजरात सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति सार्वजनिक परामर्श करेगी और महिलाओं के लिए समान अधिकारों तथा बच्चों की देखभाल पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह जानकारी समिति अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजना देसाई ने मंगलवार को दी। पांच सदस्यीय यूसीसी समिति ने गुजरात की राजधानी में अपनी पहली बैठक की जहां न्यायमूर्ति देसाई ने जनता, सरकारी एजेंसियों, गैर सरकारी संगठनों, सामाजिक समूहों, समुदायों, धार्मिक संगठनों और राजनीतिक दलों से यूसीसी के संबंध में सुझाव लेने के लिए एक वेब पोर्टल की शुरुआत की।

उच्चतम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति देसाई ने मीडिया से बातचीत में कहा, उनका काम आज से शुरू होता है। समिति को गुजरात में समान नागरिक संहिता की आवश्यकता का आकलन करने का काम सौंपा गया है। इस कवायद के बाद हम एक मसौदा तैयार करेंगे और इसके लिए हम सार्वजनिक परामर्श करेंगे। सार्वजनिक परामर्श इस प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है और दो उप-समितियां गठित की गई हैं - एक सार्वजनिक परामर्श के लिए और दूसरी मसौदा तैयार करने के वास्ते। समिति की बैठक पिछले महीने दिल्ली स्थित गुजरात भवन में हुई थी। न्यायमूर्ति देसाई ने कहा, हम महिलाओं के समान अधिकारों और बच्चों की देखभाल पर अधिक ध्यान केंद्रित करेंगे। विवाह और तलाक के लिए समान अधिकार होने चाहिए। विवाह और तलाक का पंजीकरण करना होगा, लेकिन विवाह की रस्मों में बाधा नहीं डाली जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी विवाहों और तलाकों का पंजीकरण ही एकमात्र आवश्यकता है तथा तलाक कानून के अनुसार ही किया जाना होगा। उत्तराधिकार का कानून और लिव-इन संबंधों के कानून का मसौदा जल्द ही तैयार किया जाएगा। न्यायमूर्ति देसाई ने कहा, वह जल्द ही यूसीसी के लिए मसौदा तैयार करना शुरू करेंगे और इसे जल्द से जल्द पूरा करने की उम्मीद करते हैं। हालांकि उससे पहले हम आम लोगों, धार्मिक नेताओं और प्रेस के साथ सार्वजनिक परामर्श करेंगे। फिर हम पोर्टल पर दिए गए सुझावों पर गौर करेंगे। (**शेष पृष्ठ 9**)

## गुजरात के शेर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जामनगर में 'वंतारा' के उद्घाटन के अवसर पर शीशे की दीवार से शेर को कुछ इस तरह से रूबरू हुए।

## राजनीतिक दलों के साथ नियमित संवाद करें राज्य : ईसी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**मतदाता** पहचान-पत्र क्रमांक के दोहराव से संबंधित आरोपों के बीच निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी को निर्देश दिया कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठकें करें और प्रक्रिया के अनुसार मुद्दों को हल करें। यह निर्देश राज्य चुनाव अधिकारियों के एक सम्मेलन में ऐसे समय दिया गया जब तृणमूल कांग्रेस ने यह आरोप लगाया कि विभिन्न राज्यों में बड़ी संख्या में मतदाताओं के पास समान मतदाता पहचान-पत्र क्रमांक संख्या है।

निर्वाचन आयोग ने गत रविवार को कहा था कि वह इस मामले को दुरुस्त करेगा और अपने प्रौद्योगिकी-संचालित मंच को भी अपडेट करेगा। उसने इस बात पर जोर दिया था कि समान क्रमांक का मतलब जरूरी नहीं कि फर्जी मतदाता हों। आयोग ने यह भी कहा कि कुछ मतदाताओं के मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबर समान हो सकते हैं , लेकिन जनसांख्यिकीय विवरण, विधानसभा क्षेत्र और मतदान केंद्र सहित अन्य विवरण अलग-अलग हैं। तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग के स्पष्टीकरण को ढकोसला तथा परदा डालने की कोशिश करार देते हुए इसे खारिज कर दिया और आयोग के ही दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि दो पहचान-पत्रों पर एक ही नंबर नहीं हो सकता।

राज्य चुनाव अधिकारियों को 31 मार्च तक मुद्दा-वार कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा गया। ज्ञानेश कुमार के मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार संभालने के बाद यह इस तरह का पहला सम्मेलन है। कुमार ने अपने संबोधन में अधिकारियों से पारदर्शिता से काम करने और सभी वैधानिक दायित्वों को लगन से तथा मौजूदा कानूनी ढांचे के अनुसार पूरा करने का आह्वान किया। उन्होंने अधिकारियों को राजनीतिक दलों के प्रति सुलभ और उत्तरदाई होने का निर्देश दिया। कुमार ने कहा कि संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा मौजूदा वैधानिक ढांचे के भीतर किसी भी मुद्दे को हल करने के लिए वैधानिक स्तर पर सभी दलों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचन (**शेष पृष्ठ 9**)

## किसी को 'मियां-तियां', 'पाकिस्तानी' कहना अपराध नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**● झारखंड के चास में उप-मंडल कार्यालय में एक उर्दू अनुवादक और कार्यवाहक क्लर्क सूचना के अधिकार (आरटीआई) द्वारा दायर आपराधिक मामले में एक व्यक्ति को बरी कर दिया**



**सुप्रीम कोर्ट** ने कहा है कि किसी को 'मियां-तियां' और 'पाकिस्तानी' जैसे शब्दों का इस्तेमाल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अपराध नहीं है, हालांकि यह गलत भावना है। इसलिए जस्टिस बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने झारखंड के चास में उप-मंडल कार्यालय में एक उर्दू अनुवादक और कार्यवाहक क्लर्क सूचना के अधिकार (आरटीआई) द्वारा दायर आपराधिक मामले में एक व्यक्ति को बरी कर दिया।

11 फरवरी के कोर्ट के आदेश में कहा गया, 'अपीलकर्ता पर 'मियां-तियां' और 'पाकिस्तानी' कहकर सूचनाकर्ता की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है। निस्संदेह, दिए गए बयान गलत भावना वाले हैं। हालांकि, यह सूचनाकर्ता की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के समान नहीं है। इसलिए, हमारा मानना है कि अपीलकर्ता को आईपीसी की धारा 298 के तहत भी बरी किया जाना चाहिए। आईपीसी की धारा 298 धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर किए गए शब्दों या इशारों से संबंधित है।

रिकॉर्ड में आया कि आरोपी हरि नंदन सिंह ने बोकारो के अतिरिक्त कलेक्टर-सह-प्रथम अपीलीय प्राधिकारी से आरटीआई अधिनियम के तहत जानकारी मांगी थी और जानकारी उसे भेज दी गई थी। हालांकि, उसने कथित तौर पर पंजीकृत डाक के माध्यम से कार्यालय द्वारा भेजे गए दस्तावेजों में हेरफेर करने और दस्तावेजों में हेरफेर के झूठे आरोप लगाने के बाद अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर की। अपीलीय प्राधिकारी ने अनुवादक को व्यक्तिगत रूप से अपीलकर्ता को जानकारी देने का निर्देश दिया।

18 नवंबर, 2020 को, सूचनाकर्ता, अनुमंडल कार्यालय चास के दूत के साथ, सूचना सौंपने के लिए आरोपी के घर गया। आरोपी ने पहले तो दस्तावेज लेने से इनकार कर दिया, लेकिन सूचनाकर्ता के आग्रह पर उसे स्वीकार कर लिया। आरोप है कि उसने सूचनाकर्ता को उसकी आस्था का हवाला देते हुए गाली दी और उसके खिलाफ आपराधिक बल का प्रयोग किया। इस मामले ने अनुवादक को आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए प्रेरित किया।

जांच के बाद, ट्रायल कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 353 (सरकारी कर्मचारी पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) और 504 (जानबूझकर अपमान) के तहत भी आरोप तय करने का आदेश दिया। झारखंड उच्च न्यायालय ने कार्यवाही रद्द करने के लिए आरोपी की याचिका को खारिज कर दिया। उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई करते हुए, पीठ ने उसे जानबूझकर अपमान करने के अपराध से मुक्त कर दिया और कहा कि धारा 353 के अलावा 'उसकी ओर से ऐसा कोई कार्य नहीं किया गया जिससे शांति भंग हो सकती हो'। इसमें कहा गया, 'हम उच्च न्यायालय के आदेश को खारिज करते हैं, जिसने ट्रायल कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है और परिणामस्वरूप अपीलकर्ता द्वारा दायर आवेदन को स्वीकार करते हैं और अपीलकर्ता को उसके खिलाफ लगाए गए तीनों अपराधों से मुक्त करते हैं'।

# कारपोरेशन के माध्यम से रखे जाएंगे आउटसोर्सिंग कर्मी: मुख्यमंत्री

## विधानसभा में बोले सीएम, सभी जिलों में खुलेंगे एप्वॉइंटमेंट जोन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सामान्य बजट 2025-26 में युवाओं के लिए किए गए विशेष प्राविधानों से भी सदन को परिचित कराया। उन्होंने आउटसोर्सिंग कर्मियों के शोषण की परंपरा को खत्म करते हुए आउटसोर्सिंग कर्मियों की नियुक्ति के लिए, कॉर्पोरेशन के गठन की घोषणा की। यही नहीं, उन्होंने सभी जनपदों में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर जनपदीय एप्वॉइंटमेंट जोन विकसित किए जाने का भी ऐलान किया। इसके अतिरिक्त अटल जी की स्मृतियों को नमन करते हुए नगरीय क्षेत्रों में डिजिटल लाइब्रेरी के निर्माण के साथ ही सरकारी पॉलीटेक्निक में न्यू एज कोर्सेज की शुरुआत के लिए भी बजट में की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रदेश में पहले वानिकी और औद्यानिक विश्वविद्यालय की स्थापना के विषय में भी अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा युवा हमारी ऊर्जा का स्रोत है और उस ऊर्जा को एक सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने के लिए एनसीसी प्रशिक्षण हेतु एनसीसी की अकादमी की व्यवस्था के लिए धनराशि की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के विश्वविद्यालयों के लिए बजट की व्यवस्था की गई है। जितने भी हमारे गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक हैं उसमें न्यू एज कोर्सेज, नई तकनीक से जुड़े हुए कोर्सेज को हम लागू कर सकें इसके लिए, हमने 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तुत की है। आगरा और वाराणसी में साइंस सिटी के लिए भी हमने व्यवस्था की है।

**डॉ. लोहिया के मूल्यों और आदर्शों से दूर जा चुकी है समाजवादी पार्टी:** उत्तर प्रदेश 2025-26 के सामान्य बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा में शुरुआत से ही समाजवादी पार्टी पर करारा हमला किया है। उन्होंने साफ कहा कि समाजवादी पार्टी डॉ राम मनोहर लोहिया का नाम तो लेती है, लेकिन वह उनके मूल्यों और आदर्शों से दूर जा चुकी है। आज की समाजवादी पार्टी न डॉ लोहिया के बताए आचरण के अनुरूप कार्य कर रही है और न ही उनके बताए आदर्शों पर चल रही है। उन्होंने उपचुनावों पर समाजवादी पार्टी के आरोपों पर भी करारा हमला करते हुए कहा कि दूसरों को उपदेश देने के बजाए स्वयं इन बातों को अपने आचरण में उतारा होता तो संभवत इतनी करारी हार नहीं होती और 2027 में भी इतनी करारी हार झेलने के लिए मजबूर न होना पड़ता।

**यूपी में पिछले 8 वर्षों में एक भी नया कर नहीं लगाया गया :** सीएम ने कहा कि बीते 5 वर्ष से प्रदेश रेवेन्यु सरप्लस स्टेट है। कर अपवंचन को रोका गया है। रेवेन्यू लीकेज को समाप्त किया गया है। डिजिटल मैकेनिज्म को अपनाया गया, जिससे ट्रांस्पैरेंसी बढ़ी। पहले यही पैसे विकास और वेलफेयर के काम नहीं आ पाते थे। आज पाई-पाई प्रदेश हित में उपयोग हो रही है और देश के अंदर सर्वश्रेष्ठ इन्फ्रास्ट्रक्चर देने में सफलता मिल रही है। बीते 8 वर्ष में एक भी नया टैक्स नहीं लगाया। प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की दरें देश में सबसे कम हैं, बावजूद इसके उत्तर प्रदेश राजस्व सरप्लस स्टेट के रूप में समृद्धि के नए सोपान चढ़ता जा रहा है। इस सफलता के पीछे रामराज्य की अवधारणा ही है।



**8 वर्षों में दोगुना से अधिक होकर 27.51 लाख करोड़ होने जा रही प्रदेश की जीएसडीपी :**सीएम ने कहा कि आयोग की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 की अवधि में प्रदेश के समेकित फिस्कल हेल्थ इण्डेक्स में 8.9 अंकों का इजाफा हुआ है। व्यय की गुणवत्ता में व्यापक सुधार हुआ है, वर्ष 2018 से 13 की अवधि में पूंजीगत व्यय, कुल व्यय के 14.8 प्रतिशत से 19.3 प्रतिशत के मध्य रहा। इस अवधि में यह अनुपात देश के प्रमुख राज्यों के औसत अनुपात से अधिक रहा। राजस्व बचत तथा प्राथमिक बचत के कारण सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में ऋणग्रस्तता में कमी दर्ज की गयी। आरबीआई द्वारा राज्यों के बजट के संबंध में 2024-25 में प्रकाशित अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार देश के सभी राज्यों की स्वयं के कर की प्राप्तियों में उत्तर प्रदेश का अंश वर्ष 2022-2023, 2023-2024 एवं 2024-2025 में क्रमशः 9.9 प्रतिशत, 10.5 प्रतिशत एवं 11.6 प्रतिशत रहा जो महाराष्ट्र के उपरान्त देश में सर्वाधिक है। उक्त वर्षों में सभी राज्यों में राजस्व प्राप्तियों के सापेक्ष ब्याज पर व्यय क्रमशः 12.6, 12.3 एवं 12.1 प्रतिशत रहा जबकि उत्तर प्रदेश में यह प्रतिशत 10.3, 9.4 एवं 8.9 रहा। सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में सभी राज्यों की स्वयं के कर से प्राप्ति का औसत उक्त वर्षों में क्रमशः 6.5, 7.0 तथा 7.2 प्रतिशत रहा, जब कि उत्तर प्रदेश में यह अनुपात क्रमशः 7.6, 9.8 तथा 10 प्रतिशत रहा। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। यहां सबसे अधिक संसाधन होने के बावजूद 1950 से 2017 तक प्रदेश की जीएसडीपी 12.75 लाख करोड़ तक पहुंच सकी। वर्ष 2017 में जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों पर विश्वास जताया और आज 8 वर्षों में प्रदेश की जीएसडीपी दोगुना से अधिक होकर 2024-25 में 27.51 लाख करोड़ होने जा रही है। अब 2025-26 में 30.77 लाख करोड़ जीएसडीपी का लक्ष्य है। देश की जीडीपी में 9.2त्न हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश, देश के अंदर दूसरे स्थान पर है। वर्ष 2023-2024 में भारत देश की जीडीपी की वृद्धि दर 9.6 प्रतिशत थी जबकि उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर 11.6 प्रतिशत रही है।

**20 करोड़ बेरोजगारी भत्ता बांटने के लिए सपा ने खर्च कर दिए थे 15 करोड़ रुपए:** सीएम योगी ने प्रदेश के अंदर बेरोजगारी दर पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में बेरोजगारी दर 17 से 19 फीसदी थी, लेकिन पिछले सात-आठ वर्ष के अंदर यह लगातार घटी है। 2023-24 में बेरोजगारी दर 3.4 फीसदी है। देश के अंदर अन्य राज्यों की बेरोजगारी दर अलग-अलग है। जम्मू-कश्मीर में 6.7 फीसदी, केरल में 7 फीसदी, पंजाब में 6.1 फीसदी व हिमाचल प्रदेश में 4.3 फीसदी है। सीएम ने तंज कसते हुए बताया कि 20 करोड़ बेरोजगारी भत्ता बांटने के लिए समाजवादी पार्टी ने समारोह के आयोजन में ही 15 करोड़ रुपये खर्च कर दिए थे।

## अंसल ग्रुप के दोषियों को पाताल से भी खोज लाएंगे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंसल ग्रुप के मामले पर समाजवादी पार्टी को जमकर आड़े हाथों लिया। साथ ही उन्होंने सदन के माध्यम से प्रदेश के होम बायर्स के साथ धोखाधड़ी करने वाले बिल्डर्स को कड़ी चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि अंसल ने एक भी होम बायर के साथ धोखा किया तो उसकी सारी संपत्ति जब्त कर लेंगे। दोषियों को पाताल से भी खोजकर लाएंगे और उन्हें सजा दिलाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि अंसल ग्रुप सपा का ही नमूना है। सीएम योगी ने कहा कि अंसल ग्रुप सपा की ही उपज थी। सपा के समय ही अंसल की अवैध मांगों को पूरा किया गया और निवेशकों एवं होम बायर्स के साथ धोखा किया गया। ये सारे काम समाजवादी पार्टी की सरकार के समय में हुए थे। सपा सरकार ने अंसल की सीमा को बढ़ाया था। हमारी सरकार ने अंसल की सीमा को घटाया। उन्होंने आगे कहा कि अब हमारी सरकार ने अंसल पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। उस पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया गया है। हमारी सरकार सबको यह गारंटी देगी कि प्रत्येक बायर्स को उनका पैसा वापस मिल जाए।

## पहले माफिया दौड़ाता था, पुलिस भागती थी

बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस प्रदेश में पहले माफिया दौड़ाता था, पुलिस भागती थी, माफिया को पुलिस सैल्यूट करती थी, लेकिन अब कानून-व्यवस्था के मामले में प्रदेश ने अपना परसेप्शन बदला है। आज देश और दुनिया के लोग प्रदेशवासियों को बहुत सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। सीएम योगी ने कहा कि जिस प्रदेश में कभी कोई व्यवसायी निवेश के लिए नहीं आता था आज वह प्रदेश देश के सबसे बड़ा निवेश क्षेत्र बनकर उभरा है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के हवाले से सीएम योगी ने कहा कि डकैती के मामले में 2016 की तुलना में 2024 में 84.41 प्रतिशत की कमी आई है। 2016 में 263 डकैती के मामले सामने आए थे जो 2022 में घटकर 50 हो गए। लूट के मामले में 77.43 प्रतिशत की कमी आई है। हत्या के मामले में 41.01 प्रतिशत की कमी आई है। बलवा में 66.40 प्रतिशत की कमी आई है। गृहभेदन में 5.12 प्रतिशत की कमी आई है। फिरौती के लिए अपहरण में 54.72 प्रतिशत की कमी आई है। सीएम योगी ने कहा कि पूर्व की सरकारों द्वारा शुरू की गई प्रवृत्ति समाप्त हो गई है।

## एक नाविक परिवार ने महाकुंभ में 45 दिनों की अवधि में की 30 करोड़ तक की कमाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 नए आस्था के कॉरिडोर प्रयागराज महाकुम्भ में बने हैं और उसका लाभ पूरे प्रदेश में मिला और इन पांच कॉरिडोर में प्रयागराज से मां विंध्यवासिनी धाम और काशी के लिए एक, प्रयागराज से अयोध्या और गोरखपुर के लिए दो, प्रयागराज से श्रंग्वेरपुर और लखनऊ-नैमिषारण्य के लिए तीन, प्रयागराज से लालापुर, राजापुर और चित्रकूट का चौथा और प्रयागराज से मथुरा-वृंदावन और शुकतीर्थ का पांचवां कॉरिडोर है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे थे। उन्होंने कहा कि नाविकों के शोषण को लेकर भी आपने चर्चा की। आपका कहना है कि हमने उनकी देखभाल नहीं की। मैं एक नाविक परिवार की एक सक्सेस स्टोरी यहां बता रहा हूं। एक नाविक परिवार जिनके पास 130 नौकाएं थीं, 45 दिनों की अवधि में इन लोगों ने शुद्ध बचत की है 30 करोड रुपए की। यानी एक नाव ने 45 दिनों में 23 लाख रुपए की कमाई की है। प्रतिदिन की अगर आप उनकी बचत देखेंगे तो यह लगभग 50 से लेकर 52000 तक की इनकम की है। प्रयागराज में नाविकों के लिए भी हमने पैकेज की घोषणा की है।

## विदेशी पर्यटन बढ़ाने में आईटीबी बर्लिन की होगी महत्वपूर्ण भूमिका: जयवीर

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि जर्मनी की राजधानी बर्लिन में उत्तर प्रदेश के वैभव की झलक दिख रही है। 6 मार्च तक चलने वाले आईटीबी बर्लिन में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से राज्य के पर्यटन आकर्षणों और क्षमताओं को विश्व समुदाय के समक्ष प्रदर्शित किया जा रहा है। यहां अयोध्या, काशी, मथुरा, झांसी, प्रयागराज, ललितपुर और प्रसिद्ध टाइगर रिजर्व के साथ-साथ लखनऊ की प्रसिद्ध चिकनकारी सहित अन्य पर्यटन आकर्षणों को दर्शाया गया है। आईटीबी बर्लिन में यूपी के स्टॉल पर बड़ी संख्या में लोग उमड़ रहे हैं। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बर्लिन में 40 वर्ग मीटर क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पर्यटन का स्टॉल लगाया गया है। यहां प्रदेश की आध्यात्मिक-सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत के साथ हस्तशिल्प, ओडीओपी तथा प्रसिद्ध पर्व त्योहारों को दर्शाया गया है।

# 2017 के बाद से प्रदेश में बड़े पैमाने पर काम हुआ: एके शर्मा

## विपक्ष ने नगर विकास विभाग को आउटसोर्सिंग का अड्डा बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विधानसभा** में मंगलवार को समाजवादी पार्टी के सदस्य अमिताभ बाजपेयी ने नगर विकास विभाग के बजट में कटौती प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि सरकार के तमाम दावों के बावजूद सड़कों की व्यवस्था बद से बदतर है। सरकार द्वारा लोगों से कर बढ़ा कर लिया जा रहा है कानपुर में लोगों से टैक्स के नाम पर अवैध शुल्क वसूला जा रहा है। स्मार्ट सिटी के नाम पर सरकार के पास जलोपयोगी की कोई योजना नहीं है। सपा सदस्य ने कहा कि अधिकारियों की मनमानी के कारण कानपुर की ऐतिहासिक भवनों का रखरखाव नहीं किया जा रहा है। गैर जरूरी कामों में सरकारी धन का अपव्यय हो रहा है जबकि नागरिकों से जुड़ी सुविधाओं की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कानपुर की सिविल लाइन सीवर लाइन बन चुकी है। नगर विकास विभाग के बजट पर कटौती प्रस्ताव विपक्ष के सदस्यों द्वारा लगाए गए आरोपों के जवाब में नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि 2017 के बाद से प्रदेश में नगर विकास विभाग में बड़े पैमाने पर काम हुआ है। विभाग की विकासोन्मुखी कार्ययोजना के चलते नए भारत का नया यूपी बनाने का काम कर रहे है। जबकि सत्तारूढ़ भाजपा के सदस्य मोहन वर्मा ने कहा कि प्रदेश में योगी सरकार के सत्तारूढ़ होने के बाद से नगरों का कायाकल्प हो रहा हे। गरीबों को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। नगरपालिकाओं को चमकाने का काम किया जा रहा है। नगर विकास के पास विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग बजट का विरोध केवल विरोध करने के लिए कर रहे है। सपा सदस्य अखिलेश यादव ने कटौती प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि नगर विकास विभाग का बजट काम करने वालों के लिए नहीं है। उन्होंने कहा कि नगर विकास विभाग को आउट सोसिंग का अड्डा बना दिया गया है। उन्होंने मांग की कि विभाग में आउट सोर्सिंग की व्यवस्था कर नियमित नियुक्ति की व्यवस्था की जाए। उन्होनें कहा कि विकास के बजट में जनता के हितों का ध्यान नहीं रखा गया है। भाजपा के सदस्य सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि नगर विभाग की कार्ययोजना के चलते ही वाराणसी शहर को जलभराव जैसी समस्या से मुक्ति मिली है। बजट में स्मार्ट सिटी के लिए चार सौ करोड़ की व्यवस्था की गयी है। इसके लिए बेसहारा पशुओं के लिए 450 करोड़ की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि नगर विकास विभाग का यह बजट मील का पत्थर साबित होगा।

## कांग्रेस सदस्य ने विधायक निधि दो करोड़ बढ़ाए जाने की मांग की

**लखनऊ।** सामान्य बजट पर चर्चा के दौरान कांग्रेस की आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि सरकार के कैबिनेट मंत्री अपनी ही सरकार की पुलिस और एसटीएफसे जान का खतरा बता रहे हैं। इसके अलावा सरकार के एक कैबिनेट मंत्री पर उनकी ही पार्टी के कार्यकर्ता ने आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा कर जान दे दी। इससे पता चलता है की प्रदेश कानून व्यवस्था कैसी है। उन्होंने एक बार फिर विधायक निधि दो करोड़ बढ़ाए जाने की मांग की। साथ ही उन्होंने निर्वाचन क्षेत्रों में दो-दो सौ हैंडपंप दिए जाने की मांग की।

## पिछले आठ सालों से गोमती नदी की सफाई नहीं हुई: रविदास मेहरोत्रा

लखनऊ। सपा के रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि तमाम दावों के बावजूद शहरी नागरिकों को सड़कें टूटी और पीने को पानी नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा पिछले आठ सालों से गोमती नदी की सफाई नहीं हुई है। जबकि पूर्ववर्ती सपा की सरकार में गोमती की इतनी सफाई होती थी कि उसका पानी पीने लायक होता था। उन्होंने मांग की कि हैदर कैनाल के पास रहने वालों लोगों को मालिकाना हक दे दिया जाए। भाजपा के राजीव गुम्बर ने बजट के समर्थन में कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद से निकायों की आय बढ़ाने का काम हुआ है। स्मार्ट सिटी के जरिए लोगों को विश्वस्तरीय सुविधाएं दी जा रही है।

**नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रा.वि. पडरखा, ब्लाक- ऐलिया, जनपद-सीतापुर के दो जर्जर भवनों की नीलामी दिनांक 4 मार्च 2025 में किसी के द्वारा प्रतिभाग न किए जाने के कारण पुनः दिनांक 11 मार्च 2025 को प्रा.वि. पडरखा के प्रांगण में अपरान्ह 1 बजे नीलामी होगी यदि इसमें कोई प्रतिभाग नहीं करेगा तो पुनः दिनांक 20 मार्च 2025 को नीलामी होगी। नीलामी की समस्त शर्ते पूर्व विज्ञप्ति दिनांक 2 मार्च 2025 पायनियर हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के अनुसार रहेंगी। नीलामी मूल्यांकन धनराशि क्रमशः 72935.46 रु. व 30498.92 रु. यथावत रहेगी।

**रंजना सिंह**
**प्र.अ.**
**प्रा.वि० पडरखा, ऐलिया- सीतापुर**
**यू-डायस कोड- 09240104401**

HDFC BANK
We understand your world

कानूनी प्रकोष्ठ, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, दूसरी मंजिल, विभूति खंड गोमती नगर लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010

परिशिष्ट IV-A [नियम 8(6) के परंतुक देखें]
(अचल संपत्ति की बिक्री हेतु बिक्री सूचना)

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन, अचल संपत्ति की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, के कर्जदार **(1) मैसर्स शक्ति इंडस्ट्रीज इसके प्रोपराईटर श्री आनन राज सिंह (उधारकर्ता), (।।) श्री आनन राज सिंह पुत्र श्री घनश्याम सिंह (सह-उधारकर्ता) और (।।।) श्री मुरलीधर सिंह पुत्र स्वर्गीय बृंदा सिंह (सह-उधारकर्ता एवं बंधककर्ता)।** से एचडीएफसी बैंक लिमिटेड प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि रु. **10,92,077/-** दिनांक 06.09.2021 तक और साथ में भविष्य का ब्याज एवं लागू प्रभार इत्यादि की वसूली हेतु "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर दिनांक **04.04.2025** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य रु. **21,84,000/-** और जमा धरोहर राशि रु **2,18,400/-** होगी।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

यूनिट नं.ए1/301, टाइप ग्रेट, ब्लॉक नं. ए1 की तीसरी मंजिल पर, सहारा सिटी होम्स, हरदोई बाईपास रोड पर स्थित, लखनऊ के पास, लगभग 74.21 वर्ग मीटर का सुपर एरिया, तहसील बख्शी का तालाब, जिला लखनऊ

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट https://www.hdfcbank.com/personal/resources/Important-notices में दिए गए लिंक को देखें।

**दिनांकः 05.03.2025, स्थानः लखनऊ** प्राधिकृत अधिकारी, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री का नाम स्पेलिंग की गलती के कारण स्कूल अभिलेखों में आरोही सिंह (Arohi Singh) गलत अकित हो गया है सही नाम आरोही सिंह (Aarohi Singh) है। सत्यप्रकाश सिंह निवासी-भटगावां, दौलताबाद जिला-आजमगढ़ यू.पी.

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम रेखा सर्राफ था, जो अब बदल कर मैंने रेखा अग्रवाल कर लिया है। अब मुझे रेखा अग्रवाल के नाम से जाना व पहचाना जाए। रेखा अग्रवाल पत्नी सुशील कुमार अग्रवाल निवासी 377 प्रभु कृपा रानी मंडी प्रयागराज।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम सुशील कुमार सर्राफ था, जो अब बदलकर मैंने सुशील कुमार अग्रवाल कर लिया है। अब मुझे सुशील कुमार अग्रवाल के नाम से जाना व पहचाना जाए। सुशील कुमार अग्रवाल पुत्र श्यामसुंदर अग्रवाल निवासी 377 प्रभु कृपा रानी मंडी प्रयागराज।

सूचना

मैं आदित्य श्रीवास्तव पुत्र प्रशान्त कुमार श्रीवास्तव निवासी 127/570W-1, साकेत नगर कानपुर, मेरा पूर्व में नाम आदित्य सागर श्रीवास्तव दर्ज है अतः आज से मुझे आदित्य श्रीवास्तव के नाम से जाना पहचाना जाए।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जता है कि त्रुटिवश मेरे पुत्र अर्थव तिवारी का नाम LIC की पालिसी संख्या 226598247 में आरूष तिवारी हो गया है जो कि घरेलू नाम है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों में अर्थव तिवारी दर्ज है। सही नाम अर्थव तिवारी है। प्रवीण कुमार तिवारी निवासी 268/66 तकिया लेबर कालोनी, ऐशबाग, लखनऊ, उ.प्र.।

## आठ आईपीएस अधिकारियों के तबादले

लखनऊ। राज्य सरकार ने मंगलवार को आठ आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इनमें आईजी-डीआईजी स्तर के भी अधिकारी शामिल हैं। बलिया में वसूली कांड के बाद हटाए गए देवरंजन वर्मा को भी तैनाती मिल गई है। हालांकि उन्हें कम महत्वपूर्ण पद रूल्स और मैनुअल में डीआईजी बनाया गया है। वाराणसी में तैनात आईपीएस डॉ. के एजिलरसन को ज्वाइंट पुलिस आयुक्त के पद से अब पुलिस महानिरीक्षक यूपी-112 की जिम्मेदारी दी गई है। मनोज कुमार सोनकर को पुलिस उपमहानिरीक्षक एटीएस लखनऊ के पद से पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी वाराणसी भेजा गया है। शगुन गौतम पुलिस अधीक्षक सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ से पुलिस अधीक्षक एपीटीसी सीतापुर भेजे गए हैं। राजेश कुमार सिंह को पुलिस उपमहानिरीक्षक कमिश्नरेट कानपुर नगर से संयुक्त पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी में तैनाती दी गई है। बलिया में वसूली प्रकरण के बाद हटाए गए उपमहानिरीक्षक देवरंजन वर्मा अभी तक प्रतीक्षारत थे। उन्हें अब पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में डीआईजी रूल मैनुअल बनाया गया है। आशीष श्रीवास्तव को पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर से पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ भेजा गया है। अपर्णा गुप्ता को पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ से लखनऊ में ही तैनाती दी गई है। पुलिस मुख्यालय में अधीक्षक बनाई गई हैं। इसी तरह सूरज कुमार राय को पुलिस उपायुक्त आगरा कमिश्नरेट से सेनानायक 6वीं वाहिनी पीएसी मेरठ भेजा गया है।

# लगातार खुल रही है भाजपा सरकार के झूठ की पोल :अखिलेश यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के झूठ और लूट की पोल लगातार खुल रही है। सरकार में निवेश के नाम पर जनता को धोखा दिया। इनकी धोखाधड़ी लगातार सामने आ रही है। सरकार ने बिना जांच पड़ताल के फर्जी कम्पनियों से एमओयू किया। भाजपा सरकार ने इन्वेस्टर समिट के नाम पर लाखों करोड़ के निवेष का दावा किया लेकिन जमीन पर कहीं निवेष नहीं दिखाई देता है।



अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार का झूठ का गुब्बारा अब हर दिन नए-नए रूप में दिखाई दे रहा है। सरकार बिना सोचें समझे झूठ का रिकार्ड बनाने के लिए जो जहां मिल गया उसे बुलाकर एमओयू कर लिया। अब एमओयू को लेकर जो जानकारियां आ रही है वह बेहद गंभीर है। सरकार की नीयत को उजागर करती है। प्रदेश के 75 जिलों में डाटा सेंटर बनाने का जिम्मा लेने वाली ब्यू नाऊ मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड और ब्यू नाऊ इंफ्राटेक फर्जी निकली। एमओयू की आड़ में मास्टर माइंड निवेशकों से हजारों करोड़ रूपये ठगकर विदेश भाग रहा था। इससे पहले भी खबरें आयी थी कि अमेरिका के जिस विश्वविद्यालय के पास छात्र नहीं थे प्रदेश सरकार ने उसके साथ नॉलेज पार्क के नाम पर एमओयू कर लिया। यादव ने कहा कि इन्वेस्टर मीट में सरकार के तमाम निवेशक मेहमान दोबारा लौटे ही नहीं। सरकार ने इन्वेस्टर मीट के नाम पर जनता की आंख में धूल झोंका, भाजपा सरकार बेईमानी की नीति पर चल रही है। ठगी और बेईमानी का धंधा जोरो पर है। भाजपा सरकार प्रदेश की जनता से असत्य बोलकर धोखा दे रही है। इसके फर्जी निवेशक भी वही कर रहे हैं। सरकार ने अपनी पीठ थपथपाने के लिए धोखेबाजों और ठगों को संरक्षण देते हुए तमाम झूठे एमओयू कर लिए हैं। प्रदेश में भाजपा सरकार में एक भी उद्योग नहीं लगा और जो उद्योग पहले से लगे थे वे भी या तो बंद हो गये हैं या फिर बिक रहे है। किसी नौजवान को नौकरी नहीं मिल रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नौजवानों को नौकरी रोजगार नहीं दे रही है, सिर्फ सपने दिखा रही है। आठ साल की सरकार में भाजपा का एक भी कार्य कहीं दिखाई नहीं दे रहा है। प्रदेश की प्रदेश की जनता भाजपा के चाल और चरित्र और चेहरे को अच्छी तरह से समझ गयी है। 2027 के विधानसभा चुनाव में इनके झूठ के गुब्बारे की हवा पूरी तरह से निकालकर इन्हें जमीन पर पटक देगी।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

मण्डलीय कार्यालय लखनऊः न्यू बिल्डिंग, द्वितीय तल, हजरतगंज, लखनऊ-226001
फोनः 0522-2286272, 2287283, फैक्सः 0522-2288033, ई-मेलः zolucknow@indianbank.co.in

**मांग सूचना**

**सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट, 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निमाण की धारा 13(2) के तहत नोटिस**

जबकि, **इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सरफेसी एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत निम्न ऋणियों कों मांग सूचना भेजी गई थी। चूंकि डाक द्वारा भेजी गये उक्त नोटिस को प्राप्तकर्ता के प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त नहीं किया गया। अतः इस प्रकाशन के माध्यम से ऋणियों को नोटिस प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर दर्शायी गयी राशि का भुगतान करने की मांग की जाती है अन्यथा सरफेसी एक्ट की धारा 13(12) तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 8 व 9 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अन्तर्गत बैंक चल/अचल सम्पत्ति का कब्जा लेकर बिक्री कर देगा। उधारकर्ता(ओं)/जमानतकर्ता(ओं) को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यता एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस चल/अचल सम्पत्ति में कोई लेन-देन न करें और इससे किसी प्रकार का लेन-देन बकाया राशि और उस पर निहित अप्रायोजित ब्याज एवं अन्य खर्चे हेतु **इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)** के अध्याधीन होगा।

| क्र. सं. | ऋणकर्ता(ओं)/ज़मानतकर्ता(ओं) का नाम व पता/मांग सूचना की तिथि | बकाया धनराशि (रू) / एनपीए तिथि | सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| शाखाः हजरतगंज शाखा | | | |
| 1. | 1. मेसर्स आरवीके इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड (कंपनी/बंधककर्ता), कार्यालय का पताः 610/46/18ए, सीतापुर रोड, सुरभि पब्लिक स्कूल के पास, केशव नगर, लखनऊ- 226020 **फैक्टरी का पताः** बी-55, इण्डस्ट्रियल एरिया, संडीला- II, तहसील/परगना- संडीला, ग्राम समोधा, संडीला, हरदोई-241204<br>2. श्री सूर्यांश पाल पुत्र विनोद कुमार पाल (निदेशक/जमानतकर्ता), 610/46/18ए, सीतापुर रोड, सुरभि पब्लिक स्कूल के पास, केशव नगर, लखनऊ- 226020<br>3. श्री दिव्यांश पाल पुत्र विनोद कुमार पाल (निदेशक/जमानतकर्ता), 610/46/18ए, सीतापुर रोड, मायापुरी कॉलोनी, सुरभि पब्लिक स्कूल के पास, केशव नगर, लखनऊ- 226020<br>4. श्री देव प्रकाश मिश्र पुत्र सच्चिदा नन्द मिश्र (निदेशक/जमानतकर्ता), 47, उस्का रोड, जीपीएम हॉस्पिटल, आजाद नगर, तेतरी बाजार, सिद्धार्थनगर-272207<br>5. श्रीमती कालिंदी पाल (निदेशक/जमानतकर्ता/बंधककर्ता), 610/46/18ए, सीतापुर रोड, सुरभि पब्लिक स्कूल के पास, केशव नगर, लखनऊ- 226020<br>6. श्री विनोद कुमार पाल पुत्र राजा राम पाल (प्रमोटर/जमानतकर्ता), 610/46/18ए, सीतापुर रोड, मायापुरी कॉलोनी, सुरभि पब्लिक स्कूल के पास, केशव नगर, लखनऊ- 226020<br>**मांग सूचना की तिथिः 18.02.2025** | रू. 1,86,03,394.15 दिनांक 17.02.2025 से प्रभावी + ब्याज एवं अन्य शुल्क<br>एनपीए तिथिः 17.02.2025 | 1. लीज डीड संपत्ति के सभी भाग व खण्ड स्थित प्लॉट संख्या बी-55, इण्डस्ट्रियल एरिया, संडीला चरण- II, ग्राम- समोधा, जिला हरदोई, क्षेत्रफल 3200.00 वर्ग मीटर, **मालिकः** मेसर्स आरवीके इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड CERSAI संपत्ति आईडीः 200063413129, CERSAI सिक्योरिटी आईडीः 400062636019 **विलेख के अनुसार चौहद्दीः उत्तरः** 30 मीटर चौड़ी सड़क सं. 03, **दक्षिणः** प्लॉट सं. बी-51, **पूर्वः** प्लॉट सं. बी-54, **पश्चिमः** प्लॉट सं. बी-56<br>2. संपत्ति के सभी भाग व खण्ड स्थित मकान निर्मित प्लॉट सं. 34 एवं 35, मिनजुमला खसरा सं. 358, फैजुल्लागंज, लखनऊ, क्षेत्रफल 139.405 वर्ग मीटर, **मालिकः** श्रीमती कालिंदी पाल पत्नी श्री विनोद कुमार पाल CERSAI संपत्ति आईडीः 200032960682, CERSAI सिक्योरिटी आईडीः 400033015026 **विलेख के अनुसार चौहद्दीः उत्तरः** संदीप अग्रवाल एवं भूपेश चंद्र लिटिल की संपत्ति, **दक्षिणः** श्रीमती नीलम दीक्षित की संपत्ति, **पूर्वः** अविनाश चंद्र लिटिल का मकान एवं जय सिंह राणा का प्लॉट, **पश्चिमः** 20 फीट रोड |

दिनांकः 05.03.2025 स्थानः लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)

# एलडीए पोर्टल पर दिखेगी लैंड यूज रिपोर्ट ऑनलाइन शुल्क जमा कर मिलेगी एनओसी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● मंडलायुक्त ने एलडीए की वेबसाइट को आकर्षक व यूजर फ्रेंडली बनाने के निर्देश दिए

**लखनऊ** विकास प्राधिकरण का नया पोर्टल व वेबसाइट अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस होंगे। इससे न सिर्फ वेबसाइट का रिस्पॉन्ड टाइम बेहतर हो जाएगा, बल्कि किसी भी तरह की इंट्री को ऑनलाइन ट्रेस करके सत्यापित किया जा सकेगा। सुरक्षा के लिहाज से भी नया सॉफ्टवेयर फुल प्रूफ होगा और इसमें डाटा का संरक्षण बेहतर तरीके से किया जा सकेगा। इसके लिए ईआरपी (इंटीटी रिसोर्स प्लानिंग) सॉफ्टवेयर विकसित किया जा रहा है।

प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं मण्डलायुक्त रौशन जैकब ने पारिजात सभागार में बैठक करके एलडीए में प्रचलित आईटी सम्बंधी कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि पोर्टल को जन सामान्य के लिहाज से आकर्षक व यूजर फ्रेंडली बनाने के साथ ही सिटिजन सर्विसेज को उच्चीकृत किया जाए। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बैठक में बताया कि प्राधिकरण में जो ईआरपी सॉफ्टवेयर चल रहा है। उसकी टेक्नोलॉजी कई वर्ष पुरानी है। वर्तमान में यह टेक्नोलॉजी प्रचलित नहीं है और इनका कम्यूनिटी सपोर्ट भी बंद हो चुका है। इस ईआरपी में जीयूआई (ग्राफिकल यूजर इंटरफेस) न तो यूजर फ्रेंडली है और न ही आज के मानकों पर खरा उतरता है। इसके अलावा प्राधिकरण द्वारा जब भी आवासीय-व्यावसायिक योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन खोले जाते हैंए तब वेबसाइट पर अत्याधिक ट्रैफिक बढ़ने से वेब पोर्टल पर रिस्पाइंड टाइम धीमा हो जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण के लिए नया वेब पोर्टल विकसित किया जा रहा हैए जोकि पहले की तुलना में कहीं अधिक उपयोगी होगा। इसके अंतर्गत पूर्व में प्रचलित सभी सेवाओं का सरलीकरण किया जा रहा हैए जिससे लोग आसानी से डिजिटल सेवाओं का लाभ उठा सकें।



### आधार बेस्ड सत्यापन की सेवा भी होगी

विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी ने अवगत कराया कि नवीनतम टेक्नोलॉजी पर संचालित ईआरपी में प्लानिंग, सम्पत्ति, अभियंत्रण, वित्त एवं लेखा, मानव संसाधनए अभिलेखागार, अनुरक्षणए विधि व जनसूचना आदि अनुभागों के मॉड्यूल विकसित किये जा रहे हैं। इसमें पेमेंट गेट.वेए डिजिटल सर्टीफिकेट, डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट सिस्टमए आधार बेस्ड वेरीफिकेशन जैसी अन्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। यह दिसंबर 2025 तक पूर्ण रूप से संचालित हो जाएगा।

### नए सॉफ्टवेयर में डाटा रहेगा सुरक्षित

सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुराने सॉफ्टवेयर में तकनीकि खामियों के चलते डाटा की सुरक्षा सुदृढ़ नहीं थी। अब नया सॉफ्टवेयर विकसित करते हुए सारा डाटा उसमें माइग्रेट किया जा रहा हैए जोकि पूरी तरह सुरक्षित होगा और इसमें किसी भी तरह की छेड़छाड़ की संभावना नहीं रहेगी। किसी भी फाइल को आसानी से ट्रेस किया जा सकेगा। इसके अलावा नये सॉफ्टवेयर में व्हाट्सएप बॉट, चैटबॉट व डिजीलॉकर जैसे वर्तमान में प्रचलित टूल्स के साथ.साथ और भी नये फंक्शन्स संचालित हो सकेंगे।

# यूपीएसआईएफएस में दो दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

## ● स्वयं के साथ अन्य को स्वस्थ्य रहने के लिए भी प्रेरित करें: डॉ. जीके गोस्वामी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में मंगलवार से दो दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक राजीव मल्होत्रा, उप निदेशक चिरंजिब मुखर्जी, प्रशासनिक अधिकारी अतुल यादव, जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक बृजेश सिंह सहित संस्थान के सभी छात्र छात्रायें उपस्थित रहीं। चिकित्सा शिविर का उद्घघाटन यूपीएसआईएफएस के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने किया। चिकित्सा शिविर में चिकित्सकों से परामर्श लेने आये लोगों को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल कुमार एवं डॉ. अतिबुल्लाह खांन ने उनके ब्लड टेस्ट, ब्लड प्रेशर मापने और ईसीजी रिपोर्ट के बाद चिकित्सीय परामर्श दिये। इस अवसर पर डॉ. जीके गोस्वामी ने



कहा कि हमारे जीवन में स्वास्थ्य सर्वोत्तम है जब तक हम स्वस्थ्य नहीं होगे तब तक हम अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर पायेंगे उसके लिए स्वास्थ्य जरूरी है। सर्वप्रथम हम स्वयं स्वस्थ रहें और इसके बाद अपने आस-पास में रहने वालें लागों को भी स्वस्थ्य रहने के लिए प्रेरित करते रहें। उन्होंने कहा कि आज हर इंसान सभी कार्यों को तो समय दे देता है लेकिन अपने स्वास्थ्य के प्रति बेहद लापरवाही बरतता है जो जीवन के लिए खतरनाक साबित होता हैद्य मुझे बेहद खुशी हो रही है कि इस चिकित्सा शिविर में आस-पास रानीपुर दरोगा खेडा सहित अन्य गांव के नागरिकों द्वारा भी चिकित्सकों से हृदय रोग के विषय में जांच एवं परामर्श लिया जा रहा है। निशुल्क चिकित्सा शिविर में आज लगभग डेढ़ सौ से अधिक संख्या में लोगों ने चिकित्सीय जांच परामर्श लिया।

# ट्रैफिक के लिए बाधा बन रही निर्माण सामग्री व मलबा तुरंत हटाया जाए: डीएम



● जिलाधिकारी विशाख जी. ने निर्माणाधीन लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जिलाधिकारी** विशाख जी ने निर्माणाधीन लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे का निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत जिलाधिकारी ने नादरगंज से करते हुए, अमौसी, दरोगाखेड़ा, गौरीबाजार, जुनाबगंज तक के रूट का निरीक्षण करते हुए जरूरी निर्देश दिए। इसके के बाद जिलाधिकारी ने एनआईसी सभागार कलेक्ट्रेट लखनऊ में कानपुर रोड निर्माण कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा में जिलाधिकारी ने बताया किए गए निरीक्षण में एक्सप्रेस वे के पिलर नंबर 61 से 70 तक फ्लाईओवर के नीचे के कैरेज वे पर निर्माण सामग्री और मलबा पड़ा होने के कारण यातायात बाधित होता है। इसी प्रकार दरोगा खेड़ा में पिलर नंबर 52 से 73 तक सर्विस रोड पर अतिक्रमण है और पिलर नंबर 155 से आगे तक की सर्विस रोड क्षतिग्रस्त है और निर्माण सामग्री मलबा आदि के कारण रोड ब्लाक है। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने पीडी एनएचएआई और कार्यदाई संस्था पीएनसी को निर्देश दिए गए की फ्लाईओवर के नीचे के कैरेज वे पर जो भी निर्माण सामग्री और मलबा पडा है जो ट्रैफिक के लिए बाधा बन हुए है, उसे तत्काल हटवाकर सर्विस रोड को मोटरबुल कराना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने बैठक में विद्युत विभाग से नादर गंज चौराहे पड़ी विद्युत केबिल की शिफ्टिंग के बारे में जानकारी की। अधिशासी अभियंता कानपुर रोड को निर्देशित किया कि लाइन की शिफ्टिंग के लिए कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित की जाए, ताकि शिफ्टिंग उपरांत ड्रेन का कार्य किया जा सके। इसके बाद जिलाधिकारी ने बैठक में यातायात व्यवस्था के लिए लगाए गए ट्रैफिक मार्शल के सम्बन्ध में भी विचार विमर्श किया। जिलाधिकारी ने बताया कि आज सुबह के निरीक्षण के दौरान किसी भी चौराहे पर ट्रैफिक मार्शल की उपस्थिति नहीं पाई। चौराहों पर ट्रैफिक मार्शल की उपस्थिति न होने के कारण यातायात प्रभावित होता है। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने पीडी को निर्देश दिए की नादरगंज, गौरीबाजार, दरोगा खेड़ा, जुनाबगंज आदि चौराहों पर 12- 12 घंटे की शिफ्ट में ट्रैफिक मार्शल की तैनाती करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही तैनात किए गए मार्शल के नाम मोबाईल नंबर की सूची डीसीपी ट्रैफिक को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह, अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति ज्योति गौतम, पीडी एनएचएआई सौरभ चौरसिया, उप जिलाधिकारी सरोजनीनगर डॉ सचिन वर्मा, लोक निर्माण, नगर निगम सहित विभिन्न विभागों ने प्रतिभाग किया।

### शिफ्ट की जाए गौरी बाजार में लगने वाली साप्ताहिक बाजार

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा गैरी बाजार में लगने वाले साप्ताहिक बाजार को उससे उत्पन्न होने वाली ट्रैफिक समस्या पर अन्यत्र शिफ्ट किए जाने से संबंधित बिंदु पर भी विचार विमर्श किया। वर्तमान में सप्ताह में 2 दिन गौरीबाजार लगती है और अत्यधिक भीड़ होने के कारण यातायात बाधित होता है। जिसके लिए गौरी बाजार को वर्तमान स्थान से थोड़ा आगे स्कूटर इंडिया के सामने वाले रोड के पास शिफ्ट करने की कार्यवाही नगर निगम द्वारा की जा रही है। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने नगर निगम और नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि दोनों तालाबों के पानी को ड्रेन आउट करके पीएनसी ने मिट्टी डाल कर ग्राउंड की लेवलिंग करना सुनिश्चित किया जाएं। साथ ही उप जिलाधिकारी सरोजनीनगर को निर्देश दिए गए की ग्राउंड की लेवलिंग आदि का कार्य शीघ्र पूरा कराते हुए बाजार को शिफ्ट कराना सुनिश्चित किया जाए।

### एक-एक हाइड्रा उपलब्ध कराने के निर्देश

बैठक में जिलाधिकारी ने एनएचएआई को निर्देश दिए कि जिन स्थानों में यातायात व्यवस्था बाधित होने की संभावना है जैसे बिजनौर, बाबू खेड़ा, नादर गंज, सरोजनीनगर आदि थाना क्षेत्रों में एक एक हाइड्रा उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि जुनाब गंज तिराहे से बाबू खेड़ा मार्ग की मरम्मत, बाबू खेड़ा तिराहे से बिजनौर अंडरपास के पास सड़क की मरम्मत शीघ्र कराते हुए सड़क को मोटरबुल करना सुनिश्चित किया जाए। इसके के साथ ही पीडी एनएचएआई को निर्देश दिए कि रिंग रोड के पास लाइटिंग, क्रास बैरियर आदि की व्यवस्था को सुनिश्चित कराया जाए।

# ढाई साल से जवाब दाखिल नहीं करने पर सरकार पर लगाया गया हर्जाना

विधि संवाददाता। लखनऊ

## ● भूमि अधिग्रहण की क्षतिपूर्ति में भेदभाव का मामला

**अयोध्या में भूमि** अधिग्रहण के एक मामले में ढाई साल से समय दिए जाने के बावजूद जवाब दाखिल नहीं करने पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सख्त रूख अपनाया है। पीठ ने राज्य सरकार पर 15 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। कहा है कि हर्जाने की यह रकम जमा कर अगले तीन हफ्ते में सरकार अपना जवाब दाखिल कर सकती है। पीठ ने स्पष्ट किया कि इस समय सीमा के बाद सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए और मौका नहीं दिया जाएगा।

जस्टिस राजन राय एवम जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ल की पीठ ने यह आदेश जयंती चौधरी व अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है। पीठ ने कहा है कि अपने जवाब में सरकार स्पष्ट बताए कि संयुक्त गाटे में एक खाता धारक को 1280 रुपए प्रति हेक्टेयर के दर से क्षतिपूर्ति दी गई तो वहीं अन्य खातेदारों को 748 रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से दिया गया है। पीठ ने सरकार से पूछा है कि यह भेदभाव क्यों किया गया है। नौ मई 2022 को ही पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को जवाब दाखिल करने का मौका दिया था। लेकिन अब तक जवाब दाखिल नहीं किया गया है।

# एकेटीयू से अब वर्किंग प्रोफेशनल भी कर सकेंगे बीटेक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● बीसीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इंटरमीडिएट में गणित की अनिवार्य खत्म

**डॉ. एपीजे अब्दुल** कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से अब वर्किंग प्रोफेशनल भी बीटेक कर सकेंगे। ऐसे लोगों को लेटरल एंट्री की अर्हता के साथ बीटेक में प्रवेश दिया जाएगी। इनकी कक्षाएं शाम को संचालित की जाएंगी। कोर्स पूरा करने के लिए इन्हें एक अतिरिक्त सेमेस्टर की भी पढ़ाई करनी होगी। मंगलवार को विवि में सम्पन्न हुई विद्यापरिषद की बैठक ने इस पर मुहर लगा दी है।विवि के कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में विद्यापरिषद की बैठक हुई। बैठक में महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए बीटेक पाठ्यक्रम के सातवें सेमेस्टर का 50 फीसदी और आठवे सेमेस्टर को पूरी तरह से ऑनलाइन कक्षा चलाने को हरी झंडी दी गयी है। यह निर्णय अंतिम वर्ष में छात्रों के इंटर्नशिप, प्रोजेक्ट कार्य, इंडस्ट्री में काम करने और सिविल सर्विसेस, गेट आदि प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के मद्देनजर लिया गया है। मूक्स के जरिये छात्र अपनी सुविधानुसार कक्षाएं कर सकेगा। बैठक में एआईसीटीई के अनुसार अधिकतम 40 प्रतिशत क्रेडिट के कोर्स मूक्स के जरिये चलाये जाने का भी निर्णय लिया गया है। मूक्स पर ज्यादातर इंडस्ट्री ओरिएंटेड और रोजगार परक कोर्स उपलब्ध हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए डुएल डिग्री के प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया। छात्र एकेटीयू अलावा ऑनलाइन माध्यम से किसी अन्य विश्वविद्यालय से डिग्री ले सकता है। बैठक में बीसीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इंटरमीडिएट में गणित की अनिवार्य को अब खत्म कर दिया गया है। 12वीं पास कोई भी छात्र बीसीए में प्रवेश ले सकता है। हालांकि प्रथम वर्ष में उसे गणित में ब्रिज कोर्स कराया जाएगा। वहीं डिग्रियों को सुरक्षित रखने के लिए अब पूरी तरह से ब्लॉकचेन तकनीकी के इस्तेमाल करने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दी गयी। यूपीआईडी नोएडा में संचालित एमबीए पाठ्यक्रम की 50 फीसद सीट वर्किंग प्रोफेशनल के लिए आरक्षित पर सैद्धांतिक सहमति बनी। बैठक में प्रतिकुलपति प्रो राजीव कुमार, आईईटी के निदेशक प्रो विनीत कंसल, सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज के निदेशक प्रो वीरेंद्र पाठक डीन यूजी प्रो अनुराग त्रिपाठी, डीन पीजी प्रो सीतालक्ष्मी, डीन यूपीटीएसी प्रो ओपी सिंह, उपकुलसचिव डॉ डीपी सिंह, सहाकुलसचिव डॉ आयुष श्रीवास्तव, एसो डीन यूजी डॉ अनुराग वर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# बच्चों के लिए स्वस्थ वातावरण बनाने का प्रयास करें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विश्व मोटापा दिवस** के मौके पर मंगलवार को लखनऊ बालरोग अकादमी ने स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए लोहिया पार्क, गोमतीनगर में वॉकथॉन आयोजित किया। कार्यक्रम में 50 से अधिक प्रतिष्ठित बाल रोग विशेषज्ञों, माता-पिता और बच्चों ने वॉकथॉन में भाग लिया, और इस वर्ष के नारे का संदेश फैलाया, अपने स्वस्थ स्वरूप की ओर बढ़ें। कार्यक्रम में बचपन में मोटापे से निपटने के लिए नियमित शारीरिक गतिविधि, संतुलित पोषण और शीघ्र हस्तक्षेप के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. शालिनी भसीन ने कहा कि इस वर्ष की थीम है ट्रांसफ़ॉर्मिंग सिस्टम, स्वस्थ जीवन, जो कि बच्चों में मोटापे को रोकने और प्रबंधित करने



के लिए प्रणालीगत परिवर्तनों की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। बचपन में मोटापा एक बढ़ती चिंता का विषय है, जो अब भारत में भी है, जिससे मधुमेह, उच्च रक्तचाप और डिप्रेशन जैसे दीर्घकालिक स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो रहे हैं। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सलमान खान ने बताया कि बाल रोग विशेषज्ञों के रूप में परिवारों, स्कूलों और नीति निर्माताओं के साथ मिलकर एक ऐसा वातावरण बनाना चाहिए जो बच्चों के लिए स्वस्थ विकल्पों का समर्थन करता हो। बाल चिकित्सा एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. लोकेश शर्मा ने बताया कि माता-पिता, स्कूलों और समुदायों को बच्चों को सक्रिय खेल में शामिल करने, स्क्रीन समय कम करने और स्वस्थ खाने की आदतें विकसित करने के लिए सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। डॉ. एसी चावला ने सभी बालरोग विशेषज्ञों से बच्चों के वजन और ऊंचाई की निगरानी नियमित रूप से करने का आग्रह किया। अकादमी के सचिव डॉ. उत्कर्ष बंसल ने कहा कि हमारा सरकार और आम जनता से अपील है कि बच्चों के लिए स्वस्थ वातावरण बनाने का प्रयास करें।

# 50 हजार रुपए का इनामी असलहा तस्कर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ ने** लखनऊ से वांछित 50 हजार के इनामी असलहा तस्कर साहब मिश्र उर्फ मनोज कुमार को जनपद सुलतानपुर से गिरफ्तार किया है। जो ग्राम बैंतीखुर्द, तमरसेपुर, थाना चान्दा, सुलतानपुर का रहने वाला है।

एसटीएफ को सूचना मिली कि असलहा तस्करी करने वाले गिरोह का सदस्य एवं जनपद लखनऊ के थाना पारा, लखनऊ से वांछित 50 हजार का पुरस्कार घोषित अभियुक्त साहब मिश्र उर्फ मनोज कुमार थानाक्षेत्र चान्दा जनपद सुलतानपुर में मौजूद है। इस सूचना पर एसटीएफ द्वारा ग्राम बैंतीखुर्द, तमरसेपुर, थाना चांदा, जनपद सुलतानपुर से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि वह 2021 से



अवैध शस्त्र फैक्ट्रीमेड पिस्टल की तस्करी के कार्य में संलिप्त था। वह अवैध शस्त्रों को मनीष गुप्ता के माध्यम से मंगवाता था, जिस हेतु प्रति पिस्टल 20,000 रुपए के हिसाब से मनीष गुप्ता से खरीद कर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 30 हजार में सप्लाई करता रहा है। मनीष गुप्ता ग्वालियर, मध्य प्रदेश निवासी खरगौन, मध्य प्रदेश के किन सिंह सरदार से अवैध शस्त्र लेकर सप्लाई करता है।

## बारात में विवाद के बाद चाचा-भतीजे को पीटा, केस दर्ज

संवाददाता। मोहनलालगंज

**गौरा गांव में** बाइक की आवाज को लेकर बारात में आए युवक का कुछ लोगों से विवाद हो गया। जिसे लेकर उन लोगों ने युवक की पिटाई कर दी।



उसे बचाने दौड़े भतीजे की भी पिटाई कर ग्रामीणों ने सिर फोड़ दिया। मामला सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्नाव जिले के डंडसी निवासी राकेश कुमार सोमवार की शाम गौरा गांव की बारात में आए थे। राकेश के मुताबिक बुलेट के शोर को लेकर कुछ लोगों ने उनके भतीजे आकाश से कहासुनी के बाद उसकी पिटाई कर दी। बीच बचाव के दौरान आरोपियों ने राकेश की भी पिटाई शुरू कर दी। बचने के लिए वह एक मकान में घुस गए लेकिन आरोपियों ने उन्हें वहां भी नही छोड़ा और पिटाई कर सिर फोड़ दिया। लहूलुहान हालत में राकेश कुमार को सीएचसी ले जाकर भर्ती कराया गया।

# कैंसर रोगियों में मार्फीन का उपयोग सावधानी से करें, लग सकती है आदत

## ● लगभग 50 प्रतिशत कैंसर रोगियों में दर्द की दवा की जरूरत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कैंसर के लगभग** 50 से 55 प्रतिशत रोगियों में दर्द की शिकायत रहती है। इन रोगियों में दर्द निवारक दवाओं का प्रयोग किया जाता है। यह दर्द कई बार सामान्य दवाओं से ठीक नहीं होता। दर्द का उपचार यदि वैज्ञानिक रूप से किया जाए तो ना केवल रोगी को दर्द से मुक्ति मिलेगी अपितु उसके शरीर को नुकसान भी कम पहुंचेगा।मंगलवार को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के रेडियोथेरेपी विभाग की तरफ से नर्सिंग ऑफिसर्स को दर्द निवारक दवाओं के उपयोग की ट्रेनिंग प्रदान की गई। ट्रेनिंग के दौरान निश्चेतना विभाग से डॉ सरिता ने कहा कि मार्फिन का उपयोग काफी



सावधानी से करना चाहिए। कैंसर के रोगियो में यह कारगर है। रोगी को इस दवा की आदत पड़ सकती है। इसकी मात्रा को नियंत्रण में रखना चाहिए। नसों में जितनी मात्रा में दवा काम करती है उससे तीन गुनी खुराक की जरूरत खाने वाली दवा में पड़ती है।रोगी से प्यार भरा संवाद एक उपचार है। ना तो रोगी को बेवजह की मीठी बातों से दिल खुश करने वाली बात करें और ना ही बुरी सच्चाई को उसके सामने जग जाहिर करें। नियंत्रित वाणी उपचार को सकारात्मक बनाती है। उदाहरण के तौर पर रोगी को कहें कि हम उपलब्ध चिकित्सा विकल्प में जो सर्वश्रेष्ठ है, आपके लिए कर रहे हैं, आशा है परिणाम सुखद रहे। इस प्रकार का वार्तालाप मनोबल तो बढ़ाता ही है, रोगी को उपचार पूरा करने में भी सहायक रहता है। दर्द की दवाइयां गुर्दे को नुकसान पहुंचा सकती हैं। गुर्दे की बिगड़ी स्थिति में दर्द दवा गुर्दे को खराब कर सकती है, जो जानलेवा हो सकता है। इसके अतिरिक्त कोर्स में घाव की देखभाल के बारे में भी बताया गया। कैंसर के घाव को फटने से रोकना चाहिए। यह रोगी की क्वॉलिटी आफ लाईफ बहुत हद तक बढ़ाता है।

## एसपीईएल 2.0 के तहत छात्रों ने जानी पुलिस की कार्य प्रणाली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ विश्वविद्यालय** के एसपीईएल 2.0 (स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरिएंसल लर्निंग) छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम के अंतर्गत मंगलवार को लखनऊ के पांच थानों महानगर थाना, अलीगंज थाना, हसनगंज थाना, कैसरबाग थाना तथा जानकीपुरम थाना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को पुलिस कार्य प्रणाली कानूनी जागरूकता के बारे पुलिस द्वारा व्यवहारिक ज्ञान से अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर महानगर थाने में एसपीईएल प्रोग्राम के एनएसएस नोडल तथा एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी डॉक्टर आनंद बल्लभ जोशी एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर महानगर थाने के एसएसआई गजेंद्र सिंह द्वारा विद्यार्थियों को पुलिस कार्यप्रणाली तथा कानूनी जागरूकता के बारे में बताया गया।

# बुनियादी ढांचे पर करोड़ों खर्च, गर्मियों में बेहतर विद्युत आपूर्ति की तैयारी

संवाददाता। मोहनलालगंज

**उपभोक्ताओं को** गर्मियों में बेहतर विद्युत आपूर्ति मुहैया कराने के लिए बिजली विभाग ने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर खासा जोर दिया है। बिजनेस प्लान और आरडीएसएस के तहत जर्जर तार बदलने और ट्रांसफार्मर की क्षमतावृद्धि करने पर करोड़ों रुपए खर्च पर किए गए हैं। इसके अतिरिक्त विद्युत उपकेंद्रों की भी क्षमतावृद्धि की गई है। मोहनलालगंज खण्ड में इस बार गर्मियों से पूर्व सभी विद्युत उपकेंद्रों से पोषित लाइनों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का अभियान चलाया गया है। आरडीएसएस के तहत बिजली विभाग ने गोसाईंगंज में जर्जर तार बदलकर 4800 मीटर नया एबीसी लगवाया गया है। जबकि खुले और जर्जर तारों की जगह समूचे खण्ड में 120 किलोमीटर एबीसी लगाया गया है। इसके अतिरिक्त 11 केवी लाइन में 322 किलोमीटर जर्जर तार बदलकर नए तार लगवाए गए हैं। यही नही जर्जर पोल और ढीले तारों को दुरुस्त करने के लिए 4453 नए पोल लगवाए गए हैं। बिजनेस प्लान के अन्तर्गत गोसाईंगंज में 108 समेसी में 57 अमेठी में 40 और मोहनलालगंज में 25 नए ट्रांसफार्मर लगवाए गए हैं। जिसमें 63 केवीए से लेकर 250 केवीए तक के ट्रांसफार्मरों की क्षमतावृद्धि की गई है। समेसी और मोहनलालगंज पुराने उपकेन्द्र की क्षमतावृद्धि भी की गई है। इसके अतिरिक्त मोहनलालगंज नगर पंचायत में अतिरिक्त बिजनेस प्लान के तहत 24 ट्रांसफार्मर की क्षमतावृद्धि का प्रस्ताव भी मंजूर किया गया है।

### सिसेंडी में जल्द बनेगा विद्युत उपकेन्द्र

मोहनलालगंज के सिसेंडी में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र निर्माण को मंजूरी मिल चुकी है। राजस्व विभाग ने उपकेन्द्र निर्माण के लिए भूमि भी चिन्हित कर दी है। जिस पर मौजूदा वित्तीय वर्ष में ही निर्माण कार्य पूर्ण कराने की तैयारी है। इसके अतिरिक्त मोहनलालगंज नए विद्युत उपकेन्द्र के लिए अतिरिक्त 33 केवी लाइन सोर्स का भी प्रस्ताव मंजूरी के लिए भेजा गया है।

### पेड़ों की कटाई-छंटाई का दिया निर्देश

अधिशासी अभियन्ता श्रवण कुमार सिंह ने बताया मोहनलालगंज खण्ड में बिजनेस प्लान के तहत तकरीबन 6 करोड़ की लागत से ट्रांसफार्मरों की क्षमतावृद्धि के कार्य कराए गए हैं। आरडीएसएस के तहत भी करोड़ों रुपए के नए तार और पोल लगाने के कार्य भी कराए जा चुके हैं। सभी जेई और एसडीओ को लाइनों के आसपास पेड़ों की छंटाई का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के लिए कहा गया है। ताकि उपभोक्ताओं को गर्मियों में निर्बाध आपूर्ति दी जा सके।

# भलस्वा लैंडफिल साइट की बदलेगी सूरत

## उपराज्यपाल सक्सेना और सीएम रेखा गुप्ता ने शुरू किया बांस रोपण मुहिम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कूड़े का पहाड़ बने भलस्वा लैंडफिल साइट साइट की सूरत जल्द ही बदलेगी। दिल्ली नगर निगम यहां बड़ी संख्या में बांस के पौधे लगायगा। इसके मद्देनजर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को भलस्वा लैंडफिल साइट का निरीक्षण किया।

एलजी व सीएम ने विकसित भारत 2047 के विजन के तहत बायोमाइनिंग, भूमि सुधार और हरीभरी दिल्ली की दिशा में प्रयास करते हुए बांस के पौधारोपण अभियान शुरू किया। इस दौरान एमसीडी के अधिकारियों ने लैंडफिल साइट से कूड़े के पहाड़ को कम करने के लिए साइट पर मौजूद कार्यालय पर प्रेजेंटेशन दिखाया। इस लैंडफिल साइट में पौधों से चारदीवारी की जा रही है। प्रदूषण कम करने और अन्य पर्यावरणीय कारणों से ऐसी नीति बनाई गई है जिसके तहत बांस के 54,000 पौधे लगाए जाएंगे।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने भलस्वा लैंडफिल साइट पर बांस के पौधे लगाने की मुहिम की शुरुआत करते हुए कहा कि आज यहां से दिल्ली में में एक नई शुरुआत हुई है। यहां 2000 बांस के पौधों को लगाया गया है। एक से डेढ़ महीने के अंदर 54,000 पौधे और लगाए जाएंगे। बांस के पेड़ इसलिए लगाए गए हैं क्योंकि ये 30 फीसदी ज्यादा ऑक्सीजन देते हैं। उनकी सरकार दिल्ली को प्रदूषण मुक्त करने की योजना पर काम कर रही है। इस पौधा रोपण अभियान से शहर के प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी। बांस के पौधों में पानी का कम उपयोग होता है और यह बढ़ता बहुत जल्दी है।



उपराज्यपाल विनय सक्सेना और सीएम रेखा गुप्ता ने लैंडफिल साइट का निरीक्षण किया। फोटो: रंजन डिमरी।

### हर महीने कचरे के पहाड़ की होगी निगरानी : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि कूड़े के पहाड़ की हर महीने निगरानी होगी। तीनों लैंडफिल साइट की लगातार निगरानी करेंगे। सालभर में कचरे की ऊंचाई को कम किया जाएगा और यहां पर लैंडफिल साइट में हरित क्षेत्र विकसित होगा।

आने वाले समय में कई परियोजनाओं शुरू करेंगे। राष्ट्रीय राजधानी को साफ-सुथरा करना दिल्ली सरकार का मिशन है। मेरी सरकार मिशन मोड पर काम कर रही है। डबल इंजन की सरकार डबल रफ्तार से काम करेगी।

साथ ही, उन्होंने पिछली सरकार पर निशाना भी साधते हुए कहा कि लैंडफिल साइट पर मौजूद कूड़े को



कम करने के लिए कई कार्य कर रहे हैं। इसमें केंद्र सरकार का भी सहयोग मिल रहा है। कई प्रोजेक्ट में कचरे को रिसाइकल किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रोजेक्ट में भी लैंडफिल साइट के कूड़ का उपयोग हो रहा है। डीडीए की जमीन को समतल करने में भी इसका उपयोग करने का काम हो रहा है। सीएम लाखों टन मैटीरियल को यहां से दूसरी जगह पर लगाया गया, यह पिछली सरकार ने नहीं किया। इस अवसर पर मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के सासंद योगेंद्र चंदोलिया, बादली से विधायक दीपक चौधरी, समयपुर बादली से पार्षद गायत्री दीपक चौधरी, मुख्य सचिव धमेंद्र, निगम आयुक्त अश्विनी कुमार भी अभियान के दौरान मौजूद थे।

### सीएम ने आप के स्वास्थ्य मॉडल की आलोचना की

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के स्वास्थ्य मॉडल पर निशाना साधते हुए इसे शून्य बताया और आप के कार्यकाल के दौरान सरकारी अस्पतालों में बड़े पैमाने पर कुप्रबंधन का आरोप लगाया। गुप्ता ने गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल के दौरे के दौरान दावा किया कि यह अस्पताल अप्रयुक्त चिकित्सा उपकरणों और अधूरे अस्पताल के बुनियादी ढांचे के साथ डंपिंग ग्राउंड में बदल गया है।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, कोविड-19 महामारी के बाद से यहां का गोदाम पूरी तरह भर गया है। आज भी 458 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, 146 वेंटिलेटर, 36000 पीपीई किट, मल्टीपैरा मॉनिटर, मास्क और अन्य चिकित्सा आपूर्ति बेकार पड़ी हैं। यह सिर्फ जीटीबी अस्पताल का ही नहीं, बल्कि दिल्ली भर के कई अस्पतालों का मामला है। उन्होंने दावा किया कि अस्पताल की इमारतों का निर्माण उचित योजना के बिना किया गया, जिससे फिजूलखर्ची हुई। गुप्ता ने कहा, अस्पतालों के अंदर सात ढांचे बनाए, पार्किंग स्थल और खेल मैदानों को इमारतों में बदल दिया।

# हत्या के केस में पहलवान सुशील को जमानत

- जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर पर हुआ था जानलेवा हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी के छत्रसाल स्टेडियम में पूर्व जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनखड़ की हत्या से संबंधित मामले में पहलवान सुशील कुमार को मंगलवार को जमानत दे दी।

न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने कुमार को राहत प्रदान की और 50,000 रुपए का निजी मुचलका और इतनी ही राशि की दो जमानतें भरने का निर्देश दिया। कुमार और अन्य पर मई 2021 में कथित संपत्ति विवाद को लेकर धनखड़ पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। इस हमले में धनखड़ के दो दोस्त भी घायल हो गए थे।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, धनखड़ के मस्तिष्क को किसी वस्तु के प्रहार से चोट पहुंची थी। सुशील कुमार की ओर से पेश वकील आर एस मलिक और सुमित शौकीन ने कहा कि कुमार पिछले साढ़े तीन साल से जेल में हैं और अभियोजन पक्ष ने 200 गवाहों का हवाला दिया है, जबकि अब तक केवल 31 की ही गवाही हुई है। अभियोजन पक्ष ने जहां इस याचिका का विरोध किया, वहीं मलिक ने दलील दी कि मुकदमा पूरा होने में लंबा समय लगेगा और कुमार को देरी के आधार पर राहत दी जानी चाहिए।

कुमार को मई 2021 में गिरफ्तार किया गया था और उन्हें घुटने की सर्जरी के लिए एक सप्ताह की अंतरिम जमानत दी गई थी।

अक्टूबर 2022 में निचली अदालत ने कुमार के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के अलावा हत्या, आपराधिक साजिश, धमकाने और घातक हथियार से हमला करने सहित अपराधों में भारतीय दंड संहिता के तहत आरोप तय किए। अदालत ने कहा था कि धनखड़ को अगवा कर स्टेडियम में लाए जाने के बाद कई आरोपियों ने बेसबॉल और हॉकी स्टिक से उन पर बुरी तरह हमला किया था।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले 20 साल जेल की सजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के मामले में एक व्यक्ति को 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुशील बाला डागर ने पॉक्सो अधिनियम की धारा छह के अलावा दुष्कर्म और अपहरण के लिए दोषी ठहराए गए 31 वर्षीय व्यक्ति के मामले की सुनवाई की।

अतिरिक्त लोक अभियोजक योगिता कौशिक दहिया ने कहा कि दोषी ने नाबालिग को अगवा किया और उसे बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया तथा जुलाई 2020 में कई बार उसके साथ यौन उत्पीड़न किया। दहिया ने कहा कि दोषी के साथ 2020 में किए गए उसके घृणित और निंदनीय कृत्य के लिए कोई सहानुभूति नहीं दिखाई जानी चाहिए। फैसले में अदालत ने अपराध की गंभीरता, पीड़िता और दोषी की उम्र, परिवार की स्थिति का ध्यान रखा।

## ज्योति नगर में दो पक्षों में फायरिंग, 5 लोग घायल

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली एक बार फिर खुलेआम फायरिंग से गूंजी। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में आपसी रंजिश में 2 गुटों में ताबड़तोड़ गोलीबारी हुई है। इस मामले में 5 लोग घायल हुए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, सोमवार रात करीब नौ बजे ज्योति नगर थाने में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके बेटे को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी है। फोन करने वाले ने बताया कि उसके बेटे को अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मार दी है।

पुलिस को पता चला कि संघर्ष के दौरान कई गोलियां चलाई गई थीं। घायलों को इलाज के लिए गुरु तेग बहादुर अस्पताल ले जाया गया। घटनास्थल की जांच के लिए अपराध टीम और फोरेंसिक विशेषज्ञों को बुलाया गया। उनके मुताबिक, घटनास्थल से कई खोखे और एक कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने ज्योति नगर थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी में शामिल संदिग्धों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए तकनीकी और अन्य माध्यमों से मिली जानकारी का विश्लेषण करने के लिए कई टीम गठित की गई हैं। गोलीबारी का मकसद अभी पता नहीं चल पाया है और पुलिस गिरोहों के बीच प्रतिद्वंद्विता या व्यक्तिगत दुश्मनी की आशंका को लेकर मामले की जांच कर रही है। सुराग के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। इस बीच, स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए आस-पास के इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

### जामिया प्रदर्शन: छात्रों के निलंबन पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने जामिया के उन छात्रों के निलंबन पर रोक लगा दी जिनके विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है और कहा कि इस तरह के शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों में भाग लेना नागरिक संस्थाओं के बुनियादी सिद्धांतों और मानदंडों को आत्मसात करने के प्रशिक्षण का हिस्सा है।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने विरोध प्रदर्शन से निपटने के विवि के तरीके को चिंताजनक भी पाया। अदालत ने कहा, किसी भी पक्ष की दलीलों पर गौर किए बिना, रिकार्ड के अवलोकन से ही अदालत इस बात से चिंतित है कि छात्रों के विरोध प्रदर्शन को विश्वविद्यालय ने किस तरह से संभाला।

# बेदखली नोटिस पर उस्मानपुर के लोगों ने कहा, हम कहां जाएंगे

- यमुना सौंदर्यीकरण परियोजना के तहत चलेगा अतिक्रमण ध्वस्तीकरण अभियान
- दशकों पुराने मकानों पर नोटिस चस्पा, सिर्फ एक दिन का मिला मौका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के शाहदरा के उस्मानपुर क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी अभियान से कई लोग खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। ये वो लोग हैं जिन्हें दशकों पुराने अपने मकान खाली करने के लिए कथित तौर पर सिर्फ एक दिन का नोटिस दिया गया है।

अधिकारियों ने दो मार्च को पुराने लोहे के पुल के निकट स्थित इलाके के निवासियों को बेदखली का नोटिस दिया और उन्हें सोमवार तक अपने घर खाली करने को कहा। यमुना सौंदर्यीरण परियोजना के तहत मंगलवार और बुधवार को ध्वस्तीकरण अभियान को अंजाम देने की योजना है। कई लोगों के लिए ए घर जीवन भर की यादों, संघर्षों और अस्तित्व का साझा प्रतीक है। उम्र के छठे दशक में प्रवेश कर चुकी महिला पुष्पा देवी ने कहा कि वह पिछले 40 साल से इस घर में रह रही है। इसे अब ध्वस्त करने का नोटिस जारी किया गया है। वह बताती हैं कि कई साल पहले एक हादसे में उन्होंने अपने सबसे बड़े बेटे और बहू को खो दिया और अब पोती के भरण-पोषण की जिम्मेदारी उनपर है।

पुष्पा देवी ने जिम्मेदारियों के बोझ का उल्लेख करते हुए कहा, मैं लोगों के घरों में काम करती हूं। मैं अपनी पोती और बीमार पति की देखभाल करती हूं। अगर मुझे जाने के लिए मजबूर किया गया तो मेरे पास जाने के लिए कोई जगह नहीं है। हमारा कोई रिश्तेदार नहीं हैं जिनके यहां हम आश्रय ले सकें। उन्होंने कहा, मैं सरकार से गुहार लगाती हूं कि हमें तब तक यहां रहने दिया जाए जब तक कि हमें नई नौकरी और आश्रय नहीं मिल जाता। पिंकी कश्यप (21) भी इसी तरह की मुश्किल का सामना कर रही हैं।पांच महीने की गर्भवती और डेढ़ साल की बेटी की देखभाल की जिम्मेदारी संभाल रही पिंकी रोजर्मा की जरूरतों को भी पूरा करने के लिए जूझ रही हैं। उनका पति ग्रेटर कैलाश में दुकान में काम करता है और प्रतिमाह 12 हजार रुपए कमाता है। पिंकी कहती हैं, मैं इस हालत में अपने बच्चे के साथ कहां जाऊंगी। हमारे पास घर या कमरा किराए पर लेने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं हैं। मेरा पति केवल 12,000 रुपए प्रति माह कमाता है और दिल्ली जैसे शहर में अन्य खर्चों के साथ-साथ किराया वहन करना बेहद मुश्किल है। सीमा (50)विस्थापन के डर में जी रही थीं। अब यह डर हकीकत बन गया है। उन्होंने कहा, हम लगातार इस डर में जी रहे हैं कि कोई आकर हमें यहां से चले जाने को न कह दे। हम गरीब हैं, हम अपने बच्चों के साथ कहां जाएंगे। अगर हम किराया देने में सक्षम होते तो हम यहां नहीं रहते।

अन्य लोगों की तरह सीमा ने भी सरकार से आश्रय उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

## संक्षिप्त समाचार

### 'बुद्ध और फराओ' कविता संग्रह का लोकार्पण



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के कला संकाय में सोमवार को रचयिता साहित्यिक संस्था के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में कवि व प्राध्यापक दीपक जायसवाल के कविता संग्रह 'बुद्ध और फराओ' का लोकार्पण सह परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कवि व कथाकार उदय प्रकाश, कवि व प्रोफेसर अरुण देव, कवयित्री अनामिका, वाणी प्रकाशन की कार्यकारी निदेशक अदिति माहेश्वरी गोयल, युवा कवि, लेखक डॉ अंजुम शर्मा और तथा हिंदी विभाग,दिल्ली विश्वविद्यालय की अध्यक्ष एवं साहित्य अकादमी की उपाध्यक्ष प्रो. कुमुद शर्मा मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अनुराग ने किया। दीपक जायसवाल ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की। इस दौरान अन्य प्राध्यापकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### देशभर की आठ महिला उद्यमियों का सम्मान




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को अपने दम पर मुकाम हासिल करने वाली आठ महिला उद्यमियों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान अपोलो टायर्स ने प्रोजेक्ट नव्या की तरफ से किया गया। इस पहल का उद्देश्य गांवों में रहने वाली महिलाओं को सशक्त बनाना है। राजधानी में यह कार्यक्रम अपोलो टायर्स फ्रेंच इंस्टीट्यूट इन इंडिया (आईएफआई) के सहयोग से किया गया था। इस समारोह में भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थियरी माथू और अपोलो टायर्स लिमिटेड के चेयरमैन ओंकार कंवर भी मौजूद थे। सम्मानित होने वाली महिलाओं में केरल से लीना कृष्णकुमार, राजी केके, गुरात से निलाम्बेन रमेशभाई परमार, स्नेहलबेन संजयभाई परमार, महाराष्ट्र से शबीरा अबुभाई शेख, वैशाली प्रवीण शेलार, संचिता डफल, और तमिलनाडु से जी देवी को छठे एकनाम में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में पेरिस 2024 पैरालिंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली सिमरन शर्मा, पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित दुलारी देवी भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहीं।

### यमुना ट्रॉफी पर डीडीए एकादश का कब्जा



**नई दिल्ली।** यमुना ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला एमसीडी और डीडीए के बीच हुआ। इस रोमांचक मैच का टॉस रश्मि सिंह, आईएएस, प्रिंसिपल रेजिडेंस कमिश्नर, जम्मू और कश्मीर द्वारा डीडीए के कप्तान डॉक्टर योगेश त्यागी और एमसीडी के कप्तान अजय नागपाल के बीच कराया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधीक्षक डॉक्टर संदीप बंसल, डॉक्टर सुभाष गिरी, जिला जज पंकज शर्मा, सेवा भारती के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष रमेश अग्रवाल संयुक्त सचिव डॉ. अत्यानंद, आयुष एकादश के कप्तान डॉक्टर विशाल चढ्ढा, पदम चंद अग्रवाल सहित दिल्ली ओलंपिक के उपाध्यक्ष, आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव वीरेंद्र सचदेवा ने विजेता टीम को सम्मानित किया। आईएमडब्ल्यूए अध्यक्ष राजीव निशाना ने स्वच्छ पर्यावरण बनाने पर बल दिया।

# 30 अप्रैल तक भरे जाएंगे 7,000 गड्ढे : पीडब्ल्यूडी

- 20 लाख वर्ग मीटर सड़क की पहचान जिनकी मरम्मत की जरूरत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

लोक निर्माण विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर 7,000 गड्ढे भरने के लिए 30 अप्रैल तक की समय सीमा तय की है।

पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारियों को जारी निर्देश में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में 21 फरवरी को दिल्ली मंत्रिपरिषद के समक्ष दिए गए प्रस्तुतीकरण का हवाला दिया गया है। मुख्यममंत्री के संदेश में कहा गया, इस प्रस्तुति में विभिन्न निविदाएं आमंत्रित करने और कार्य प्रारंभ करने के लिए कुछ समय सीमाएं निर्धारित की गई हैं। इसलिए, सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे इन समयसीमाओं का पालन सुनिश्चित करें। विभाग की रखरखाव वाली वैन का उपयोग करके



गड्ढों को भरा जा रहा है। इसके अलावा, पीडब्ल्यूडी ने 20 लाख वर्ग मीटर सड़क के ऐसे हिस्सों की पहचान की है जिनकी मरम्मत की आवश्यकता है। इन मरम्मत कार्यों के लिए 15 मार्च तक निविदा जारी की जा सकती है तथा कार्य पूरा करने का लक्ष्य 30 अप्रैल निर्धारित किया गया है। विधानसभा चुनाव में राजधानी की कथित खराब सड़कें एक प्रमुख मुद्दा रहा था। राजधानी में भारतीय जनता पार्टी की नवगठित सरकार में लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह इस पहल की देखरेख कर रहे हैं।

# विपश्यना से ज्यादा केजरीवाल को पश्चाताप करने की जरूरत : सचदेवा

- बोले, आप प्रमुख राज्यसभा का जुगाड़ करने जा रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल एवं राहुल गांधी दो अनूठे राजनीतिज्ञ हैं जो जनता के किसी काम आयें या ना आयें जनता के पैसे से खुद का वार्षिक शरीरिक रखरखाव एवं मनोरंजन खूब करते हैं।

केजरीवाल जहां हर साल विपश्यना के नाम पर हफ्ता दस दिन की गुप्त छुट्टी मनाते हैं वहीं देश एवं कांग्रेस की चिंता छोड़कर राहुल गांधी साल में दो बार गोपनीय विदेश यात्रा पर निकल जाते हैं। सचदेवा ने कहा है की ऐसा लगता था की दिल्ली चुनाव में पार्टी एवं निजी बड़ी हार के बाद केजरीवाल सबक लेंगे और वापस आम आदमी बने ना बने पर बनने का दिखावा तो जरूर करेंगे।

लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है की वह हार से कोई सबक नहीं लिए और मीडिया में पंजाब में विपासना पर जाने की जानकारी सोशल मीडिया में पोस्ट करवा रहे हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की आप नेता किसी विपश्यना पर नहीं जा रहे हैं, वह दिल्ली के बाद पंजाब में बिखरती अपनी पार्टी को सम्भालने और राज्यसभा का जुगाड़ बनाने पंजाब जा रहे लगते हैं। विपश्यना से ज्यादा केजरीवाल को पश्चाताप और दिल्ली के लोगों से माफी मांगने की जरूरत है।

# विस समितियों का गठन बजट सत्र में होगा : विजेंद्र

- विधानसभा अध्यक्ष ने रखा पांच दिन की कारवाई का लेखाजोखा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को पांच दिनों तक चली सदन की कार्रवाई का लेखा जोखा रखा। उन्होंने बताया कि आठवीं विधानसभा का पहला सत्र 24 फरवरी को शुरू हुआ और 3 मार्च, को सदन अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित हुआ।

इन पांच बैठकों के दौरान कुल 18 घंटे 18 मिनट तक सदन की कार्यवाही चली पांच दिनों तक विभिन्न अवसरों पर कुल 126 बार सदस्यों ने सदन में अपने विचार व्यक्त



पांच दिनों तक चली सदन की कार्रवाई का लेखा जोखा पेश करते विजेंद्र गुप्ता।

किए। पहले ही सत्र में इतने सदस्यों को बोलने का अवसर मिलना किसी रिकॉर्ड से कम नहीं है।

विजेंद्र गुप्ता ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि स्थापित परम्परा के अनुसार, सदस्यों ने पहले दिन 24 फरवरी को शपथ ली। वरिष्ठ सदस्य अरविंदर सिंह लवली को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया। इसके अगले दिन उपराज्यपाल ने सदन को सम्बोधित किया तथा उन मुद्दों के बारे में जानकारी दी जिन पर सरकार दिल्ली के विकास तथा लोगों की भलाई के लिए कार्य करेगी। एलजी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव सदन में 28 फरवरी को पारित किया गया। धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में 16 सदस्यों ने भाग लिया तथा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने चर्चा का उत्तर दिया।

गुप्ता ने बताया कि उन्होंने सोमवार को एलजी से मुलाकात की तथा धन्यवाद प्रस्ताव पारित होने के बारे में उन्हें व्यक्तिगत रूप से सूचना दी। उन्होंने अपना संदेश भेजा, जिसे मैंने कल सदन की बैठक के दौरान पढ़कर सुनाया। दुर्भाग्य से, 25 फरवरी उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्ष के सदस्यों को उनके खराब व्यवहार और कार्यवाही में बाधा डालने के कारण उन्हें बाहर निकालना पड़ा।

एलजी का अभिभाषण बहुत पवित्र और गंभीर अवसर होता है तथा उपराज्यपाल उस समय अपने संवैधानिक कर्त्तव्य का पालन कर रहे थे। विधानसभा के प्रक्रिया नियमों के अनुसार, उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान कोई भी बाधा नहीं डाली जा सकती। उपराज्यपाल के अभिभाषण में बाधा डालने के कारण, बाद में सदन ने विपक्ष के सदस्यों को तीन बैठकों के लिए निलम्बित कर दिया था।

सदन में 27 फरवरी को मोहन सिंह बिष्ट को उपाध्यक्ष चुना गया। पहले सत्र का अन्य मुख्य बिंदु सीएजी की रिपोर्ट सदन में प्रस्तुत करना रहा। दिल्ली में शराब के विनियम और आपूर्ति पर सीएजी की ऑडिट रिपोर्ट 25 मुख्यमंत्री ने सदन में प्रस्तुत की। सदस्यों की मांग के बाद, इस पर सदन में दो दिन चर्चा भी की गई। इस चर्चा में 23 सदस्यों ने भाग लिया। इस रिपोर्ट पर भी 28 फरवरी और 3 मार्च को चर्चा हुई।

### नई दिल्ली स्टेशन के डीआरएम का तबादला

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 यात्रियों की मौत की घटना के एक पखवाड़े बाद मंगलवार को दिल्ली के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुखविंदर सिंह का तबादला कर दिया गया।

सिंह को जुलाई 2023 में दिल्ली मंडल का डीआरएम नियुक्त किया गया था। रेल मंत्रालय द्वारा जारी तबादला आदेश में कहा गया है कि उत्तर मध्य रेलवे से पुष्पेश आर त्रिपाठी को दिल्ली का डीआरएम बनाया गया है। हालांकि, आदेश में सिंह की नई तैनाती के बारे में कुछ नहीं कहा गया है। आदेश में कहा गया, रेल मंत्रालय ने राष्ट्रपति की मंजूरी से निर्णय लिया है कि उत्तर मध्य रेलवे से पुष्पेश आर त्रिपाठी को स्थानांतरित कर सुखविंदर सिंह की जगह डीआरएम दिल्ली उत्तर रेलवे के पद पर नियुक्त किया जाता है।

# सीबीआई की छापेमारी से डीडीयू रेल मंडल कार्यालय में हड़कंप

## सीनियर डीपीओ सुजीत कुमार, सीनियर डीईई ऑपरेशन सुशांत सहित 26 लोग गिरफ्तार

**संवाददाता।** चन्दौली




**डीडीयू** रेल प्रबंधक कार्यालय में उस समय अफ़रा तफ़री मच गया जब विभागीय प्रमोशन परीक्षा के पेपर लीक मामले में हुए भ्र्ष्टाचार को लेकर सीबीआई ने छापेमारी कर दी । छापेमारी मामले में सीबीआई ने सीनियर डीपीओ सुजीत कुमार ए सीनियर डीईई ऑपरेशन सुशांत परासर सहित 26 लोगो को किया गिरसार कर अपने साथ ले गयी । छापेमारी के दौरान 1 करोड़ 17 लाख रुपया भी बरामद किया गया ।

मिली जानकारी के अनुसार सीबीआई ने पूर्व मध्य रेलवे के तहत विभागीय परीक्षा पेपर लीक का भंडाफोड़ किया है । सीबीआई ने 3 और 4 मार्च 2025 की मध्य रात्रि को शुरू किए गए एक ऑपरेशन के दौरान मुगलसराय में पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत विभागीय परीक्षा पेपर लीक घोटाले का पता लगाया और उसका भंडाफोड़ किया। इस संबंध में एक सीनियर डीईई ;ऑप्सद्ध और 8 अन्य रेलवे अधिकारियों और अज्ञात उम्मीदवार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।गौरतलब हो कि पूर्व मध्य रेलवे ने 4 मार्चए 2025 को मुख्य लोको निरीक्षकों के पदों के लिए विभागीय परीक्षा निर्धारित की थी। मुगलसराय में उक्त मध्य रात्रि में 3 स्थानों पर सीबीआई द्वारा की गई जांच के दौरान कुल 17 अभ्यर्थियों के पास हस्तलिखित प्रश्नपत्रों की फोटोकॉपी पाई गई। सीबीआई द्वारा जांच से पता चला है कि आरोपी सीनियर डीईई ;ऑप्सद्ध को उक्त परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने अपने हाथ से अंग्रेजी में प्रश्न लिखे थे और कथित तौर पर इसे एक लोको पायलट को दिया थाए जिसने इसे हिंदी में अनुवाद किया और आगे एक ओएस ;ट्रेनिंगद्ध को दिया। कथित ओएस ;ट्रेनिंगद्ध ने कथित तौर पर इसे कुछ अन्य रेलवे कर्मचारियों के माध्यम से उम्मीदवारों को दिया। सीबीआई ने पैसे इकट्ठा करने और प्रश्न पत्र वितरित करने के आरोप में आरोपी सीनियर डीईई ;ऑप्सद्ध और अन्य रेलवे कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। 17 विभागीय उम्मीदवार जो वर्तमान में लोको पायलट के रूप में काम कर रहे हैंए ने कथित तौर पर प्रश्न पत्र के लिए पैसे का भुगतान किया और 3.4 मार्चए 2025 की रात को प्रश्न पत्रों की प्रतियों के साथ रंगे हाथों पकड़े गएए उन सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है। कुल मिलाकरए इस मामले में अब तक 26 रेलवे अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया है।8 स्थानों पर तलाशी ली गईए जिसके परिणामस्वरूप 1०17 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए। कथित तौर पर यह रकम प्रश्नपत्र लीक करने के लिए उम्मीदवारों से वसूली गई थी। हाथ से लिखे प्रश्नपत्रों के साथ.साथ उनकी फोटोकॉपी भी जब्त कर ली गई और इन प्रश्नपत्रों का मिलान मूलध्वास्तविक प्रश्नपत्र से किया गया और पाया गया कि वे मेल खाते हैं।

# ग्रामीण जीवन ही भारत का मूल प्राण वायु-मिथिलेशनन्दिनीशरण



**सोनभद्र।** धार्मिक, आध्यात्मिक, दार्शनिक विचारक, व पीठाधीश्वर सिद्ध पीठ हनुमन्निवास अयोध्या धाम के संत आचार्य मिथिलेशनन्दिनीशरण महाराज का आगमन मंगलवार को सोनभद्र में हुआ। जहाँ ग्राम्य संस्कृति,समृद्धि एवं जीवनबोध विषय पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए महाराज ने कहा कि ग्रामीण जीवन ही भारत की मूल प्राण वायु है। ग्राम्य संस्कृति का अर्थ है जो हमे प्राप्त है उसके प्रति कृतज्ञ होना। ग्रामीण के वास्तविक संदर्भ को समझना होगा। विष्णु सहस्त्रनाम में स्वयं विष्णु जी को ग्रामणि कहा गया है। ग्राम शब्द का अर्थ ही है बाजार से रहित व्यवस्था। बाजार ने व्यक्ति से मूल्य को छीनकर एक यांत्रिक व्यवस्था में स्थापित कर दिया है। जबकि ग्राम्य संस्कृति समानुभूति आधारित सहकारिता की संस्कृति है। जिसमे बिचौलिए के लिए कोई जगह नहीं है। आज आधुनिकता के दौड़ मे नगरीय व्यवस्था में मनुष्य मूल्य रहित हो चुका है। आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण ने कहा कि ग्राम्य संस्कृति में ऐसा कोई भी कार्य नहीं है जिससे अपशिष्ट उत्पन्न हो। ग्रामीण संस्कृति हर चीज को पचाने मे सक्षम है। ग्राम्य संस्कृति का जीवन बोध यही है कि हम अपने सुखों को कम करते हुए, एक समावेशी जीवन शैली के आधार पर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक आदर्श भविष्य प्रदान करें। बाजार आधारित संस्कृति से इतर ग्राम्य संस्कृति और जीवन बोध के द्वारा भारत के मौलिक चेतना में वापस आना होगा। और यहाँ कार्य लोक से संवाद द्वारा व्यक्ति के स्तर पर करना होगा। इस माध्यम द्वारा ही भारत के संस्कृति एवं समृद्धि का संरक्षण होगा। मिथिलेशनन्दिनीशरण महाराज ने कहा कि 60 से 70 करोड़ लोगों ने कष्ट सहकर स्नान करने महाकुंभ पहुंचे। महाकुंभ को सरकारी योजना कहना भारत के सनातन धर्मभाव का अपमान है। महाकुंभ में इतने श्रद्धालुओं को पहुंचना, यह भारत के धार्मिक भावना का प्रतिफल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार पारस नाथ मिश्र व संचालन कार्यक्रम के संयोजक पंडित आलोक कुमार चतुर्वेदी ने किया। इसके पूर्व सुकृत, मधुपुर समेत अन्य जगहों पर भक्तों की ओर से मिथिलेशनन्दिनीशरण महाराज का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद सोनभद्र के आध्यात्मिक, धार्मिक, पौराणिक एवं प्राकृतिक धरोहर शिवद्वार प्रभु भोलेनाथ का दर्शन कर, सोनभद्र के स्थापना दिवस पर सर्किट हाउस के सभागार में आयोजित कार्यकम में भाग लिया। कार्यक्रम में साहित्यकार जगदीश पंथी राहुल हर्ष अग्रवाल कीर्तन प्रभात सिंह चंदेल अरुणेश पांडे लालजी तिवारी अवधेश दीक्षित दयाशंकर पांडे धनंजय पाठक प्रवीण पांडे राज नारायण तिवारी आनंद त्रिपाठी प्रद्युम्न त्रिपाठी डॉ अंजलि विक्रम सिंह चित्रा जालान अशोक कुमार मिश्रा समेत बडी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देकर राष्ट्र की नींव करें मजबूत



**सोनभद्र।** दिशिता महिला मंडल रेनुसागर के अध्यक्षा इंदु सिंह के मार्गदर्शन में दिशिता महिला मंडल रेनुसागर द्वारा संचालित दिशिता बाल मन्दिर के द्वारा कलर ऑफ लाइफ थीम पर आधारित वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर.पी.सिंह एवं दिशिता महिला मण्डल की अध्यक्षा इन्दू सिंह ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि यूनिट हेड आरपी सिंह नें कहा कि नन्हे मुन्हे बच्चों के अनुकरणीय प्रतिभा के प्रदर्शन में जो आत्मविश्वास है वह अपने आप में एक विशिष्ट उपलब्धि है। निश्चित ही विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को बेहतरीन शिक्षा दी है और इनका भरपूर विकास किया जा रहा है, जो सराहनीय है। बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देकर हम समाज एवं राष्ट्र की नींव मजबूत कर सकते हैं। इसके पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत बच्चों के द्वारा फूलों का गुलदस्ता देकर किया गया। दिशिता बाल मन्दिर की प्रबंधक सविता चौबे ने स्वागत भाषण आये हुये अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की रुप रेखा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वन्दना से किया गया। दर्शको से भरे प्रेक्षागृह के प्रांगण में दो घंटे तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम में मेरा जूता है जपानी गोवा नृत्य रामायण पर आधारित नृत्य जंगल नृत्य मार्मिक नृत्य कव्वाली होली नृत्य एवं थीम नृत्य का शानदार प्रदर्शन नन्हे-मुन्हे बच्चों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर ऑपरेशन हेड मनीष जैन सुभाष चौबे अन्नामलाई सुधाकर एस के सिंह प्रधानाचार्य एबीपीएस रीना जैन मेनका अरोड़ा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन सविता सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापित शालिनी श्रीवास्तव ने किया।

# हत्या के चार दोषियों को उम्रकैद

सोनभद्र। साढ़े 15 वर्ष पूर्व हुए दीपक जायसवाल हत्याकांड के मामले में मंगलवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम जीतेंद्र कुमार द्विवेदी की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर चार दोषियों संतोष कुमार, राकेश कुमार उर्फआजाद, जैनेन्द्र प्रजापति उर्फपप्पू व रतन पासवान को उम्रकैद व 27-27 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक अमरचंद्र जायसवाल पुत्र स्वर्गीय पन्नालाल जायसवाल निवासी नईबस्ती, थाना रॉबर्ट्सगंज, ने 20 अगस्त 2009 को चोपन थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उनका लड़का दीपक जायसवाल चोपन बाजार में तकादा का काम करता था। 17 अगस्त 2009 को शाम के समय डाला बाजार में तकादा के लिए गया था। तभी से गायब है। उसकी हर संभव जगह तलाश की गई, लेकिन कहीं पता नहीं चला। तब 18 अगस्त 2009 को गुमशुदगी की रिपोर्ट डाला चौकी में दर्ज कराई थी। लड़के की लाश दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के रजखड़ में मिली। शव को देखने से लग रहा है कि किसी ने हत्या करके लाश को फेक दिया होगा। आवश्यक कार्रवाई की जाए। इस तहरीर पर पुलिस ने 20 अगस्त 2009 को अज्ञात में हत्या की एफआईआर दर्ज किया। मामले की विवेचना के दौरान चार लोगों का नाम प्रकाश में आया। जिनमें संतोष कुमार पुत्र राजेंद्र कुशवाहा निवासी नैटोलिया कोटा, राकेश उर्फआजाद पुत्र रामनाथ शाह निवासी डाला, जैनेंद्र प्रजापति उर्फपप्पू पुत्र अर्जुन निवासी डाला व रतन पासवान पुत्र जगरनाथ निवासी डाला, शामिल हैं। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील विनोद कुमार पाठक ने बहस किया।

# संस्था को नए कीर्तिमान बनाने में दें भरपूर सहयोगः संजय वैश्य



**प्रयागराज।** इफ्को फूलपुर के अग्नि एवं सुरक्षा विभाग में 54 वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मंगलवार को मनाया गया। जिसका विषय सुरक्षा और स्वास्थ्य विकसित भारत के लिए आवश्यक है था। इस मौके पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ महाप्रबंधक तकनीकी संजय वैश्य ने कहा कि सुरक्षा हमारे आदत एवं स्वभाव में आनी चाहिए। हम खुद जिम्मेदार बनें कि दुर्घटना को होने ही न दें। कर्मचारियों से कहा कि हमेशा सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल करें तथा संस्था को नए कीर्तिमान बनाने में सहयोग करें। महाप्रबंधक उत्पादन संजय भंडारी ने कहा कि विकसित भारत तभी बनेगा जब हम सुरक्षित होंगे तथा भय रहित वातावरण में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। खतरों की जानकारी अवश्य साझा करनी चाहिए एवं एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। अनुभवी अधिकारी युवा कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों के बारे में बताएं तथा अपना अनुभव अवश्य साझा करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और कुशल कर्मचारी विकसित भारत का निर्माण कर सकता है। संयुक्त महाप्रबंधक यूरिया पी के वर्मा ने कहा कि सुरक्षा सप्ताह को मनाने का उद्देश्य इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सभी लोग सुरक्षा प्रोटोकॉल का अवश्य पालन करें। मुख्य प्रबंधक अग्नि एवं सुरक्षा विभाग संजीव कुमार ने अग्नि एवं सुरक्षा विभाग की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। उन्होंने बताया कि गत वर्ष संयंत्र से 12 इमरजेंसी कॉल तथा आसपास के गांव से 13 इमरजेंसी कॉल आई। जिसका अग्नि एवं सुरक्षा विभाग ने निष्पादन किया। उन्होंने कहा कि साल भर में बहुत से दुर्घटनाएं होती हैं लेकिन सतर्कता एवं सुरक्षा नियमों पालन करके उन्हें रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस सुरक्षा केवल सुरक्षा के महत्व को याद रखने के लिए नहीं बल्कि यह अपने रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बनने के लिए है। कार्यक्रम का संचालन विकास कुमार ने किया। इस दौरान महाप्रबंधक ए पी राजेन्द्रन पी के सिंह संयुक्त महाप्रबंधक अनीता मिश्रा पी के पटेल रत्नेश कुमार अरुण कुमार एस के सिंह तथा ए के गुप्ता विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर इफ्को ऑफिसर एसोसिएशन के महामंत्री स्वयम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# एनटीपीसी टांडा में 54वें सुरक्षा दिवस पर राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ



टांडा। एनटीपीसी टांडा में 54वें 'राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस' के अवसर पर 'राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह' का भव्य शुभारंभ किया गया। यह सप्ताह '04 से 10 मार्च' तक विभिन्न कार्यक्रमों और जागरूकता अभियानों के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 'प्रातः 09रू30 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस सुरक्षा पार्क' में हुआए जहां मुख्य अतिथि 'कार्यकारी निदेशक श्री जयदेव परिदा' ने 'राष्ट्रीय सुरक्षा ध्वज' फहराया एवं उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को 'सुरक्षा शपथ' दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने बिहेवियर बेस्ड सुरक्षा बीबीएस का भी उदघाटन किया। श्री परिदा ने अपने संबोधन में कहा कि 'ष्सुरक्षा केवल एक प्रक्रिया नहींए बल्कि हमारी कार्य संस्कृति का हिस्सा होनी चाहिए। सुरक्षित कार्यस्थल से न केवल उत्पादन बढ़ता हैए बल्कि यह कर्मचारियों के स्वास्थ्य और संस्थान की निरंतर प्रगति में सहायक होता है।ष' इस वर्ष की 'सुरक्षा थीम' दृ 'ष्सुरक्षा और स्वास्थ्यरू विकसित भारत के लिए महत्वपूर्णष' के अनुरूपए कार्यक्रम के दौरान 'केऔसुब ;बैंथ्द्ध की अग्नि शमन शाखा' द्वारा 'आग से बचाव' पर एक 'प्रदर्शन ;डेमोद्ध' किया गया। इसके बाद एक 'सुरक्षा ड्रिल' का आयोजन किया गयाए जिसमें कर्मचारियों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के तरीकों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उन्होंने बिहैवियर बेस्ड सुरक्षा कक्ष का उदघाटन भी किया।'सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए' एक 'नुक्कड़ नाटक' का भी मंचन किया गयाए जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अंतर्गत 'प्रतियोगिताओंए जागरूकता सत्रों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों' का आयोजन पूरे सप्ताह किया जाएगाए जिससे कर्मचारियों को 'औद्योगिक सुरक्षाए अग्नि सुरक्षाए विद्युत सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा' से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर 'महाप्रबंधक ;प्रचालन एवं अनुरक्षणद्ध श्री अभय कुमार मिश्रा'ए विभिन्न विभागाध्यक्षए अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कार्यक्रम में कलाकारों ने मोहा सभी का मन

प्रयागराज। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। शो वसुधा और जाने अनजाने हम मिले ने अपनी दिल छू लेने वाली कहानियों और दमदार कैरेक्टर्स से लोगों के दिलों में एक खास जगह बना ली है। इस जबर्दस्त मनोरंजन का महासंगम के लिए देखिए वसुधा और जाने अनजाने हम मिले का धमाकेदार महासंगम तीन मार्च से सात मार्च तक रात साढ़े नौ बजे सिर्फजी टीवी पर आएगा। अब एक खास एपिसोड में दिलों की धड़कन बढ़ाने आ रहा है एक धमाकेदार महासंगम जहां इन दोनों शो के कलाकार मिलकर लाएंगे एंटरटेनमेंट का डबल डोज। आने वाले एपिसोड्स में जब वसुधा प्रिया ठाकुर का बड़ा राज़ खुलेगा तो माधव कुंवर विक्रम सोनी शादी तोड़कर भाग जाएगा और तभी इन दोनों हिट शो के लीड कैरेक्टर्स का टकराव ऐसा धमाल मचाएगा कि दर्शकों की नज़रें स्क्रीन से हटेंगी ही नहीं। जहां ऑन स्क्रीन ड्रामा अपने शबाब पर होगा वहीं इस एपिसोड की शूटिंग के दौरान सेट का माहौल बिल्कुल अलग था।

# हाईकोर्ट ने न्यायिक अधिकारी के प्रति असम्मानजनक संबोधन पर अधिकारियों को लगाई कड़ी फटकार



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा एक न्यायिक अधिकारी के प्रति अनुचित भाषा के प्रयोग पर कड़ी आपत्ति जताई है। गाजीपुर के प्रशासनिक अधिकारियों ने वहां के सिविल जज सीनियर डिवीजन का उल्लेख अधिकारिक रिपोर्ट में वगैर औपचारिक सम्मान सूचक शब्दों का प्रयोग किए बिना किया गया था। हाईकोर्ट ने इसके लिए वहां के डीएम एवं एसपी से व्यक्तिगत हलफनामा मांगकर इस मामले पर सफाई मांगी है। हाईकोर्ट इस मामले पर सुनवाई 11 मार्च को करेगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की पीठ ने गिरीश चंद बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य की याचिका पर दिया है। अदालत ने विशेष रूप से इस बात पर नाराजगी व्यक्त की कि गाजीपुर के सिविल जज सीनियर डिवीजन का उल्लेख आधिकारिक रिपोर्ट में बिना औपचारिक सम्मान सूचक शब्दों के किया गया था। मामले के अनुसार याचिका गिरीश चंद द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ दाखिल की गई थी। मामला गाजीपुर जिले के प्लॉट नंबर 709 और 711 से संबंधित भूमि विवाद से जुड़ा था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता ने पक्ष रखा जबकि राज्य सरकार की ओर से अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता ने बहस की। विवाद तब शुरू हुआ जब गाजीपुर के जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक बंदोबस्त अधिकारी और रामपुर मांझा थाना प्रभारी ने एक संयुक्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें भूमि के उपयोग और निर्माण से संबंधित विवरण था। हाईकोर्ट ने पहले ही सिविल जज सीनियर डिवीजन गाजीपुर द्वारा तैयार की गई एक रिपोर्ट पर आपत्तियां दर्ज कराने के निर्देश दिए थे।जस्टिस जे जे मुनीर ने प्रशासन द्वारा सिविल जज सीनियर डिवीजन गाजीपुर के प्रति प्रयोग की गई भाषा को अनुचित ठहराया और कहा यह न्यायिक शिष्टाचार का गंभीर उल्लंघन है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासनिक अधिकारी जिला न्यायालय के न्यायाधीशों को सम्मान की दृष्टि से नहीं देखते और उनके प्रति अनुचित भाषा का प्रयोग करते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि मिस या सुश्री जैसे सम्मान सूचक शब्दों का प्रयोग न करना न्यायपालिका के प्रति असम्मान को दर्शाता है। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए हाईकोर्ट ने गाजीपुर के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि वे एक सप्ताह के भीतर व्यक्तिगत हलफनामा दायर कर अपनी सफाई दें। अदालत ने स्पष्ट किया कि प्रतिवादीगण को प्लॉट नंबर 711 पर पुलिस स्टेशन निर्माण की अनुमति दी जाती है लेकिन प्लॉट नंबर 709 पर कोई भी निर्माण कार्य नहीं होगा। इस मामले की अगली सुनवाई 11 मार्च 2025 को सुबह दस बजे की जाएगी। अदालत ने रजिस्ट्रार अनुपालन को निर्देश दिया कि इस आदेश को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गाजीपुर के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर सूचित किया जाए।

## विशेष जज पाक्सो से मांगी सफाई

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपर सत्र न्यायाधीश विशेष जज पाक्सो पडरौना कुशीनगर से सफाई मांगी है कि उन्होंने याची की जमानत अर्जी खारिज कर दी। जबकि सह अभियुक्त की जमानत पहले ही मंजूर कर ली गई थी। पीड़िता 15 साल की नाबालिग लड़की के बयान में दोनों पर केमिकल फेंक कर घायल करने का आरोप है। अर्जी की अगली सुनवाई 7 मार्च को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन ने मुकेश की जमानत अर्जी की सुनवाई करते हुए दिया है। याची अधिवक्ता वरूण मिश्र का कहना था कि 15 साल की लड़की को केमिकल से जलने की चोट है। अपने बयान में दोनों पर केमिकल डालने का आरोप लगाया है। अदालत ने सह अभियुक्त सूरज राजभर को जमानत दे दी थी और याची की जमानत अर्जी 22 नवंबर 24 को खारिज कर दी। कोर्ट ने अपर सत्र न्यायाधीश से ऐसा आदेश करने की सफाई मांगी है।

# मेडिकल कॉलेज में पांच नए डायलिसिस बेड की सुविधा



**गाजीपुर।** मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को पांच नए डायलिसिस बेड की सुविधा शुरू की गई हैए जो कि इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ;ईसीआईएलद्धए के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व ;सीएसआरद्ध पहल के तहत प्रदान किए गए हैं। पहलेए कॉलेज में केवल 10 डायलिसिस बेड थेए जो जनपद की बड़ी जनसंख्या के लिए अपर्याप्त थे। इसके कारण मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता थाए और वेटिंग लिस्ट 130 से 140 तक पहुँच जाती थी। लेकिन अबए पांच नए डायलिसिस बेड की शुरुआत से मरीजों को शीघ्र और सुलभ उपचार मिलेगा। इस अवसर पर गोराबाजर 200 शैया युक्त हार्सपटल में एक विशेष उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गयाए जिसमें अनुराग कुमार अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ;ईसीआईएलद्धए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावाए सुधांशु कुमार कार्यकारी निदेशक ;ईसीआईएलद्धए डॉण् पीण् वेणु बाबू मुख्य चिकित्सा अधिकारी ;ईसीआईएलद्ध और इस अवसर पर आयोजित उद्घाटन समारोह में अतिथि के रूप में सुनील सिंहए प्रवीण सिंहए दयाशंकर पांडेय और शशिकांत शर्मा उपस्थित रहे। इसके साथ हीए उप प्रधानाचार्य डॉण् नीरज पांडे भी इस महत्वपूर्ण अवसर पर मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने ;म्ब्प्स्द्धए ब्ैत् के इस महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की और इसे जनता के लिए एक बड़ी राहत बताया। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉक्टर आनंद मिश्रा ने इस अवसर पर ;म्ब्प्स्द्ध का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योगदान न केवल अस्पताल की क्षमता को बढ़ाएगाए बल्कि मरीजों के उपचार में समय की बचत करेगा और उनकी स्वास्थ्य स्थिति में सुधार करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कॉलेज प्रशासन अपनी पूरी कोशिश करेगा कि यह नई सुविधा उच्चतम मानकों पर दी जाएए ताकि अधिक से अधिक मरीजों को लाभ मिल सके। हमारी प्राथमिकता जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना हैए और यह नई सुविधा उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# स्वच्छता अभियान पर निकली प्रभात फेरी, व्याख्यान भी हुआ



**गाजीपुर।** जनपद में मंगलवार को स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सप्त दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर प्रथम सत्र में महाविद्यालय प्रांगड़ से प्रभात फेरी निकली गयी। जिसका समापन हेतिमपुर से होते हुए शिव वाटिका में हुआ। इस स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्रथम सत्र में एन0 एस0 एस0 स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा महाविद्यालय प्रांगण और शिव वाटिका में साफसफाई का कार्य संपन्न किया गया जबकि द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफे0 धर्मेन्द्र ने बताया कि स्वच्छता को बनाए रखने के लिए हमें इधर.उधर कचरा नहीं फेंकना चाहिए। कचरा हमेशा कूड़ेदान में ही फेंकना चाहिए। उन्होने यह भी कहा की है स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है। अतरू स्वच्छता को अपनाएं और देश को आगे बढ़ाएं। बेहतर साफसफाई से ही भारत को आदर्श बनाया जा सकता है। अतरू स्वच्छता के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा ?त्रिनाथ मिश्रए कार्यक्रम अधिकारी डा ? धर्मेन्द्रए कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार और कार्यक्रम अधिकारी डॉ अतुल कुमार सिंह तथा सहायक कर्मचारी सुनील कुशवाहा एवं नीरज सिंह और राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई.1ए 2ए 3 और 4 के सभी स्वयं सेवक और स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहे।

## शांतिभंग की आशंका को देखते हुए दो गिरफ्तार

बीजपुर/सोनभद्र। बीजपुर थाने के उप निरीक्षक श्रवण कुमार यादव हमराही दीवान सुदामा यादव ने सोमवार की देर सायं होली त्यौहार के मद्देनजर शांतिभंग की प्रबल आशंका को देखते हुए ग्राम सभा बीजपुर के टोला पुनर्वास प्रथम थाना बीजपुर के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में प्रथम पक्ष के 36 वर्षीय अवधेश जायसवाल पुत्र स्व0 शिवप्रसाद जायसवाल एवं द्वितीय पक्ष के 18 वर्षीय गौरव जायसवाल पुत्र विनोद जायसवाल को पुलिस नें मुकदमा दर्ज कर संबंधित न्यायालय में न्यायधीश के समक्ष पेश किया।

# डीएम ने पेट्रोल पंपों का किया निरीक्षण



अंबेडकर नगर । मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार नो हेलमेट नो पेट्रोल नियम का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किए जाने के क्रम में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने क्षेत्र में भ्रमण के दौरान विभिन्न पेट्रोल पंपों का किया औचक निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान मल्होत्रा पेट्रोल पंप अकबरपुर पर एक बाइक सवार के बिना हेलमेट के पाए जाने पर जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंप मालिक को कड़ी चेतावनी देते हुए शासन के निर्देशों का अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि बिना हेलमेट पेट्रोल देने वाले पेट्रोल पंपों की सीसीटीवी कैमरे की चेकिंग कराई जाएगी। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शासन की ओर से पूरे प्रदेश में नो हेलमेट नो फ्यूल नियम का शक्ति से पालन करने का निर्देश दिया गया है जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारीए एआरटीओ और यातायात विभाग को वाहन चालकों को जागरूक किए जाने की भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बाइक चालक को हेलमेट के फायदे बताएंए उन्होंने बाइक चालकों से बिना हेलमेट बाइक नहीं चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट पेट्रोल बेचने वालों की चेकिंग सीसीटीवी कैमरे कराई जाएगी और ऐसे पेट्रोल पंप संचालकों पर कड़ी कार्यवाही तय की जाएगी।

# इफ्को फूलपुर ने लगातार तीसरी बार जीता वॉलीबॉल चैंपियनशिप




प्रयागराज। 15 वीं इफ्को अंतर इकाई क्रिकेट वॉलीबॉल टूर्नामेंट में इफ्को फूलपुर इकाई की टीम लगातार तीसरी बार चैम्पियन बना। फ़ाइनल मुकाबले में इफ्को फूलपुर टीम ने इफ्को पारादीप टीम को 3.1 अंक से हराया। जिसमें मैच प्वाइंट 25.23 25.20 18.25 25.16 रहा। मैन ऑफद मैच व मैन ऑफद सीरीज इफ्को फूलपुर इकाई की टीम के सन्नी दयाल गुप्ता रहे। जबकि इफ्को फूलपुर इकाई की टीम के उप कप्तान सचिन चौधरी को बेस्ट स्मैशर ऑफद टूर्नामेंट का पुरस्कार मिला। फूलपुर इकाई ने टूर्नामेंट टीम के कप्तान एमएए सिद्दकी की अगुवाई में जीता। 15 वीं इफ्को अंतर इकाई क्रिकेट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन इफ्को कांडला गुजरात में 25 फरवरी से 02 मार्च तक चला। अंतर इकाई क्रिकेट . वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन इफ्को कांडला गुजरात में सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्थानीय संस्कृति की झलक के साथ हुआ। इफ्को फूलपुर वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर इफ्को ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी और महामंत्री स्वयम प्रकाश इफ्को इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय और महामंत्री विजय कुमार यादव संयोजक शैलेश शेरकर ने विजेता टीम को बधाई दी। इस ऐतिहासिक जीत से इफ्को फूलपुर की टीम ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा और टीम भावना का परिचय दिया। जिससे पूरे संगठन में हर्ष और गर्व का माहौल बना हुआ है। यह जानकारी स्वयम प्रकाश जनसम्पर्क अधिकारी इफ्को फूलपुर ने दी।

# सात दिवसीय विशेष शिविर हुआ शुभारंभ

बीजपुर/सोनभद्र। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर शक्तिनगर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं तृतीय के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ मंगलवार को चिल्काडांड पंचायत भवन परिसर में ग्राम प्रधान हीरालाल द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। अपने सम्बोधन में ग्राम प्रधान ने समाज सेवा, मानव धर्म कें सारतत्व को बताया। उन्होंने सभी स्वयं सेवकों का स्वागत करतें हुए शिविर के आयोजन के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। शिविर में मुख्य अतिथि सहित सभी सहभागियों का स्वागत इकाई तृतीय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनोद कुमार पाण्डेय ने किया। अपने स्वागत भाषण में डॉ पाण्डेय ने सात दिवसीय विशेष शिविर की कार्य योजना पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अनेक स्वयं सेवकों ने एनएसएस के उद्येश्य प्राप्ति के लिए अपने विचार व्यक्त किये। उद्घाटन सत्र के प्रति सभी सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापन इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रभाकर लाल ने किया। स्वयं सेवक अभिषेक द्विवेदी ने एनएसएस संकल्प पत्र का बाचन किया।


पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 5 मार्च, 2025



# मणिपुर की स्थिति

## सामान्य स्थिति बहाल

**मणिपुर** में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की विदाई तथा अरंबाई टेंगोल-एटी द्वारा हथियार सौंपने से राज्य में सामान्य स्थिति बहाल होने के संकेत मिल रहे हैं। मणिपुर में मैतेई और कुकी-जोमी समुदायों के बीच नस्ली तनावों के कारण पैदा टकराव में हालिया सप्ताहों में कुछ सकारात्मक संकेत देखने को मिले हैं। अरेबाई टेंगोल-एटी द्वारा हथियार सौंपने, अमित शाह द्वारा सभी सड़के खोलने के कठोर दृष्टिकोण तथा मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद हिंसा पीड़ित राज्य में शांति की नई संभावनायें पैदा हुई हैं। लेकिन तनाव बने रहने तथा क्षेत्र में हथियारों की लगातार मौजूदगी से सच्चे सुलह-समझौते की प्रक्रिया जटिल चुनौती बनी हुई है। एक हालिया सर्वाधिक उल्लेखनीय घटना 27 फरवरी को एटी समूह द्वारा 246 अथियार सौंपना है जिसके लिए मणिपुर के गवर्नर अजय कुमार भल्ला ने अपील की थी। इस कदम को तनाव घटाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है क्योंकि यह राज्य में मई, 2023 में नस्ली हिंसा शुरू होने के बाद हथियार सौंपने की सबसे बड़ी स्वैच्छिक कार्रवाई है। लेकिन सुरक्षा अधिकारियों व प्रेक्षकों ने चेतावनी दी है कि हथियार सौंपने की यह गतिविधि संभवत: एटी की पूरी जुझारू शक्ति समाप्त होना न हो। खबरों से संकेत मिलता है कि लूटे गए संवेदनशील हथियारों का केवल एक हिस्सा ही वापस किया गया है तथा सौंपे गए हथियारों में देशी हथियारों का बड़ा हिस्सा है। इसके साथ ही एटी ने कुछ शर्तों, जैसे पूर्ण सुरक्षा गारंटी तथा सदस्यों को माफी की बात कही है। इससे संकेत मिलता है कि इस चरमपंथी समूह का अभी काफी समर्थन बना हुआ है।



केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा 8 मार्च से मणिपुर के सभी राजमार्गों पर मुक्त आवागमन सुनिश्चित करने का निर्देश सामान्य स्थिति बहाल करने की दिशा में निर्णायक कदम है। सड़कों पर बाधायें राज्य की स्थाई समस्या है जिसका व्यापार, आवश्यक वस्तुओं के परिवहन तथा क्षेत्र के समग्र आर्थिक स्थायित्व पर असर पड़ता है। सरकार द्वारा अवैध बंकर समाप्त करने तथा नशा व्यापारियों पर निशाना लगाने की प्रतिबद्धता कानून-व्यवस्था बहाल करने के व्यापक लक्ष्य का अंग है। लेकिन इन निर्देशों के क्रियान्वयन के बारे में चिन्ता बनी हुई है। सभी सड़कों का खुला रखना सुनिश्चित करने के लिए समुचित संख्या में सुरक्षा बलों की निरंतर उपस्थिति अनिवार्य है क्योंकि निहित स्वार्थी समूह नई बाधायें खड़ी करने के प्रयास करेंगे। इसके साथ ही नशे पर लगाम लगाना भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है जिसे समुदायों को प्रभावित किए बिना ही लागू किया जाना चाहिए क्योंकि नस्ली समुदाय पहले से ही स्वयं को हाशियाकृत अनुभव कर रहे हैं। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे तथा मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने से राज्य में सत्ता समीकरण बदले हैं। कुछ लोग पूर्व मुख्यमंत्री को एटी व मैतेई समूहों का खुला समर्थक मानते थे जिन्होंने नस्ली हिंसा में भूमिका निभाई थी। मुख्य मुद्दा मैतेई व कुकी-जोमी समुदायों के बीच विभाजन है जिसे संबोधित किया जाना चाहिए। दोनों पक्ष एक दूसरे को संदेह की नजर से देखते हैं और बिना दीर्घकालीन सुलह-समझौते की योजना के तनाव फिर से उभर सकता है। हथियार सौंपने के बावजूद अभी हजारों संवेदनशील हथियार गायब हैं जो सुरक्षा पर बड़ा खतरा पैदा करते हैं। कुकी-जोमी समूहों द्वारा अलग प्रशासन की मांग एक विवादास्पद मुद्दा है। सभी समुदायों की राजनीतिक आकांक्षाओं को संबोधित किए बिना शांति प्रयासों में स्थायित्व आने की समस्या बनी रहेगी। उम्मीद करनी चाहिए कि केन्द्र सरकार शीघ्रतिशीघ्र मणिपुर में सामान्य स्थिति को स्थाई बनाने में भी सफल होगी।

# महाकुंभः विकास भी, विरासत भी

**व्यापक पैमाने वाले पर्यावरण-हितैषी व्यवहारों से लेकर भारतीय परंपराओं के असीम विवेक तक महाकुंभ ने प्रकृति के साथ सामंजस्य वाले विकास का नया माडल हमारे सामने पेश किया है।**



**अनुराग सक्सेना**
(लेखक, पर्यटन क्षेत्र से संबद्ध हैं)



व्यापक पैमाने वाले पर्यावरण-हितैषी व्यवहारों से लेकर भारतीय परंपराओं के असीम विवेक तक महाकुंभ ने प्रकृति के साथ सामंजस्य वाले विकास का नया माडल हमारे सामने पेश किया है। दुनिया की आधी जनसंख्या को अपने आप में समेटने वाला चक्र एक आकर्षक अवधारणा है। विश्व के मानचित्र पर ऐसे चक्र की कल्पना अपने आप मे आश्चर्यजनक है। इस चक्र में वियतनाम के पूर्वी तट पर स्थिति 'बीबू खाड़ी' केन्द्र पर है जिसका व्यास 4,000 किलोमीटर है और इसमें दक्षिणी चीन, दक्षिणपूर्व एशिया तथा भारतीय उपमहाद्वीप शामिल है। लेकिन यह चक्र अपने आप में आश्चर्यजनक प्रतीत होता है। इस चक्र में दुनिया के भू-क्षेत्र का केवल 9 प्रतिशत हिस्सा शामिल है, पर इसमें दुनिया की आधी जनसंख्या निवास करती है।

यदि इस सरल यथार्थ के साथ ही औपनिवेशिक शासनों द्वारा की गई लूट को शामिल कर लिया जाए तो स्पष्ट होता है कि इस चक्र में रहने वाले ज्यादातर लोग वंचित व दयनीय स्थिति में क्यों रह रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए स्पष्ट है कि आखिरकार दुनिया के अधिकांश 'प्रगतिशील' कहे जाने वाले विचार 'विकसित पश्चिमी देशों' से क्यों आते हैं, जिनमें टिकाऊ विकास, पर्यावरण संरक्षण, खोज या शिक्षा तक शामिल हैं।

ऐसे में कोई आश्चर्य की बात नहीं कि दुनिया के तथाकथित गंदे व बिना कपड़ों के रहने वाले बहुसंख्य लोगों पर ये विचार विकसित पश्चिमी देशों तथा वहां से आए औपनिवेशिक शासकों द्वारा थोपे गए और अधिकांश लोगों द्वारा स्वीकार भी किए गए। लेकिन इन आयातित विचारों ने एक भयानक विभीषिका को भी जन्म दिया।

यह विभीषिका न केवल अधिकांश जनता, बल्कि पूरे ग्रह के लिए भी थी। इन आयातित विचारों के प्रभाव से स्थिति इतनी खराब हुई है कि अब इस ग्रह से बाहर निकलने की भावना यहां के अधिकांश सबसे बड़े खरबपतियों की मूल भावना बन गई है। इस प्रकार पुरानी कहावत के अनुसार अब 'बाड़ अपनी फसल खुद खाने लगी' है।

इस स्थिति के एकदम उलट महाकुंभ एक वैकल्पिक माडल के रूप में हमारे सामने आया है। भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म में मोक्ष को सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान मिला है। इस तरह एक प्रकार से महाकुंभ को पश्चिम के विनाश पैदा करने वाले विकास माडलों से भी 'मोक्ष' की भावना वाला कहा जा सकता है। भारत में व्याप्त इसी भावना से प्रेरित हो कर 1.4 मिलियन जनसंख्या वाले प्रयागराज शहर में एक महीने में 500 मिलियन से अधिक लोग महाकुंभ आयोजन में आए। इसे दूसरे व्यापक संदर्भ में देखें तो स्पष्ट होगा कि इस शहर में रहने वाले चार लोगों के शहरी परिवार में जैसे अचानक 1400 लोग आ गए।

यह अचानक जैसे आधी दुनिया के चक्र का यहां प्रकट हो जाना रहा हो। यदि प्रयागराज के स्थान पर दुनिया का कोई दूसरा शहर रहा होता तो वह 1400 गुना अधिक लोगों के आने से ध्वस्त हो गया होता। लेकिन इस शहर ने न केवल इतने लोगों का प्रबंधन किया, बल्कि वास्तव में इस बात का उदाहरण भी प्रस्तुत किया कि टिकाऊ विकास की अवधारणाओं के बावजूद मानवता अचानक इस प्रकार बड़ी संख्या में आने वाले लोगों से कैसे व्यवहार कर सकती है।

महाकुंभ के आयोजन ने यह दिखा दिया कि भारत की जनता इतने विशाल आयोजनों में किस प्रकार से अधिकतम सहयोग कर सकती है। हम में से जिन लोगों ने व्यक्तिगत रूप से महाकुंभ में भाग लिया वे वहां व्याप्त स्वच्छता और उसके रखरखाव से अभिभूत हो गए। हमने गौर किया कि प्रयागराज में इस आयोजन के दौरान प्लास्टिक के बजाय बड़े पैमाने पर बांस, एस्ट्रोटर्फ के बजाय जूट के बोरों, डीजल मोटरों के बजाय चप्पुओं से चलाई जाने वाली नावों तथा फासिल ईंधन से चलने वाले वाहनों के स्थान पर ई-रिक्शा का प्रयोग किया गया। इसके साथ ही महाकुंभ में डिस्पोजेबल मिनरल वाटर बोतलों के स्थान पर आरओ से शुद्ध किए जल का प्रयोग किया गया।

महाकुंभ में आए 50 करोड़ से अधिक श्रृद्धालुओं ने सूखी पत्तियों से बने दोनों का प्रयोग किया, जबकि 'विकसित' देशों में छोटी जन्मदिन पार्टियों में भी लोग सिंगल-यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग आमतौर से करते हैं। लेकिन शायद बहुत कम लोगों ने ही इस बात पर गौर किया होगा कि भारत के सबसे बड़े प्लास्टिक बाई-बैक कार्यक्रम का लक्ष्य रिसाइक्लिंग है। महाकुंभ में बचे-खुचे प्रसाद का प्रयोग जानवरों के लिए चारे के रूप में प्रयोग होना शुरू हुआ। यहां कांपैक्टर ट्रक चौबीसों घंटे काम करते थे तथा सौर शक्ति से संचालित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगातार काम कर रहे थे। इस प्रकार महाकुंभ में जारी टिकाऊ विकास के प्रयास एक अदृश्य नायक की तरह सामने आए। यह एक प्रकार से उस भारतीय संस्कृति के अंतर्निहित मूल्य प्रदर्शित करता था जिसमें परस्पर-निर्भरता को बहुत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है तथा प्रकृति के अनुसार जीवन जीने को जीवनशैली के केन्द्र में रखा जाता है।

व्यापक रूप से देखें तो हाल ही में समाप्त टिकाऊ विकास पर कुंभ विश्व सम्मेलन ने इस अवधारणा को व्यापक रूप से व्याख्यायित किया। इसमें भारत के समृद्ध इतिहास तथा संस्कृति से समुचित सबक सीखे गए।

इस सम्मेलन में एक दर्जन से अधिक 'गिरमिटिया देशों' के मंत्रियों ने टिकाऊ विकास के बारे में अपने द्वारा सीखे सबकों का साझा किया। इनमें से अधिकांश की जड़ें प्राचीन भारतीय विवेक में निहित थीं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने स्वयं भाषा में निहित टिकाऊ विकास को सरल भाषा में व्यक्त किया।

उनके अनुसार 'दोहन' शब्द, यानी गाय से दूध दुहने को दो -हन इसलिए कहा जाता है क्योंकि प्राचीन विवेक के अनुसार गाय के केवल दो थनों से दूध निकालना चाहिए तथा बाकी उसके बछड़े के लिए छोड़ देना चाहिए। इसके उलट औद्योगिक स्तर पर दूध उत्पादन में गायों को हारमोन दिए जाते हैं और यह व्यवहार 'विकसित' पश्चिमी देशों में आम हो गया है। राम माधव ने प्राचीन भारतीय विवेक के आधुनिक व्यवहारों से संगम का आह्वान किया क्योंकि इसके बिना दुनिया में टिकाऊ विकास का संकट कभी हल नहीं हो सकता है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण और टिकाऊ विकास ऐसी चुनौतियां हैं जिनका सामना शिखर सम्मेलनों में नहीं हो सकता है, बल्कि इसके लिए वैश्विक स्तर पर समृद्धतम विचारों का कनवर्जेंस होना चाहिए। वर्तमान शिखर सम्मेलन की तात्कालिकता को सुरेश प्रभु ने बहुत स्पष्ट रूप से सामने रखा। उन्होंने पूछा कि क्या दुनिया में हजारों साल के इतिहास और ज्ञान के बावजूद हम अगले 100 साल के बारे में भी कुछ निश्चित रूप से कह सकते हैं? पश्चिम की तेल और गैस फूंकने वाली अर्थव्यवस्थायें टिकाऊ विकास के बारे में चिन्ता करती रहेंगी। वे बड़े-बड़े वादे करेंगी और निजी जेटों में टिकाऊ विकास सम्मेलनों में भाग लेने के लिए जाती रहेंगी। अतीत की खनिजों का अत्यधिक प्रयोग करने वाली अर्थव्यवस्थाओं ने संतुलन बरतने से इनकार किया। वे इस भ्रम में जीवित रहेंगी कि जहरीले पूंजीवाद का विकल्प पेश करने वाले वे कम्युनिस्ट देश हैं, लेकिन अपनी जनता और इस धरती को भारी नुकसान पहुंचाएंगे।

भारत में हमें यह सरल यथार्थ स्वीकार करना होगा कि तोड़ने वाली चीजें कुछ जोड़ नहीं सकती हैं। भारत अपने प्राचीन विवेक के आधार पर यह प्रदर्शित कर सकता है कि आप प्रकृति को नुकसान पहुंचाए बिना ढांचागत संरचना का कहां तक विकास कर सकते हैं। विश्व मंच पर परिपक्वता प्राप्त करने के लिए न हमें अपना अहंकार प्रदर्शित करना चाहिए और न चेहरा छिपाना चाहिए। हमें अपनी आत्मा की शुद्धता और उस विचार माडल पर ध्यान देना चाहिए जिसका निर्यात हम कर सकते हैं।

हमें संतुलन स्थापित करने के लिए अपने सभ्यतामूलक मूल्यों पर ध्यान देना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस सम्मेलन पर दिए बयान में कहा था कि विश्व स्तर पर टिकाऊ विकास प्राप्त करने के लिए हमें एक सरल, पर शक्तिशाली सिद्धान्त का पालन करना चाहिए- 'विकास भी, विरासत भी।'

# सपने ऊंचे देखें और विनम्र रहें!

> **मानसिक और शारीरिक अनुशासन बनाए रखना सफल नेताओं के लिए आवश्यक तत्व हैं। शारीरिक फिटनेस हमारी शारीरिक और मानसिक दोनों सहनशक्ति को बढ़ाती है।**

**रवि वलूरी**
(लेखक, भारतीय रेलवे से संबद्ध हैं)



सफलता एक लक्ष्य या उद्देश्य की सिद्धि है। सफल लोगों की सफलता का राज क्या है? असंभव का सपना देखें, अत्यधिक अनुशासित रहें, समर्पित और दृढ़ रहें, विपरीत परिस्थितियों में भी हर समय उचित निर्णय लें और अंत में सफलता का जश्न मनाते हुए विनम्रता बनाए रखें। सफल होने के लिए, एक इंसान को असंभव का सपना देखना जरूरी है।

सपने साहसी होने चाहिए। व्यक्ति को बड़ा सोचना चाहिए और किए गए कार्यों में साहसी होना चाहिए। रतन टाटा ने केवल अनुयायी न बनकर आगे से नेतृत्व करने पर जोर दिया। नेता बनें, अनुयायी नहीं। एक आदर्श नेता जिम्मेदारी लेता है। नेता के दिमाग का सामना करने और उसे चुनौती देने की जरूरत है। मानव मन चुनौतियों से प्यार करता है। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने पर, यह असंभव को संभव कर दिखाता है। मन रटने से प्रेरित नहीं होता, बल्कि कुछ असामान्य लिखने के लिए प्रेरित होता है।

मानसिक और शारीरिक अनुशासन बनाए रखना सफल नेताओं के लिए आवश्यक तत्व हैं। शारीरिक फिटनेस हमारी शारीरिक और मानसिक दोनों सहनशक्ति को बढ़ाती है व्यायाम के साथ-साथ व्यक्ति को स्वस्थ और संतुलित आहार का सेवन भी करना चाहिए जो बीमारियों को दूर रखता है और चुस्ती और फुर्ती बढ़ाता है। सफल व्यक्ति किसी भी क्षेत्र से हो सकते हैं- खेल, राजनीति, प्रशासन या उद्यमी।

हालांकि, मुख्य सिद्धांत शारीरिक फिटनेस और समय की पाबंदी बनाए रखना और समय पर कार्यक्रम बनाए रखकर विलंब से बचना है। यदि कोई नेता सुस्त है, तो संगठन ढीला, सुस्त और उदासीन हो जाता है। सफलता प्राप्त करने का मंत्र अत्यधिक अनुशासित होना है। ऐसा गुण कर्मचारियों को अपनी उत्पादकता के स्तर को बढ़ाने के लिए भी प्रेरित करता है। आध्यात्मिक पथ पर, एक साधक को उत्साही दृढ़ता बनाए रखने और अपनी साधना को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता होती है। नियमित साधना मन को अपने दृष्टिकोण का विस्तार करने और इस प्रकार परम वास्तविकता को अपनाने का प्रयास करने के लिए प्रेरित करती है। अंतिम विश्लेषण में, यही अंतर्निहित उद्देश्य है यह व्यक्ति को दूसरों पर बढ़त और सहारा प्रदान करता है। कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। कड़ी मेहनत से शीघ्र और कुशल परिणाम प्राप्त होते हैं। इसके बाद दृढ़ संकल्प का गुण आता है। एक साधक, एक खिलाड़ी या एक उद्यमी के लिए आवश्यक रूप से दृढ़ निश्चयी होना आवश्यक है।



दृढ़ निश्चयी दिमाग मजबूत और विकसित दिमाग होते हैं। ये नवीन दिमाग होते हैं और कई तरह के विचारों और सकारात्मक विचारों को जन्म देते हैं। किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए ऐसे दिमाग और व्यक्ति हर समय दृढ़ निश्चयी होते हैं। ऐसे व्यक्तियों का दिमाग अत्यधिक उर्वर होता है और नियमित रूप से जादू पैदा करता है। एक असहनीय स्थिति अविश्वसनीय में परिवर्तित हो जाती है।

यह उनकी अंतर्निहित ताकत है। वे अतीत या भविष्य में नहीं जीते हैं, वे सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए वर्तमान क्षण में जीते हैं। हालांकि, सभी सफल व्यक्तियों, टीमों, कंपनियों या संगठनों की अंतिम पहचान विनम्रता वे कर्तापन की भावना से अछूते रहते हैं और अहंकारी बन जाते हैं। प्रतिस्पर्धी और गलाकाट माहौल में, खेल में आगे रहने के लिए विनम्रता की बहुत बड़ी मदद आवश्यक है।

विनम्रता जिज्ञासा को बढ़ाती है और इस प्रकार सीखने में तेजी लाती है। विनम्रता के बिना, आप कभी भी एक अच्छे श्रोता नहीं बन सकते हैं और अपने आस-पास के ग्राहकों, सहकर्मियों और हितधारकों की आवाज़ों को नहीं समझ सकते हैं। विनम्रता सफलता की असली कुंजी है।

सफल लोग कई बार अपना रास्ता खो देते हैं। विनम्रता उनके अहंकार और आत्म-भोग के जाल को रोकती है। विनम्र लोग सफलता की यात्रा जारी रखने के लिए केंद्रित और भूखे रहते हुए श्रेय और धन साझा करते हैं, रिक पिटिनो लिखते हैं।

## आप की बात

### मौसम का मिजाज

**व्यापार**, खेती सब कुछ मौसम के मिजाज पर निर्भर होने से मौसम की अनुकूलता का कौन इंतजार नहीं करता। वास्तव में मौसम पर ही कृषि का उत्पादन निर्भर करता है। किसान इसका अंदाजा अपने परंपरागत स्त्रोतों से लगाकर ही खेत में अनुकूल फसल की बुआई करता है। मौसम की अनुकूलता और प्रतिकुलता पर सारी अर्थव्यवस्था टिकी हुई है। मौसम की मेहरबानी किसानों ही नहीं आम लोगों को उत्साहित कर देती है, मगर मौसम की बेरुखी सारे समीकरण बिगाड़ कर रख देती है। खेती बिगड़ने का दुष्प्रभाव किसानों से शुरू हो कर आम आदमी तक महसूस होता है। इस बार फिर मार्च की शुरुआत से ही गर्मी ने रफ्तार पकड़ी है इससे आने वाला समय कठिन हो सकता है। इस बार पूरे देश में मार्च से ही भीषण गर्मी शुरू होने के आसार हैं। हरी फसलों में जब दाना पकने का समय आता है तब धीरे-धीरे बढ़ती गर्मी उत्पादन के लिए जरूरी होती है लेकिन अचानक तापमान बढ़ने के कारण फसलें जल्दी पकने लगती इससे उत्पादित फसल की किस्म और उत्पादन दोनों में गिरावट आती ही है। ऐसे में अब हालात के अनुसार फसल और बीजों के प्रयोग के सिवाय दूसरा कोई रास्ता नहीं रह जाता है। इस समय जरुरत इस तरह की किस्में तैयार करने की है जो थोड़े अधिक तापमान को सहन कर सकती हों। यह वैज्ञानिकों की जिम्मेदारी है।

- **अमृतलाल मारू,** इंदौर

### कठोर कार्रवाई जरूरी

**इलाहाबादिया** द्वारा की गई फूहड़ और अश्लील टिप्पणी के मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला बहुत उदार है, जबकि ऐसे मामले में कठोर कार्रवाई की जरूरत थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के लिए दिशा निर्देश और नियम जारी करने के निर्देश दिए हैं जो ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के अनुचित उपयोग को रोकने के लिए आवश्यक हैं। लेकिन दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट ने अश्लील टिप्पणी के आरोपी को जमानत और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर काम करने की इजाजत भी दे दी। इस फैसले से एक गलत नजीर पेश हो सकती है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अश्लील टिप्पणी करना और फूहड़ता फैलाना माफी के योग्य है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अश्लील टिप्पणी और फूहड़ता के मामले में सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। ऐसे मामलों में आरोपियों को जमानत नहीं मिलनी चाहिए और उन्हें ओटीटी प्लेटफॉर्म पर काम करने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। इसके अलावा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को भी अपनी जिम्मेदारी का एहसास करना चाहिए और अश्लील और फूहड़ सामग्री प्रचारित करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रा के नाम पर ऐसी चीजों की अनुमति देना भारत की भावी पीढ़ियों के लिए अत्यधिक खतरनाक है जो अपना बहुत सा समय ऐसे कार्यक्रमों को देखने में बिताते हैं।

- **सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### भारत की गरिमा

**भारत** जो वैदिक संस्कृति का आलोक-पुंज है आज विश्वमंच पर अपनी अद्वितीय गरिमा से प्रकाशमान हो रहा है। युगों से ज्ञान-विज्ञान, दर्शन और सहिष्णुता के आदर्शों को संजोए हुए यह राष्ट्र वर्तमान में अपनी नीति-नैतिकता एवं वैश्विक दृष्टिकोण के माध्यम से नवयुग का सूत्रपात कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में स्वदेशी स्वाभिमान के साथ संतुलन एवं समरसता का परिचय दिया है। वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत पर आधारित भारत की विदेश नीति ने संपूर्ण विश्व को शांति, सहयोग एवं समृद्धि की राह दिखाने का संकल्प लिया है। ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, व्यापारिक सहमति और सुरक्षा जैसे विषयों पर भारत की निर्णायक भूमिका इसकी बौद्धिक क्षमता एवं नैतिक प्रतिबद्धता का साक्षात्कार कराती है। वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा केवल आर्थिक समृद्धि तक सीमित नहीं है अपितु योग, आयुर्वेद और आध्यात्मिक चिंतन के माध्यम से मानव कल्याण की पथप्रदर्शक भूमिका निभा रही है। स्वदेशी रक्षा उत्पादन, डिजिटल क्रांति और चंद्रयान अभियान जैसे प्रकल्प आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने की ओर अग्रसर हैं। भारत-अमेरिका संबंधों में प्रगाढ़ता, यूरोपीय संघ के साथ ऊर्जा एवं व्यापारिक समझौते तथा वैश्विक दक्षिण देशों के प्रति सहृदय दृष्टिकोण भारत की संतुलित कूटनीति के द्योतक हैं।

**अवनीश कुमार गुप्ता,** आजमगढ़

### बच्चों पर दबाव

**भागदौड़** की व्यस्तम जिंदगी में बहुत से माता पिता अपने बच्चों की परीक्षा के समय ज्यादा नंबरों की उम्मीद रखते हैं साथ ही बच्चों पर ज्यादा अंक लाने का दबाव बनाते है। इससे बच्चों में घबराहट तथा एकाग्रता की कमी से भटकाव उत्पन्न होता है । परीक्षा उपरांत कई बच्चे घर से भाग जाते और कई खुदकुशी कर लेते हैं। बच्चों के लिए अंकों की होड़ में शामिल होने के बजाए अपनी एकाग्रता, लगन, विश्वास आदि से की गई पढाई और अपने शिक्षकों द्वारा पढाये गए विषयों को एकाग्रचित होकर मनन करना ही श्रेष्ठ होता है। नबरों के लिए प्रतिस्पर्धा का भाव मन में नहीं रखने से सभी साथ में पढ़ने वाले मित्र बन जाते हैं। वे ताउम्र याद रहते और अपनी मित्रता निभाते है। वैसे हर माता पिता अपने बच्चे के चेहरे पर खुशी देखना चाहता है और पूरा परिवार भी उससे उम्मीद लगाए रखता है। ऐसे में कोई गलत कदम उठाना प्रियजनों के प्रति धोखा ही हो सकता है। बच्चों को कभी घबराना नहीं, बल्कि विपरीत स्थितियों से मुकाबला करना चाहिए। माता-पिता को भी बच्चों पर दबाव डालने के बजाय उनसे मित्रवत व्यवहार करना चाहिए।

- **संजय वर्मा,** मनावर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 5 मार्च, 2025



# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जनपदीय सतर्कता समिति की बैठक

**● बोर्ड परीक्षा को लेकर डीएम ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण**



**संवाददाता।** अमेठी

**आज** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के राजकीय चिकित्सकों (एलोपैथिक) के निजी प्रैक्टिस पर प्रतिबंध हेतु गठित जनपदीय सतर्कता समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह द्वारा समिति के गठन एवं उद्देश्य की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

सीएमओ ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकारी डॉक्टर एलोपैथिक प्राइवेट प्रैक्टिस निर्बंधन नियमावली 1983 यथा संशोधित नियमावली 2003 व 2005 में प्राविधानों एवं शासन की मंशा के क्रम में जनपद के समस्त राजकीय चिकित्सकों को निर्देशित किया गया है कि कोई भी चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस कदापि ना करें, यदि कोई चिकित्सक निजी प्रैक्टिस में संलिप्त पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद के राजकीय चिकित्सालय में कार्यरत चिकित्सकों से इस आशय का शपथ पत्र/प्रमाण पत्र भी लिया गया है कि उनके द्वारा कोई प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं की जा रही है।

बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं समस्त अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को निर्देशित किया है कि आप स्वयं एवं आपके अधीन कार्यरत समस्त चिकित्सकों द्वारा उत्तर प्रदेश सरकारी डॉक्टर एलोपैथिक प्राइवेट प्रैक्टिस निर्बंधन नियमावली 1983 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। वहीं आज प्रथम पाली में आयोजित परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी निशा अनंत ने परीक्षा केंद्र श्री रणन्जय इंटर कॉलेज गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# लोन नदी में बरामद हुआ व्यक्ति का शव, हत्या की आशंका

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे दिर्गज गांव के पास लोन नदी में दलित युवक को शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ है। यह युवक बीते तीन दिनो से रहस्यम ढंग से लापता था। नदी में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका व्यक्त की है। पुलिस ने मामले को गुमशुदगी में दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

जानकारी के अनुसार सरैला मजरे मीठापुर गांव के रहने वाले हरीशंकर रैदास का 33 वर्षीय पुत्र बबलू बीती 3 मार्च को पूरे दिर्गज गांव के रहने वाले एक व्यक्ति के खेतो की सिचांई करने के लिये घर से निकला था। उसके बाद से वह घर वापस नही लौटा। अभी तक परिजन यह मान रहे थे कि पड़ोसी गांव पूरे दिर्गज में रहकर वह मजदूरी कर रहा है। मगर जब आज पूर्वान्ह उसका शव जब नदी से बरामद हुआ तो घरवालों के होश उड़ गये। परिजनो ने बताया कि बीती 3 मार्च को उसे भोर साढ़े छह बजे के लगभग खेतो में पानी लगाने के लिये बुलाया गया था। परिजनो ने आशंका जताई और कहा कि उसे करंट लगाकर मारा गया है या फिर पानी में डुबोकर उसकी हत्या की गई है। मृतक को दो पुत्र व एक पुत्री है। उसकी पत्नी रेनू का रो-रो कर बुरा हाल है।

उधर कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिह ने बताया कि मामले को दर्ज कर तथा फोरेंसिक टीम का मौका निरीक्षण कराकर जांच तथा आवश्यक पड़ताल व कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद घटना की सही स्थिति का पता लग सकेगा। इस बाबत पुलिस उपाधीक्षक अनिल कुमार सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की।

# गोंडा की 106 ग्राम पंचायत बनेगी पेरी अर्बन ग्राम पंचायतः जिलाधिकारी

**संवाददाता।** गोंडा



**मंगलवार** को जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के तहत निर्मित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट से रिसाईकिल किये गये सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग तथा पेरी अर्बन ग्रामों/ग्राम पंचायतों के चिन्हांकन पर विचार किया गया।

बैठक के दौरान समिति को बताया गया कि भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में जनपद में रिन्यूवल कार्य हेतु प्रस्तावित मार्गों में वेस्ट प्लास्टिक का उपयोग करते हुये 30 एमएम बिटुमिनस कॉन्क्रीट का कार्य किये जाने हेतु प्रस्तावित किया गया है। प्रस्तावित लम्बाई में विशिष्टियों के अनुसार अनुमानतः 01 टन प्रति किलो मीटर वेस्ट प्लास्टिक का उपयोग होना है। इस प्रकार रिन्यूवल हेतु प्रस्तावित मार्गों पर वेस्ट प्लास्टिक की खपत होगी। जो पर्यावरण संरक्षित किये जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण लैन्डमार्क साबित होगा। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु विकास खण्ड-वजीरगंज की ग्राम पंचायत-वजीरगंज में प्लास्टिक वेस्ट मैनेंजमेंट यूनिट स्थापित किया गया हैं। जिसमें सिंगल यूज वेस्ट प्लास्टिक को रिसाईकिल करके, निर्धारित आकार में श्रेडिंग कराया जा रहा हैं। जिससे जनपद में सड़क निर्माण से सम्बन्धित कार्यदायी संस्था/विभाग द्वारा खपत किये जाने तथा यूनिट पर संग्रहित किये गये अन्य प्लास्टिक वेस्ट को लोकल स्तर पर कबाड़ियों से लिंक करते हुए वेस्ट प्लास्टिक के बिक्री/निस्पादन किया जायेगा।

जनपद में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना अंतर्गत ग्राम पंचायतों में कूड़े का घर घर ई-रिक्शे के माध्यम से कूड़े को कलेक्ट करते हुए कूड़े का निस्तारण कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत में जनता एवं अन्य प्रतिष्ठान द्वारा स्वेक्षा से कुछ सुविधा शुल्क दिया जा रहा है, परन्तु कार्य लगात से स्वेक्षा शुल्क कम प्राप्त हो रहा है। इसलिए आगामी 1 मई से जनपद में कूड़े निष्पादन हेतु निर्धारित सुविधा शुल्क लागू होगा।

# उदया इंटरनेशनल स्कूल में हुआ शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन



**संतकबीरनगर।** उदया इंटरनेशनल स्कूल में अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदय राज तिवारी रहे। उन्होने नन्हे-मुन्हे बच्चों के भाव विचार देखकर उनकी प्रशंसा किये। विद्यालय परिवार द्वारा अभिभावको का स्वागत किया गया तथा बच्चों को चन्दन लगाकर भारतीय संस्कृति का प्रकाश लाया गया।

शुभारम्भ माँ सरस्वती के गीत से प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने किया। विद्यालय परिवार प्रमुख उदय राज तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति में सभी स्वजनों का स्वागत अभिनंदन तस्कीन, अलीना दिशा, ऋषिका, कामना, काव्या, सुरभि ने सुमधुर स्वागत गान से किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रबंधक उदय राज तिवारी ने कहा कि शिक्षा जगत में क्षेत्रवासियों को बढ़ाये जाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की आर्थिक दशा एक सामान नही होती है इसका भी ध्यान विद्यालय परिवार कर रहा है। विभिन्न कठिनाईयों के निवारणार्थ के लिए वह संकल्पित है।

# डीएम ने की प्रोजेक्ट अलंकार कार्यों की समीक्षा

**● लापरवाही पर अधिकारियों को लगाई फटकार**

**● निर्माण कार्यों का सत्यापन और शीघ्र हस्तांतरण के निर्देश**

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत माध्यमिक शिक्षा विभाग में कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पाया कि राजकीय हाईस्कूल तिरही, राजकीय इंटर कॉलेज खरका और राजकीय इंटर कॉलेज मोहाना में कार्य योजना स्वीकृत होने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया।

इस लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, यूपी सिडको का स्पष्टीकरण तलब किया और उनके वेतन पर रोक लगाने के निर्देश दिए। राजकीय इंटर कॉलेज डेकोर, सैदनगर, कदौरा, मुसमरिया, बंगरा, उरई और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज उरई व गोहन में कंप्यूटर कक्ष का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

जिलाधिकारी ने तकनीकी जांच समिति गठित कर सत्यापन कराने और कार्यों को शीघ्र संबंधित संस्थानों को हैंडओवर करने के निर्देश दिए। वर्ष 2024-25 के लिए अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में मरम्मत, पुनर्निर्माण और अवस्थापना सुविधा के तहत कराए गए कार्यों की भी समीक्षा की गई। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा डीएबी इंटर कॉलेज उरई में मल्टीपरपज हॉल का निर्माण एक माह में और आर्य कन्या इंटर कॉलेज उरई का निर्माण दो माह में पूरा करने के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत द्वारा निर्माण कार्यों में देरी पर कड़ा रुख अपनाया गया। जिला परिषद इंटर कॉलेज उमरी और जिला परिषद इंटर कॉलेज नदीगांव में अब तक मल्टीपरपज हॉल का निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ, जिससे जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और संबंधित इंजीनियर को स्पष्टीकरण देने के साथ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

वर्ष 2022-23 के वृहद निर्माण योजना की भी समीक्षा की गई। राजकीय इंटर कॉलेज डेकोर, सैदनगर, कदौरा, मुसमरिया, बंगरा, उरई और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज उरई व गोहन में मल्टीपरपज हॉल का निर्माण समय पर पूरा न होने पर जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के तत्कालीन अधिशासी अभियंता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित सहित विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

# चकबंदी कार्यों में लापरवाही पर होगी कार्रवाईः डीएम



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक मंगलवार को कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने लक्ष्य के अनुरूप कार्य न करने पर अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की चेतावनी दी। बैठक में डीएम ने सहायक चकबंदी अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव व कैलाश नाथ सिंह द्वारा पूरे वर्ष में कोई भी चक न काटने तथा आकार पत्र की धारा 23 के अंतर्गत पिलखिनी, लदेहटा, बाबूपुर एवं लठागुठउपुर तथा धारा 27 के ग्राम खरौंध तथा धारा 52 के गांव खरौध छेछरिया बुजुर्ग, हर्रा और खरूही का कार्य पूर्ण न होने पर राकेश कुमार श्रीवास्तव के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करते हुए चकबंदी आयुक्त को पत्र भेजने के लिए निर्देशित किया गया। डीएम ने निदेशालय द्वारा भेजी गई प्रारूप एक से नौ तक की समीक्षा करते हुए चकबंदी आयुक्त द्वारा दिए गए लक्ष्य को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही धारा सात के 19 ग्राम, धारा आठ के दो ग्राम, धारा नौ के दो ग्राम, धारा 10 के 6 ग्राम, धारा 20 के 10 ग्राम, धारा 27 के 3 ग्राम तथा धारा 52 के 4 ग्राम खरौध, छेछरिया बुजुर्ग, हर्रा एवं खरूही का चकबन्दी कार्य प्रत्येक दशा में मार्च माह में पूर्ण करने को निर्देशित किया। उन्होंने सभी सहायक चकबंदी अधिकारी और चकबंदी अधिकारियों को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि लक्ष्य पूरा नहीं होता है तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, बंदोबस्त अधिकारी मनोहर लाल धर्मान सहित सहायक चकबंदी अधिकारी, चकबंदी अधिकारी, कानूनगो, लेखपाल आदि मौजूद रहे।

# अंतरजनपदीय खेलों का एसपी ने किया शुभारम्भ



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर के निर्देशन में जनपद में 4, मार्च, से 06, मार्च, 2025 तक चलने वाली अन्तरजनपदीय कुश्ती, कलस्टर (महिला/पुरूष), (कुश्ती, बाक्सिंग, बाडी बिल्डिंग तथा आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता) का कांशीराम डिस्ट्रिक्ट स्टेडियम में फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया तथा गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता के शुभारम्भ की घोषणा की गयी। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने विभिन्न जनपदों से आये खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया गया एवं खेल भावना से खेल खेलने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# विद्युत बिल जमा करने की बात सुनकर क्रोधित हो विद्युत कर्मियों को डंडों से पीटा

**संवाददाता।** उरई, जालौन

**सदर** कोतवाली क्षेत्र के राजकीय कालौनी के समीप बकाया बिलों की वसूली करने पहुंचे कर्मियों से एक उपभोक्ताओं से जब बकाया बिल जमा करने की बात कहीं तो वह बुरी तरह से भड़क गया जब तक विद्युत कर्मी कुछ समझ पाते उसने लाठी से ताबड़तोड़ प्रहार करना शुरू कर दिया। उक्त मारपीट की घटना का सोशल मीडिया पर भी वीडियो वायरल हो रहा है।

बकाया राजस्व वसूली के लिए गए विद्युत विभाग के कर्मचारियों के साथ हुई मारपीट उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार महाअभियान के अंतर्गत 1 से 5 मार्च तक बकाया विद्युत राजस्व वसूली का अभियान चल रहा है राजस्व वसूली के लिए जब हरिओम गुप्ता टीजी-2 अपनी टीम संविदाकर्मी ध्रुव गुप्ता, मुकीम कुरेशी एवं अजय कुमार 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र सुशील नगर उरई के साथ सुबह लगभग 11.50 बजे मुहल्ला सुशील नगर वफ्र गोदाम के पास उपभोक्ता अनिल कुमार यादव पुत्र गोविन्द यादव (संयोजन संख्या 9507513101) के घर पहुंचा उपभोक्ता का बकाया विद्युत बिल 31069.00 रुपए जमा करने हेतु मौके पर उपस्थित उपभोक्ता के भाई दीपक यादव उर्फ कल्लू को विद्युत बिल जमा करने की सलाह दी गयी एवं बकाया बिल जमा न करने पर विभागीय नियमानुसार कार्यवाही से अवगत कराया गया परन्तु उपभोक्ता द्वारा बकाया विद्युत बिल जमा करने से मना कर दिया गया।

इसके उपरान्त जैसे ही टीम उपभोक्ता के घर के आगे बढ़ी तभी ही पीछे से दीपक यादव उर्फ कल्लू पुत्र गोविन्द यादव अपने दो साथियों के साथ लाठी लेकर आ धमका और मुझे एवं मेरे साथियों को गाली-गलौज करते हुए विद्युत बकायेदारों की लिस्ट एवं अन्य सरकारी प्रपत्र फाड़ दिये तथा जान से मारने की धमकी देते हुये लाठियों से पीटने लगे व मोबाइल हाथ से छीनने की कोशिश की गई। किसी तरह से प्रार्थी और साथियों ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। मौके पर घटना की सूक्ष्म वीडियोग्राफी की गई। सरकारी कार्य में बाधा डालने, सरकारी प्रपत्र फाड़ने, गाली गलौज करने एवं सरकारी कर्मचारी को जान से मारने की धमकी देते हुये लाठियों से पीटने आदि के कारण दीपक यादव उर्फ कल्लू पुत्र गोविन्द निवासी वफ्र गोदाम के सामने मोहल्ला सुशील नगर उरई के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर संवैधानिक कार्यवाही करने के लिए बिजली विभाग के कर्मचारियों एकत्रित होकर कोतवाली उरई पहुंच कर प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय को प्राथना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

# पुस्तक मेले में लगा स्वास्थ्य शिविर, पोषण किट बांटी



**रायबरेली।** फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज सभागार परिसर में पुस्तक मेले के दौरान एक अनोखी पहल का आयोजन किया गया। पुस्तक मेला समिति ने निश्चय मित्र बनकर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ सजा बिरला और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने भी अपनी भूमिका निभाई।

शिविर का आयोजन प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत किया गया था। क्षयरोग विभाग के सहयोग से लगाए गए इस शिविर में निक्षय स्वास्थ्य शिविर एवं अंगीकरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा के दिशा निर्देशन पर चल रहे 100 दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान के तहत इस शिविर में 100 लोगों की बीपी और 56 लोगों की शुगर जांच की गई। इसके अलावा करीब 50 लोगों की बलगम जांच भी की गई। इस शिविर में उज्जीवन स्माल फाइनेंस बैंक, बिरला कॉरपोरेशन और पुस्तक मेला समिति ने भी अपना सहयोग दिया। इन संगठनों ने 21 मरीजों को पोषण पोटली भी प्रदान की।

# पूछताछ में हुआ खुलासा 21 चार पहिया वाहन अधिकारियों की रेकी में लगे

**कालपी, जालौन।** प्रशासनिक अधिकारियों की निगहबानी कर अवैध परिवहन कराने वालों की मुसीबत बढ़ सकती है। गत दिनों दर्ज हुए मामले में जांच कर रही पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले है। अगर ऐसा हुआ तो कई रसूखदारों के चेहरे भी बेनकाब हो सकते हैं। विदित हो कि गत 31 जनवरी को प्रशासनिक अफसरों ने अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया था। इस दौरान उन्होंने एक चार पहिया वाहन सवार युवक को भी हिरासत में लिया था जो उनकी निगहबानी कर रहा था। हिरासत में लेकर तहकीकात हुई तो लोकेशन का खेल उजागर हो गया था जिस पर खनिज निरीक्षक ने हिरासत में लिए गये युवक के साथ आधा दर्जन युवकों को नामजद कर लगभग 21 चारपहिया वाहनों का भी खुलासा किया था जिसमें बैठकर लोकेशन कारोबारी अधिकारियों की निगहबानी कर अवैध परिवहन का खेल कर रहे थे। पुलिस ने अब तक इस मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार भी किया था और उन्हें जेल भी भेजा गया था। मामले की जांच शुरू हुई तो इस कारोबार की परते उखड़ने लगी है। जानकारो की माने तो पुलिस नामजदों के खिलाफ कार्रवाई तो कर ही रही है बल्कि गाड़ियों के माध्यम से इस कारोबार में शामिल अन्य लोगों के नामों का भी पता लगाया जा रहा है इसके लिए संबंधित परिवहन कार्यालय से गाड़ी मालिक के नाम का पता लगाया जा रहा है जिसमें बनारस, कानपुर नगर व देहात के अलावा झांसी, जालौन तथा अन्य कई जनपद शामिल है। रिपोर्ट आने के बाद उनके नाम भी सामने आने लगे हैं जिसमें कई रसूखदारों के नाम भी शामिल हों सकते हैं। लोकेशन कारोबारी की गिरफ्तारी और मुकदमा दर्ज होने के बाद लगा था कि यह कारोबार अब बंद हो जाएगा लेकिन ऐसा नही हो सका है। महज कुछ दिनों के सन्नाटे के बाद रात में हाईवे फिर गुलजार होना शुरू हो गये है जिसकी हकीकत रात और सुबह हाईवे पर दौड़ती लग्जरी कारों को देखकर लगाई जा सकती है हालांकि मुकदमे नामित चारपहिया वाहन अभी गायब है।

# अनफिट वाहन का प्रयोग करने वाले विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ दर्ज कराएं मुकदमाः जिलाधिकारी

**संवाददाता।** चित्रकूट



**सड़क** सुरक्षा समिति की बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने लोगों को यातायात व रोड़ नियमों के प्रति जागरूक करने, अतिक्रमण हटवाने सहित सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर चालान करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने सीएम योगी द्वारा सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ को भविष्य में होने वाले किसी भी दुर्घटना के मुख्य कारणों की जांच कर ससमय अपनी संयुक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए दिए गए निर्देश की जानकारी ली जिस पर अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग ने बताया कि रिपोर्ट बना ली गई है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि नेशनल हाईवे पर सबसे अधिक दुर्घटना होती है। जनपद के 14 ब्लैक स्पाट चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से 12 एनएच के हैं। इस पर जिलाधिकारी ने नेशनल हाईवे पर कुछ प्रमुख जगह एवं माइनर रोड पर डिवाइडर लगवाएं तथा मऊ में टेबल टाक ब्रेकर लगवाएं। साथ ही जहां पर टी जंक्शन है, वहां पर यातायात चिन्ह् लगवाएं। डीएम ने काली घाटी में ब्लैक स्पॉट के संबंध में लोक निर्माण विभाग को पोर्टेबल बैरियर या रंबल लगवाने के निर्देश दिए।

अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि खोह पुल के प्रगति को बढ़ाने के लिए शासन को पत्र भिजवाएं। मुख्य चिकित्साधिकारी से नए ट्रामा सेंटर बनवाने के लिए जमीन की जानकारी ली। डीएम ने जनपद में संचालित विद्यालयों के वाहन परमिट की जानकारी ली जिस पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि जनपद में संचालित विद्यालयों के 37 वाहन अनफिट है। जिस पर जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय अधिकारी को जांच कर परमिट निरस्त कराने के निर्देश दिए एवं विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा लिखवाने के निर्देश दिए। कहा कि उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकार एवं स्वयं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी टीम बनाकर संयुक्त कार्यवाही करें, अन्यथा कोई दुर्घटना होने पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि यातायात व रोड़ के नियमों से सम्बन्धित एक 15-16 पेज की किताब छपवाकर विद्यालयों में विद्यार्थियों को वितरित करते हुए जागरूक करें। विद्यालय प्रबंधकों से कहा कि विद्यालयों में पैरेंट मीटिंग आयोजित करते समय शिक्षा विभाग व परिवहन विभाग को भी बुलाकर परिवहन के बारे में जागरूक करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस लाइन में बिना हेल्मेट आने वाले पुलिस कर्मियों का चालान करे। यातायात निरीक्षक को धनुष चौराहे पर साउंड लगाकर लोगों को यातायात व रोड नियम बताने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि शहरी मार्गों पर अतिक्रमण हटाकर फल मंडी, सब्जी मंडी के लिए नए वेंडिंग जोन बनाएं। वेन्डिंग जोन के लिए भी स्थल चिन्हित करते हुए पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटवाएं। साथ ही बस स्टैंड के पास बने विद्युत पोल एवं टॉयलेट को हटवाने के निर्देश दिए। कहा कि चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना सुनिश्चित करें। सड़क पर कोई भी वाहन खड़ा ना होने पाए, यह भी दुर्घटना का मुख्य कारण है।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड एक लोक निर्माण विभाग वेद नारायण, अधिशासी अभियंता सीडी वन अखिलेश कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बीडीओ ने पदयात्रा निकाल ग्रामीणों को जागरूक कर बिचौलियों से किया सावधान

**संवाददाता।** कदौरा, जालौन



**शासन** के निर्देश पर प्रत्येक ग्राम पंचायत में आवास सर्वे का सत्यापन चल रहा है। मंशा है कि हर पात्र को आवास का लाभ मिले, सत्यापन करने और आवास दिलाने के नाम पर सर्वेयर और प्रधानों द्वारा लाभार्थियों से पैसा लेने की शिकायतों पर मंगलवार को बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने ब्लॉक क्षेत्र के उसरगांव में जागरूकता पदयात्रा निकाली। डोर टू डोर जाकर लाभार्थियों को जागरूक किया। सर्वेयर और प्रधानों को चेतावनी दी कि कोई भी पात्र योजना के लाभ से बंचित न रहे। आवास सर्वे के दौरान पक्षपात नहीं होना चाहिए।

पदयात्रा के दौरान उन्होंने पूरे गांव का भ्रमण कर कच्चे एवं आवास विहीन पात्र परिवारों का सर्वे किया। जिसमें जीरो पावर्टी सूची में शामिल परिवारों की पात्रता की जांच कर सर्वे सूची में शामिल कराया। विगत पांच वर्षो में आवास से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों की भी जांच कर उनको पात्रता के आधार पर सर्वे सूची में शामिल कराया गया। उन्होंने ग्रामीणों को बिचौलियों से सावधान करने के साथ आवास सर्वे में पैसा मांगने वालो के विरुद्ध जागरुक किया। कहा कि अगर कोई पैसा मांगे तो उसकी सूचना दें, ताकि उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जा सके। पदयात्रा के बाद उन्होंने पंचायत सचिवालय में बैठक कर गांव में कराए गए विकास कार्यों की समीक्षा की। मनरेगा योजना से श्रमिकों को रोजगार देने के साथ पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। आवास सर्वे के लिए बीडीओ द्वारा पदयात्रा निकाल कर जागरूक करने की खबर से सर्वेयर सहित प्रधानों, सचिवों में हड़कंप मच गया। बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने कहा कि योजनाओं में लापरवाही बरतने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पदयात्रा प्रत्येक गांवों में निकाली जाएगी। इस दौरान सचिव मुजाहिर खान, प्रधान, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक आदि मौजूद रहे।

पायनियर

लखनऊ , बुधवार, 5 मार्च 2025



# सीडीओ का बीएसए व डीआईओएस दफ्तर में छापा

- निरीक्षण में 25 कार्मिक मिले नदारद, नोटिस जारी कर मांगा जवाब
- सीडीओ ने सड़क मार्गों के निर्माण की देखी प्रगति



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**मंगलवार** को सीडीओ अभिषेक कुमार ने सुबह 10-10 पर क्रमश: कार्यालय डीआईओएस, बीएसए एवं वित्त एवं लेखाधिकारी का औचक निरीक्षण किया। सीडीओ को देख कार्यालय के अधिकारियो और कर्मचारियों मे हड़कंप मच गया।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने कार्यालय में उपस्थिति पंजिका, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं को जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीआईओएस दफ्तर में सात, बीएसए दफ्तर में 14, वित्त एवं लेखाधिकारी दफ्तर में चार कार्मिक नदारद मिलने पर नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई निश्चित है।

सीडीओ के निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय में कुल 09 कर्मचारियो के सापेक्ष मात्र 02 कर्मचारी उपस्थित पाए गये तथा 07 कर्मचारी प्रधान सहायक अश्विनी कुमार वर्मा, वरिष्ठ सहायक अशोक कुमार सिंह, तौसिफ अहमद, सुरेन्द्र कुमार भारती, राजेश कुमार, आशीष कुमार, परिचायक मंजीत निरीक्षण के समय अनुपस्थित मिले। सीडीओ के पूछने पर ज्ञात हुआ कि जिला विद्यालय निरीक्षक हो रही परीक्षा में जांच हेतु गये है।

मंगलवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने पीडब्लूडी अफसरों संग एलआरपी से इंदिरा मनोरंजन पार्क तक सड़क मार्ग के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और जनहित को सुगम यातायात प्रदान किए जाने के उद्देश्य से स्वीकृत राजापुर चौराहे से नहर पटरी तक फोरलेन कार्य की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। सीडीओ ने धीमी प्रगति पर भड़क उठे। गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति बढ़ाने के लिए निर्देशित किया।

सर्वप्रथम सीडीओ अभिषेक कुमार ने राजापुर चौराहे से नहर पटरी तक स्वीकृत फोरलेन कार्य को त्वरित गति से कराए जाने के उद्देश्य से अफसरों संग स्थलीय निरीक्षण किया। इस मार्ग में पड़ने वाले 24-25 चिन्हित पेड़ों की नियमानुसार कटाई के लिए प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया। इस मार्ग में पड़ने वाली जल निगम की पाइपलाइन की शिफ्टिंग को समय से पूरा करने के लिए जल निगम के उत्तरदाई अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मार्ग पर विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर की शिफ्टिंग के लिए विद्युत महकमे के अफसरों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि उच्चाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र इस कार्य को पूर्ण कराए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद सीडीओ अभिषेक कुमार ने एलआरपी चौराहे से इंदिरा मनोरंजन पार्क तक सड़क के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य की प्रगति देखी।

## चार घरों के ताले तोड़ चोरों ने लाखों की संपत्ति उड़ाई

**चौडगरा, फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के चौडगरा कस्बा में संचालित विद्युत उपकेंद्र की कालोनियों में रहने वाले बिजली कर्मचारियों के तीन सूने घरों व महात्मा गांधी इंटर कालेज के पीछे सूने पड़े घर का ताला तोड़ कर सोमवार की रात चोरों ने लाखों की संपत्ति पार कर दी। पावर हाउस की कालोनी मे जहानाबाद थाना के पूरनपुर गाँव निवासी रोहित कुमार अपनी पत्नी अरुणा के साथ रहते हैं चोर दरवाजे की कुंडी तोड़ अंदर घुसे दरवाजे का ताला तोड़ अलमारी, बक्सा खोलकर अरुणा के भाई की शादी के लिए रखे सोने व चाँदी के आभूषण करीब साढ़े पांच लाख व दो लाख की ले गए। सुबह जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दिया। पड़ोसी मौहार निवासी लाइनमैंन कमलेश के घर चोरी का प्रयास हुआ। दूसरे पड़ोसी किशुनपुर थाना क्षेत्र के कछरा गांव के श्रीलाल की कालोनी का ताला तोड़ चोरो ने चाँदी का बिछुवा व चार हजार नगदी चोरी कर ले गए।

# प्राणघातक हमला करने वालों पर पुलिस मेहरबान क्यों, चल रहा जांच का खेल

**संवाददाता।** फतेहपुर

**छोटी-छोटी** घटनाओं को छिपा लेने की बात से ही बड़े अपराध जन्म लेते हैं और जघन्य अपराध होने और मुकदमा संगीन धाराओं में दर्ज होने के बावजूद मुल्जिमानों पर कार्यवाही करने के बजाए पुलिस जांच के खेल खेल में कुछ तरह वादी को उलझा देती है। जिससे मुल्जिमानों के हौंसले न सिर्फ बुलंद होते हैं बल्कि एक बड़ी वारदात को अंजाम देकर न सिर्फ समाज को भयवश कर देते हैं बल्कि शासन प्रशासन की मंशा के विपरीत करने में माहिर पुलिस की तस्वीर उस वक्त सामने आई जब नगर कोतवाली के ग्राम सनगांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट के दर्ज मुकदमे पर पुलिस द्वारा कार्यवाही न करने पर दूसरी घटना इस क्रूरता के साथ की गयी कि न सिर्फ गांव में दहशत व्याप्त हो गयी बल्कि तीन लोग गंभीर रूप से घायल होने की स्थिति में मरणासन्न की श्रेणी में पहुंचकर फ्तेहपुर से लेकर कानपुर तक उपचार कराने के बावजूद एक माह बाद भी मुल्जिमानों के विरूद्ध कार्यवाही न किये जाने से ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस मुल्जिमानों पर मेहरबान है।

ज्ञातव्य हो कि सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सनगांव निवासिनी मेराजुल पत्नी शफीक ने न्याय के पक्षधर पुलिस अधीक्षक एवं सूबे के मुख्यमंत्री सहित हुक्मरानों को शिकायती पत्र भेजकर पत्र में आरोप लगाया कि भूमि विवाद के चलते गांव के दबंग एवं गैंग बनाकर अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने वाले स्व0 फिज़ा के पुत्र मुस्तकीम उर्फ तबरेज, शब्बो, मुम्ताज, सद्दाम, आजम उर्फ चौमा पुत्र हबीब व वकील अहमद, नूर सबा, यासीन झाम, दायम अली ने उसकी भूमि पर अवैध कब्जा करने के उद्देश्य से ट्रैक्टर लेकर अवैध कब्जा किया था।

जिसका विरोध करने पर उपरोक्त लोगों ने चार दिसंबर को घर में घुसकर न सिर्फ मारपीट कर गंभीर चोंटे पहुंचाई बल्कि घर में सुरक्षा की दृष्टि से लगे सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ डाला। जिस पर बमुश्किल कोतवाली पुलिस ने उपरोक्तों के विरूद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा तो दर्ज कर लिया पर कार्यवाही नहीं की।

जिसके चलते पुन: छह फ्रवरी को तांडव मचाते हुए इस कदर मारपीट ही नहीं किया बल्कि ट्रैक्टर ट्राली भी पति और बेटे पर जान से मार देने की नियत से चढ़ा दिया।

जिससे हाथ पैर और पसलियां तक टूट गईं। जिस पर पुलिस ने संगीन धाराओं में पुन: मुकदमा दर्ज किया। जिसमें सात साल से अधिक की सजा और आजीवन कारावास तक का प्राविधान है। जिसके बावजूद मुल्जिमानों पर आज तक पुलिस कोई भी कार्रवाई नहीं की।

# गजनेर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर लूट की घटना का किया खुलासा



**कानपुर देहात।** जनपद की गजनेर थाना पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक के कुशल नेतृत्व में 24 घण्टे के भीतर लूट की घटना का खुलासा करते हुये 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, लूटे गये आरोपियों के पास से पुलिस ने लूटे गये रूपये, तमॅचे व अन्य सामान बरामद किया है। सोमवार को गजनेर थाना क्षेत्र के नहोली निवासी ने अपने साथ जलालपुर नागिन के पास रविवार की रात्रि 4 व्यक्तियों द्वारा लूट करने की सूचना पर मुकदमा दर्ज किया गया था, प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव के नेतृत्व में 4 टीमों का गठन किया गया था, एसपी बीबीजीटी एस मूर्ति स्वयॅ मामले के खुलासे के लिये सक्रियता के साथ पुलिस बल को दिशा निर्देश दे रहे थे। घटना में प्रकाश में आये 4 अभियुक्त सूरज मिश्रा निवासी मोहाना, राज ठाकुर निवासी चितरिया, विकास सॅखवार निवासी चितरिया, आकाश पुत्र शिवशॅक्र निवासी कोरारी को गजनेर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार यादव व पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सटीक सूचना पर रठगॉव नबीपुर मार्ग बगिया शिव मन्दिर ग्राम कोरी गजनेर में गिरफ्तार कर लिया गया, अभियुक्तों के पास से पुलिस ने 6 हजार की नकदी, दो तमंचे 2 जिन्दा कारतूस बरामद किये।

# भौरा गांव में निर्मित हो रही करोड़ों की लागत की नहर में धांधली की जांच शुरू

**संवाददाता।** हमीरपुर

**लघु** डालनहर विभाग से सुमेरपुर विकास खंड के भौरा डांडा गांव में निर्मित हो रही करोड़ो की लागत से नहर में टेंडर धांधली व किसानों के मुआवजा न देने पर जिलाधिकारी के आदेश पर सीडीओ ने दो सदस्यीय कमेटी बनाकर जांच शुरु करा दी है, इसके पहले की गयी शिकायतों की विंदुओ पर भी जांच करने को कहा है। शिकायत भाकियू ने जिलाधिकारी से की थी।

लघुडाल नहर धांधली के मामले में हमेशा सुर्खियो में रहा है, करोड़ो की लागत से भौरा गांव के पास हो रही नहर में भारी धांधली की शिकायतें शासन से की जा रही थी,इधर भाकियू के जिलाध्यक्ष निरंजन सिंह राजपूत ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी कि विभाग के एक्शियन शरद चौहान व सहायक अभियंता ने किसानों की भूमि में जबरन नहर का निर्माण कराना शुरु कर दिया है,टेंडर में भारी धांधली की गयी है। शासनादेश के नियम कानून को ताक में रखकर काम किया जा रहा है। यही नही विभागीय अभियंता ग्रामीणों के विरोध करने पर शासन के मंत्री का हवाला देकर भय दिखाया जा रहा है। जिससे ज्यादातर किसान दहशत में है किसान जुबान खोलने को तैयार नही है,इसके अलावा अन्य ढेर सारी शिकायते किसान नेता ने की है।

इसके पहले भी शिकायते की गयी थी,मामले को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुये उपायुक्त श्रम रोजगार योजना व एक्शियन मौदहा डैम की कमेटी गठित कर जांच करने के आदेश दिये है यही नही सीडीओ ने जांच कमेटी से कहा है कि पिछले 17 सितम्बर 2024 को लघुडाल नहर विभाग के खिलाफ जिन विंदुओ में जांच करने को कहा गया था। उन सभी की जांच कर आख्या शीध्र दे ताकि जिलाधिकारी को समय से रिपोर्ट भेजी जा सके। बताया जाता है कि जबसे लघुडाल नहर विभाग के एक्शियन शरद चौहान ने कार्यभार संभाला तबसे विभाग में भ्रष्टाचार चरम में पहुच गया है।किसानों की रत्ती भर नही सुनी जा रही है सहायक अभियंता व एक्शियन कभी भी दफ्तर में नही बैठते है जिससे किसान अधिकारी व सरकार को कोसते हुये चला जाता है। इस मामल में सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला ने बताया कि जांच करायी जा रही है जांच रिपोर्ट आने के बाद कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

इस मामले में अधीक्षण अभियंता प्रेमपाल सिंह ने बताया कि उन्होने दो मर्तवा भौरा गांव में निर्मित हो रही नहर का दौरा किया है गुणवत्ता युक्त काम करने के निर्देश दिये है। किसानों का मुआवजा नही दिया गया है इसके लिये आदेश भी दिये है,उन्होने कहा कि एक्शियन को दफ्तर में बैठने के लिये कहा है ताकि किसान निराश न हो। शीघ्र ही वह जिले का दौरा करेंगे।

## प्रधान पुत्र का हत्यारा मुठभेड़ में गिरफ्तार



**खागा, फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के भीमपुर गांव में बीते दिन प्रधान पुत्र की हत्या के मुख्य आरोपी रामू पासवान को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। यह मुठभेड़ थाना खखरेरू क्षेत्र के ग्राम भीमपुर मंझनपुर के पास हुई, जिसमें आरोपी को गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। थानेदार बच्चेलाल के अनुसार, रामू पासवान बीते दिनों हुई हत्या के मामले में वांछित था और फ्रार था। घटना के बाद से गांव ने दहशत थी। पुलिस को उसकी लोकेशन मिलने पर घेराबंदी की गई। खुद को घिरा देख आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से वह घायल हो गया। उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आई खून जांच की अत्याधुनिक मशीन





**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जिला मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर नागरिकों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा प्रदान करनें के लिये नगर के मोहल्ला अफ्सरी स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में अत्याधुनिक खून जांच मशीन स्थापित की गई है। डा. अजीत कुमार नें कहा कि इस मशीन की सहायता से नगर के लोग अपनी खून की जांच करवा सकते हैं और स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं का जल्द निदान पा सकते हैं। मंगलवार को जिला मुख्य चिकित्साधिकारी डा. स्वदेश कुमार के निर्देश पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में डा. अजीत कुमार की मौजूदगी में कर्मियों को मशीन चलानें की टेऄनिंग दी गई। इस दौरान उन्होनें बताया कि इस मशीन से समस्त प्रकार की जॉचें जैसे बुखार, वायरल मार्कर, टायफ्यड, मलेरिया, डेंगू, सुगर, वीपी की निशुल्क जॉचें एवं सभी प्रकार की दबाईयां मौजूद हैं। इससे पूर्व उन्होंने कर्मियों के साथ नगर के मोहल्ला आजादनगर स्थित लकी दिव्यांग विद्यालय में दिव्यांगों के लिए मेडिकल कैंप लगाकर 32 दिव्यांग बच्चों की निशुल्क जांच कर आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। दिव्यांगों को बेहतर इलाज और राहत देने के उददेश्य से उन्होनें मानसिक विक्षिप्त समस्याओं से जुडे बच्चों को सलाह दी।

# एसडीएम व सीओ की मौजूदगी में घोष थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक

**संवाददाता।** फतेहपुर



**रमजान** माह व होली पर्व को शान्तिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने के लिए सोमवार को सुल्तानपुर घोष थाना परिसर में खागा एसडीएम व क्षेत्राधिकारी की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में थाना क्षेत्र के सभी धर्मो के लोगों सहित प्रेमनगर व्यापार मंडल, ग्राम प्रधान व संभ्रांत लोग भी मौजूद रहे।

खागा एसडीएम ने बैठक में आए हुए सभी लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहारों को मनाए जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली और रमजान का पर्व चल रहा है इसलिए सभी लोग एक दूसरे के साथ मिलजुलकर खुशियों के साथ पर्व को मनाएं। खागा क्षेत्राधिकारी बृज मोहन राय ने भी थाना परिसर में आए हुए सभी लोगों से होली और रमजान के पर्व को भाईचारे के साथ मनाएं जाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि जहां पर बिजली की तारें हो उस जगह पर होलिका कतई न जलाएं। होली और रमजान दोनों आपसी भाईचारे का पर्व है। रंग की जगह गुलाल का इस्तेमाल करें। होली के दिन कोई भी अपने बच्चों को मोटरसाइकिल न दें।

थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने भी शान्ति समिति की बैठक में आए हुए सभी लोगों से अनुरोध किया कि होली के दिन कोई भी मां बाप अपने बच्चों को मोटरसाइकिल सड़कों पर चलाने के लिए न दें।

सभी लोग भाईचारे के साथ एक दूसरे के पर्व को मिलजुलकर मनाएं और एक मिसाल कायम करें। एक दूसरे के साथ गले मिलने से सारे गिले शिकवे दूर हो जाते है। पर्व में किसी भी तरह की हुड़दंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हुड़दंग करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती के साथ पेश आएगी।

## रमजान माह में फलों की दुकान पर उमड़ रहे ग्राहक



**रसूलाबाद, कानपुर देहात।** रहमत और अजमत वाला माह ए रमजान चल रहा है। ऐसे में फलों की दुकानों में काफी भीड़ देखने को मिल रही है। रसूलाबाद कस्बे के झींझक रोड तिराहा और चौराहों पर लगने वाली फलों की दुकानों पर लोग लगातार खजूर,सेब, संतरा,अनार, केला, तरबूज इत्यादि खरीद रहे हैं। रमजान मुबारक का पहला असरा चल रहा है। इन दिनों रोजा रखने वाले लोग खजूर को भी अपने खाने का हिस्सा बनाते हैं। खजूर का सेवन जहां सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद साबित होने के कारण इसका सेवन करते हैं। वहीं, खजूर से रोजा अफ्तार करना सुन्नत माना गया है। खजूर की बहुत किस्में पाई जाती हैं। रमजान शुरु होते ही खजूर की बिक्री बढ़ गई थी।

# मृत्युंजय मां पीतांबरा 1108 कुण्डीय महायज्ञ की ध्वज स्थापना सम्पन्न



**कन्नौज।** सनातन धर्म और वैदिक परंपरा को पुन: जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित मृत्युंजय मां पीतांबरा 1108 कुण्डीय महायज्ञ का भव्य ध्वज स्थापना कार्यक्रम आज सोमवार को कन्नौज के बोर्डिंग ग्राउंड में संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य यज्ञाधीश परम पूज्य रामदास जी महाराज एवं सैकड़ों सनातन धर्मावलंबियों ने यज्ञ स्थल पर ध्वज की स्थापना कर शुभारंभ किया। ध्वज स्थापना के पश्चात यज्ञाधीश रामदास जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि कन्नौज की पावन धरा पर आयोजित यह महायज्ञ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति के जागरण का संदेश है। यज्ञ के माध्यम से न केवल वातावरण की शुद्धि होती है, बल्कि संपूर्ण समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार भी होता है। यह यज्ञ राष्ट्र, समाज और परिवार की उन्नति के लिए आहूत किया जा रहा है, जिसमें भाग लेना प्रत्येक सनातनी का परम कर्तव्य है।

इस महायज्ञ में आहुति देने से न केवल व्यक्ति की आत्मिक उन्नति होगी, बल्कि लोक-परलोक दोनों का कल्याण सुनिश्चित होगा। उन्होंने समस्त जनपदवासियों से 17 मार्च से 29 मार्च तक आयोजित महायज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने का आह्वान किया।

# नाला खुदाई के दौरान गैस पाइप लाइन फटने से हड़कंप, टला बड़ा हादसा



**फतेहपुर।** नगर पालिका परिषद की ओर से कराये जा रहे नाला निर्माण की खुदाई के दौरान गैस पाइप लाइन फ्टने से हड़कम्प मच गया। मौके पर गैस कम्पनी की टेक्निकल टीम ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए सप्लाई बंद की जिससे बड़ा हादसा टल गया। गैस पाइप लाइन के फ्टते ही आस पास मौजूद लोगों में हड़कम्प मच गया। लोग इधर इधर भागने लगे जिससे सड़क पर अफ्रा तफ़्री मच गई। नगर पालिका परिषद की ओर से पुरानी जीटी रोड पर नाला निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। रोज़ की तरह मंगलवार को भी नाले की खुदाई बाकरगंज पुलिस चौकी के समीप चल रही थी। खुदाई का कार्य जेसीबी व मजदूरों द्वारा किया जा रहा था। खुदाई के दौरान जेसीबी के बकेट आईजीएल कंपनी की गैस पाइप लाइन पर पड़ गया। जिससे तेज़ आवाज़ के साथ लाइन फ्ट गयी। अचानक गैस लाइन में ब्लास्ट होने से तेज़ी से गैस रिसाव शुरू हो गया। गैस लाइन में ब्लास्ट होने से राहगीरों व आस पास के दुकानदारों में हड़कम्प मच गया और लोग इधर उधर भागने लगे। अफ्रा तफ़्री में लोग सड़क पर गिरकर मामूली रूप से घायल भी हो गये। नगर पालिका परिषद की ओर से खुदाई कराये जाने की सूचना पहले से ही कम्पनी के लोगों के पास थी जिससे खुदाई के दौरान गैस कंपनी आईजीएल के कर्मी मौके पर मौजूद थे।

# सीडीओ ने ली बेसिक शिक्षा जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक



**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत मिशन, आरटीई, मध्याह्न भोजन योजना, बालिका शिक्षा, समेकित शिक्षा, डीबीटी समेत अपार आईडी जनरेशन को लेकर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि पीएम श्री विद्यालयों में गुणवत्ता परक निर्माण कार्य के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करते हुए उन्हें जल्द से जल्द निपुण विद्यालय के रूप में विकसित किया जाए। वहीँ स्मार्ट क्लास की खराब प्रगति को देखते हुए जिला समन्वयक प्रशिक्षण सौरभ श्रीवास्तव को स्पष्टीकरण जारी किये जाने के निर्देश दिए गए। निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से बच्चों के किए गए आकलन में कम प्रगति को देखते हुए रसूलाबाद, मलासा, राजपुर, सरवनखेड़ा और अमरौधा विकासखंड को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीँ उन्माहोंने कहा कि मार्च माह में शत प्रतिशत अपार आईडी जनरेट न होने की दशा में शिक्षकों के साथ-साथ खंड शिक्षा अधिकारियों का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोक दिया जाए।

# सर्विलांस टीम ने 36 लाख के खोए हुए मोबाइल बरामद कर धारकों को सौंपे

**संवाददाता।** फतेहपुर



**सर्विलांस** टीम की सक्रियता के चलते 36 लाख रूपए के खोए मोबाइल बरामद किए गए। मंगलवार को बरामद सभी मोबाइलों के वास्तविक स्वामियों के बीच पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने वितरण किया। अपने हाथ में खोया मोबाइल पाकर सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे। एसपी ने बरामदगी करने वाली सर्विलांस टीम को पच्चीस हजार रूपए का ईनाम देने की घोषणा की है।

बताते चलें कि शहर सहित जिले में बड़ी संख्या में खोए/गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी के संबंध में चलाए गए अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी दुर्गेश दीप के पर्यवेक्षण में थानों की पुलिस टीम व सर्विलांस सेल के संयुक्त प्रयास से मोबाइलों को इलेक्ट्रानिक सर्विलांस के माध्यम से ट्रेस कर जनपद व आस-पास के जनपदों से विभिन्न कंपनियों के कुल 140 मल्टीमीडिया मोबाइल सेटों को बरामद किया गया। जिनकी कुल कीमत लगभग 36 लाख रूपए है। मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में सभी बरामदशुदा मोबाइल सेटों को पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया। अपने खोए व गुमशुदा मोबाइलों को हाथ में पाकर स्वामियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सभी ने जनपद पुलिस व सर्विलांस टीम का आभार जताया। एसपी ने कहा कि अपने मोबाइल की रक्षा व सुरक्षा अवश्य करें। यदि आपका मोबाइल कहीं गुम हो जाए या खो जाए तो तत्काल इसकी सूचना सर्विलांस टीम को दें। इलेक्ट्रानिक सर्विलांस के माध्यम से मोबाइल को ट्रेस कर बरामदगी का प्रयास किया जाएगा। उन्होने सर्विलांस टीम को पच्चीस हजार रूपए का ईनाम दिए जाने की घोषणा भी की। बरामदगी करने वाली सर्विलांस सेल टीम के प्रभारी निरीक्षक तारा सिंह पटेल भी मौजूद रहे।

## दो सैकड़ा बच्चों के बीच बांटी चिकन पॉक्स की दवा

फतेहपुर। मौसम परिवर्तन के साथ होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, आरोग्य भारती व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन व आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने चिकनपॉक्स बचाव महाभियान चलाया। जिसके अंतर्गत डॉ अनुराग ने प्राथमिक विद्यालय पनी प्रथम के 56, प्राथमिक विद्यालय पनी द्वितीय के 38, प्राथमिक विद्यालय पीरनपुर के 58, राजकीय कन्या प्राइमरी पाठशाला चौक के 48 कुल 200 बच्चों को चिकनपॉक्स के संक्रमण को कम करने व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि प्रदान की। साथ ही सभी बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। डॉ अनुराग यह अभियान अधिकांशत: ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में चलाते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्या मेराज बानो, नौरीन जैदी, साफिया बेगम, सुधा मिश्रा सहित प्रमुख सहयोगी अभिनव श्रीवास्तव संयोजक होम्योपैथिक केमिस्ट प्रकोष्ठ उपस्थित रहे।

# गाय का गोबर एवं गौमूत्र यूरिया का प्रमुख स्रोत है: रमाकांत उपाध्याय




**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** सोमवार की शाम नगर की श्रीधर्मादा समिति गौशाला में मुख्य अतिथि गौ सेवा आयोग सदस्य रमाकांत उपाध्याय एवं चेयरमैन नगर पालिका परिषद विजय शुक्ला रिंकू की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के शुभारंभ से पूर्व मुख्य अतिथि गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय कार्यक्रम अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने गौ सेवकों के साथ गौ माता का पूजन आरती कर गुण खिलाया। गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि रमाकांत उपाध्याय ने कहा कि,गाय की रक्षा, सुरक्षा और पोषण पर सरकार काम कर रही है। गौ माता की सुरक्षा में दूध से हटकर सोचा होगा। गाय किसान के खूंटे पर ही सुखी हो सकती है। गाय के गोबर और गोमूत्र को इकट्ठा करके खाद एवं बायोगैस प्लांट पर काम किया जा रहा है। गाय के गोबर एवं गोमूत्र यूरिया का स्रोत है। इतना ही नहीं गोमूत्र में कैंसर जैसे असाध्य रोगों का इलाज संभव है।

गाय का गोबर की खाद से जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। जिससे बंजर होती खेती को बचाया जाना संभव है। मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में जन सहयोग से योजना के रूप में इस दिशा में काम बड़ी तेजी से किया जा रहा है।

# भारत के सुरक्षा तंत्र को उभरते खतरों से निपटने में सक्षम बने रहना चाहिए: राजनाथ

**भाषा।** नई दिल्ली

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत के सुरक्षा तंत्र को साइबर और हाइब्रिड युद्ध के साथ-साथ अंतरिक्ष आधारित जासूसी जैसे उभरते खतरों से निपटने में सक्षम बने रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आंतरिक सुरक्षा का अभिप्राय केवल आतंकवाद, अलगाववादी आंदोलन और वामपंथी उग्रवाद जैसे पारंपरिक खतरों से निपटना नहीं है, बल्कि इसका मतलब उन गैर पारंपरिक खतरों से निपटने की तैयारी करना भी है जो देश के आर्थिक और सामरिक हितों को अस्थिर कर सकते हैं। सिंह ने कहा, आज के शत्रु हमेशा पारंपरिक हथियारों के साथ नहीं आते हैंअ साइबर हमले, गलत सूचना अभियान और अंतरिक्ष आधारित जासूसी नए युग के खतरों के रूप में उभर रहे हैं जिनके लिए उन्नत समाधान की आवश्यकता है।



रक्षा मंत्री सिंह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और गृह मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से आंतरिक सुरक्षा और आपदा राहत कार्यों के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने अपने संबोधन में वैश्विक सुरक्षा में बढ़ती जटिलताओं तथा आंतरिक और बाह्य खतरों के बीच बढ़ते हुए अंतर संबंध को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, आधुनिक विश्व में सुरक्षा चुनौतियां तेजी से बढ़ रही हैं तथा आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के बीच अंतरसंबंध बढ़ रहा है। सिंह ने कहा, यह जरूरी है कि हमारी संस्थाएं बंदिशों को तोड़कर एक मजबूत, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करें। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को समग्र रूप से देखा जाना चाहिए, विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों को एकीकृत करना चाहिए तथा नवीनतम तकनीकी प्रगति का लाभ उठाना चाहिए। सिंह ने कहा, डीआरडीओ ने भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है और आंतरिक सुरक्षा में इसका योगदान भी उतना ही सराहनीय है। उन्होंने कहा, छोटे हथियारों और बुलेटप्रूफ जैकेट से लेकर निगरानी और संचार प्रणालियों तक, डीआरडीओ के नवाचार हमारे सुरक्षा बलों को सशक्त बना रहे हैं।

सिंह ने डीआरडीओ और गृह मंत्रालय से आह्वान किया कि वे मिलकर ऐसे उत्पादों की एक साझा सूची बनाएं जिन्हें समयबद्ध तरीके से संयुक्त रूप से विकसित और तैनात किया जा सके। उन्होंने कहा, हमारे सुरक्षा बलों को आगे रहने के लिए सर्वोत्तम उपकरणों और प्रौद्योगिकियों की आवश्यकता है। रक्षामंत्री ने कहा, डीआरडीओ का आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित करना उत्साहजनक है, जिसमें छोटे हथियार, निगरानी उपकरण और ड्रोन प्रणाली जैसे उत्पाद आंतरिक सुरक्षा एजेंसियों में तैनाती के लिए या तो शामिल किए जा चुके हैं या उनका आकलन किया जा रहा है। सिंह ने गृह मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल को याद करते हुए बताया कि किस प्रकार सुरक्षा एजेंसियों और वैज्ञानिक संस्थानों के बीच सहयोग से महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति हुई। उन्होंने डीआरडीओ द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों जैसे कॉर्नर शॉट हथियार प्रणाली, इंसास राइफल, आईईडी (संवर्धित विस्फोटक उपकरण), जैमर वाहन और दंगा नियंत्रण वाहनों का उदाहरण दिया, जिन्हें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के संचालन में प्रभावी रूप से शामिल किया गया था। सिंह ने न केवल सुरक्षा के लिए बल्कि आपदा प्रबंधन और मानवीय राहत के लिए भी प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के महत्व पर बात की। रक्षामंत्री ने न केवल सुरक्षा के लिए बल्कि आपदा प्रबंधन और मानवीय राहत के लिए भी प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी की भूमिका सिर्फ रक्षा में ही नहीं है, बल्कि शांति और सामाजिक कल्याण सुनिश्चित करने में भी है। बुलेटप्रूफ जैकेट, ड्रोन, निगरानी उपकरण और ड्रोन रोधी प्रौद्योगिकियों जैसी उन्नत प्रणालियों का उपयोग सिर्फ सुरक्षा अभियानों के लिए ही नहीं, बल्कि आपदा प्रबंधन और मानवीय राहत के लिए भी किया जाना चाहिए। सिंह ने कहा कि चक्रवात, हिमस्खलन, भूकंप और बादल फटने जैसी प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति ने उन्नत बचाव उपकरणों की आवश्यकता को रेखांकित किया है। उन्होंने बताया कि थर्मल इमेजिंग कैमरे, ड्रोन आधारित पहचान प्रणाली और पीड़ितों का पता लगाने वाले उपकरणों जैसी प्रौद्योगिकियों के उपयोग से हताहतों की संख्या और क्षति में काफी कमी लाई जा सकती है। उत्तराखंड के माणा में हाल ही में हिमखंड टूटने की घटना का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री ने जीवन बचाने और आपदा के प्रभाव को कम करने में उन्नत बचाव उपकरणों के उपयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि उन्नत प्रौद्योगिकी के उपयोग से आपदाओं के प्रभाव को न्यूनतम किया जा सकता है। सिंह ने कहा, आज भारत एक समृद्ध राष्ट्र है और आपदा प्रबंधन हमारी तैयारियों का अभिन्न अंग बनना चाहिए। उन्होंने कहा, सुरक्षा एजेंसियों और प्रौद्योगिकी विकास करने वालों का नेतृत्व करना ही पर्याप्त नहीं हैअ हमें आम जनता को भी शिक्षित करना चाहिए। हर नागरिक को पता होना चाहिए कि संकट के समय में कैसे प्रतिक्रिया करनी है। सिंह ने देश के विभिन्न क्षेत्रों के समक्ष उपस्थित विभिन्न सुरक्षा खतरों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, भारत में सुरक्षा संबंधी खतरे एक समान नहीं हैं। पूर्वोत्तर में उग्रवाद के कारण उत्पन्न समस्याएं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों या सीमावर्ती क्षेत्रों से भिन्न हैं। उन्होंने कहा, इसी प्रकार, शहरी सुरक्षा चिंताएं ग्रामीण क्षेत्रों से भिन्न हैं। हमें समर्पित सम्मेलन आयोजित करने की आवश्यकता है जो क्षेत्र-विशेष चुनौतियों और समाधानों पर ध्यान केंद्रित करें।

## ईसाई धर्म अपनाने के लिए बरगलाने की कोशिश के आरोप में व्यक्ति पर मामला दर्ज

**श्रावस्ती।**(भाषा) श्रावस्ती जिले में ग्रामीणों का झाड़-फूंक से इलाज करने के नाम पर उन्हें ईसाई धर्म अपनाने के लिए बरगलाने की कोशिश करने के आरोप में एक व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्रावस्ती के पुलिस अधीक्षक (एसपी) घनश्याम चौरसिया ने पीटीआई-भाषा को बताया, श्रावस्ती जिले के इकौना थानांतर्गत भगवानपुर बनकटवा लोनपुरवा गांव में हरीश सिंह नामक व्यक्ति के विषय में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकर्ता एवं मीडिया के लोगों ने पुलिस को वीडियो दिखाकर आरोप लगाया था कि सिंह गांव में एक छप्पर के नीचे गरीब पुरुषों और महिलाओं को बुलाकर प्रभु ईसा मसीह का नाम लेकर झाड़ फूंक व अन्य तरीकों से कष्ट निवारण के नाम पर धर्म परिवर्तन के लिए बरगलाता है। उन्होंने बताया कि हरीश सिंह कुछ वर्ष पूर्व लुधियाना (पंजाब) में रहने लगा था, जहां से अक्सर वह गांव आता जाता रहता था। इन दिनों वह गांव आया हुआ था। चौरसिया ने बताया, सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक को मौके पर भेजा गया, अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी, स्थानीय थाना पुलिस व अभिसूचना इकाई के अधिकारियों से युक्त एक कमेटी बनाकर जांच शुरू कराई गई। आरोपी हरीश सिंह के खिलाफ सोमवार को उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 की धारा 3 व 5 (गलत बयानी, बल, धोखाधड़ी या किसी तरह के अनुचित प्रभाव का इस्तेमाल कर धर्म परिवर्तन के लिए उकसाने या साजिश रचने) के तहत इकौना थाने में मामला दर्ज कराया गया है। चौरसिया ने बताया कि आरोपी हरीश सिंह फरार है, पुलिस की कई टीम उसकी तलाश में जुटी है और संभावित छिपने के स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। हरीश के पंजाब भागने की संभावना के मद्देनजर पुलिस टीम को पंजाब भेजा जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नेपाल सीमा से सटा जिला होने के कारण सिंह के नेपाल भागने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। नेपाल सीमा पर तैनात अधिकारियों व जवानों को आरोपी का हुलिया इत्यादि भेजा जा रहा है।

## निजी सेवाएं दे रहे सरकारी चिकित्कों पर कार्रवाई करने का दिया निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में नियुक्त उन चिकित्सकों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है, जो निजी संस्थानों में सेवाएं दे रहे हैं। अदालत ने प्रदेश के प्रमुख सचिव (चिकित्सा शिक्षा) के व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर इस मामले की स्थिति का खुलासा करने का निर्देश दिया और इस मामले में अगली सुनवाई की तिथि 26 मार्च तय की। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने चिकित्सक अरविंद गुप्ता की ओर से दायर याचिका पर पारित किया। चिकित्सक गुप्ता ने प्रदेश के उपभोक्ता विवाद निपटान आयोग के अध्यक्ष और सदस्य द्वारा पारित आदेश के खिलाफ यह याचिका दायर की है। अदालत के पूर्व के आदेश के आलोक में प्रमुख सचिव (चिकित्सा शिक्षा) द्वारा एक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल किया गया जिसमें बताया गया कि 37 जिलों के जिलाधिकारियों ने राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है जिसकी सरकार द्वारा समीक्षा की जा रही है। अदालत ने कहा कि पूर्व में दाखिल हलफनामे में यह उल्लेख किया गया है कि निजी सेवाएं देने में संलिप्त चिकित्सकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्वाई शुरू की गई है। मौजूदा हलफनामा में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है कि अनुशासनात्मक कार्वाई किस चरण में है और चिकित्सकों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। अदालत ने राज्य सरकार से जितनी जल्द हो सके, अनुशासनात्मक कार्वाई पूरी करने की अपेक्षा की ताकि पूरे प्रदेश के चिकित्सकों को संदेश जाए और वे सरकारी अस्पतालों में नियुक्त होने के बाद निजी सेवाओं से दूरी बनाएं। इससे पूर्व, अदालत ने आठ जनवरी के अपने आदेश में इस बात पर चिंता जताई थी कि सरकारी चिकित्सक मेडिकल कॉलेजों और सरकारी अस्पतालों में मरीजों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। अदालत ने कहा था, यह एक समस्या बन गई है कि मरीजो को निजी नर्सिंग होम और अस्पतालों के लिए रेफर किया जाता है और सरकार द्वारा नियुक्त चिकित्सक पैसा कमाने के लिए मरीजों को निजी नर्सिंग होम और अस्पताल के लिए रेफर करते हैं।

## महराजगंज में टायर फटने से कार पलटी तीन छात्राओं की मौत, 11 अन्य घायल

**महराजगंज।** महराजगंज जिले में मंगलवार सुबह सिकंदराजीतपुर में धानी-फरेंदा मार्ग पर टायर फटने के कारण एक कार के पलटने की घटना में तीन छात्राओं की मौके पर ही मौत हो गई तथा 11 अन्य छात्राएं घायल हो गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घायलों में से छह की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि अलग-अलग विद्यालयों की 14 छात्राएं सुबह कार से बोर्ड परीक्षा देने जा रही थी। जिले के फरेंदा थाना क्षेत्र के सिकंदराजीतपुर में धानी-फरेंदा मार्ग के पास उनकी कार का टायर अचानक फट गया और वह अनियंत्रित होकर पलट गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में कार सवार चांदनी पटेल (15), गायत्री गौड़ (17) और प्रीति (16) की मौत हो गई। घटना में वाहन चालक और 11 अन्य छात्राएं घायल हो गईं। सभी को धानी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। उनमें से छह गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने बताया कि मृत छात्राओं के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं।

## किसी भी विवादित ढांचे में नमाज नही पढ़ी जा सक्ती : संभल मामले में हिंदू पक्ष के अधिवक्ता

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के शाही जामा मस्जिद मामले में हिंदू पक्ष के अधिवक्ता गोपाल शर्मा ने मंगलवार को दावा किया कि संभल की शाही जामा मस्जिद एक विवादित ढांचा है और कुरान के मुताबिक किसी भी विवादित ढांचे में नमाज नही पढ़ी जा सक्ती है। शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, संभल की शाही जामा मस्जिद एक विवादित ढांचा है। यह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित है। हम (हिंदू) कह रहे है कि यह एक मंदिर है, वे (मुसलमान) कह रहे है कि यह एक मस्जिद है। ऐसे में यह एक विवादास्पद ढांचा हो गई। शर्मा ने कहा, कुरान के अनुसार, किसी भी विवादित ढांचे में नमाज नही पढ़ी जा सक्ती है। यह उनका धार्मिक पाठ कहता है कि उन्हें वहां नमाज नही पढ़नी चाहिए। जब शर्मा से पूछा गया कि क्या हिंदू पक्ष अब वहां पूजा करने की अनुमति मांगेगा, तो उन्होंने कहा, पहले उनका (मुस्लिम) जवाब आने दें।

# अयोध्या सनातन धर्म, सिख धर्म का संगम स्थल : केंद्रीय मंत्री पुरी

**नई दिल्ली।**(भाषा) केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने अयोध्या में राम मंदिर में दर्शन किए और ऐतिहासिक गुरुद्वारे में मत्था टेका। उन्होंने पवित्र शहर को सनातन धर्म और सिख धर्म का संगम स्थल बताया। पेट्रोलियम मंत्री ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के अयोध्या की अपनी यात्रा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं, जिसमें उन्होंने मंदिर शहर के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने एक्स पर किए गए पोस्ट में कहा कि अयोध्याधाम, सनातन धर्म और सिख धर्म की पवित्र संगम भूमि है और इसे प्रभु श्री राम और तीन सिख गुरु साहिबों का आशीर्वाद प्राप्त है। उनके मुताबिक, सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी महाराज 1510-11 में, नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर जी 1668 में और गुरु गोबिंद सिंह जी 1672 में अयोध्या आए थे।

उन्होंने कहा, मुझे अयोध्याधाम के ब्रह्मकुंड में सरयू नदी के किनारे ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेकने और आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

पुरी ने कहा कि पवित्र धाम में स्थित गुरुद्वारे आस्था के संगम, मध्यकालीन समय से सिख और हिंदू धर्म के बीच मजबूत संबंधों तथा आक्रमणकारियों से लड़ने के लिए दोनों धर्मों के एक-दूसरे के साथ खड़े रहने के परिचायक हैं।

पुरी ने कहा कि 1697 में जब औरंगजेब के नेतृत्व में आक्रमणकारी मुगल सेना ने अयोध्या में राम मंदिर पर हमला किया तो गुरु गोबिंद सिंह ने 400 निहंग सिखों की एक बटालियन को भीषण युद्ध में अघोरियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ने के लिए भेजा था।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव की उदासी का इतना महत्व था और भव्य राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण के लिए लंबी कानूनी लड़ाई के दौरान यह दिखा भी जब एक न्यायाधीश ने कहा, 1510-11 ई. में भगवान राम की जन्मस्थली के दर्शन के लिए गुरु नानक देवजी की यात्रा हिंदुओं की आस्था और विश्वास को पुष्ट करती है। एक अन्य पोस्ट में पुरी ने कहा, मुझे उस कुएं के पवित्र जल को महसूस करने का दिव्य सौभाग्य मिला, जहां से गुरु नानक देव जी के पवित्र स्नान के लिए पानी निकाला गया था। गुरु महाराज ने भी भक्तों को आशीर्वाद देने के लिए इस पवित्र जल का छिड़काव किया था। उन्होंने कहा, केंद्र में गुंबददार कमरा है, जो आकार में अष्टकोणीय और संगमरमर के फर्श वाला है... उसे सिंहासन स्थान गुरु गोबिंद सिंह जी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि इस जगह के मध्य में पवित्र अवशेष रखे गए हैं। ए पवित्र अवशेष श्री गुरु तेग बहादुर जी द्वारा एक बार पहनी गई एक जोड़ी चप्पल, स्टील का एक तीर, एक खंजर, एक भाला और एक चक्र हैं। पुरी ने कहा कि पवित्र श्री गुरु ग्रंथ साहिब की 1838 बिक्रमी (1781 ई.) में रचित एक हस्तलिखित प्रति और अन्य पवित्र ग्रंथ भी यहां हैं।

## व्यापार युद्ध की चिंता के बीच सोना 1,100 रुपए चढ़ा, चांदी मे 1,500 रुपए का उछाल

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की लिवाली बढ़ने तथा मजबूत वैश्विक रुख के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने का भाव 1,100 रुपए बढ़कर 89,000 रुपए के स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,100 रुपए बढ़कर 89,000 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 87,900 रुपए प्रति 10 ग्राम था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,100 रुपए बढ़कर 88,600 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 87,500 रुपए प्रति 10 ग्राम था। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा मंगलवार से कनाडा, मेक्सिको और चीन पर शुल्क की पुष्टि के बाद सर्राफा की कीमतों में उछाल आया। चीन और कनाडा ने भी अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की घोषणा की, जिससे उत्तरी अमेरिका में व्यापार तनाव बढ़ गया।

# भारत ही विश्व में सामाजिक, सांस्कृतिक परिवर्तनों को सही दिशा दे सकता है: भागवत

**भोपाल›** (भाषा) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि भारत ही एकमात्र ध्रुव तारा है जो विश्व में हो रहे सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक परिवर्तनों को सही दिशा दे सकता है। उन्होंने ऐसे समाज के निर्माण का आह्वान भी किया जो केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित न हो, बल्कि मानवता, करुणा और सत्य जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित हो।भागवत यहां शारदा विहार स्थित सरस्वती विद्या मंदिर आवासीय विद्यालय में आरएसएस की शैक्षणिक शाखा विद्या भारती शिक्षा संस्थान के पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं के पांच दिवसीय प्रशिक्षण के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे।



एक विज्ञप्ति में भागवत के हवाले से कहा गया, विश्व में हो रहे सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक परिवर्तनों को भारत की सनातन परंपरा के आलोक में दिशा देने की जरूरत है और आज जब वैश्विक परिदृश्य में कई विकृतियां उभर रही हैं, तो भारत ही एकमात्र ध्रुव तारा है जो सही दिशा दे सकता है। उन्होंने कहा, इसके लिए समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए भारतीय परंपराओं पर आधारित शिक्षा, संस्कृति और नीति-निर्माण को बढ़ावा देना आवश्यक है।

भागवत ने समाज में नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को पुन: स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, हमें केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि मानवता, करुणा और सत्य जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित समाज का निर्माण करना चाहिए। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि आने वाले समय में भारत को एक आदर्श सामाजिक मॉडल के रूप में प्रस्तुत करना होगा, जो पूरे विश्व को शांति और सद्भाव की ओर ले जाने में सक्षम हो। विद्या भारती की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि इसके द्वारा किए जा रहे कार्यों को वैश्विक स्तर पर देखा जा रहा है और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भी इसकी व्यापकता को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा, इससे यह साबित होता है कि संघ और उसके सहयोगी संगठनों का काम केवल भारत तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका वैश्विक महत्व भी है।

आरएसएस प्रमुख ने सभी कार्यकर्ताओं से अपने विचारों और कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर काम करने का आह्वान भी किया। उन्होंने पंच परिवर्तन, विमर्श परिवर्तन और सज्जन शक्ति जागरण को संघ के आगामी कार्यक्रमों का अहम हिस्सा बताया। इस अवसर पर सह-सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, विद्या भारती के अध्यक्ष डी रामकृष्ण राव, महासचिव अवनीश भटनागर सहित आरएसएस के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष

### कोहली का...

स्मिथ आस्ट्रेलियाई पारी के सूत्रधार रहे जिन्होंने तीन अर्धशतकीय साझेदारियां की। उन्होंने ट्रेविस हेड के साथ दूसरे विकेट के लिए 52, मार्नस लाबुशेन के साथ तीसरे विकेट के लिए 56 और कैरी के साथ पांचवें विकेट के लिए 54 रन जोड़े। कैरी ने 57 गेंद में 61 रन बनाए जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल था। आस्ट्रेलिया का स्कोर और बेहतर होता अगर ए दोनों कुछ देर और टिककर खेल जाते। अक्सर भारतीय टीम के लिए सिरदर्द साबित होने वाले हेड को कई जीवनदान मिले जिनका वह फायदा नहीं उठा सके और 39 रन बनाकर लौट गए। मैच की पहली ही गेंद पर मोहम्मद शमी ने उनका रिटर्न कैच छोड़ा, फिर वह रन आउट होने से बचे और दो बार गेंद स्टम्प को छूने से मामूली अंतर से रह गई। हेड ने कुछ दर्शनीय शॉट लगाए जिसमें हार्दिक पंड्या को जड़ा छक्का और शमी को लगातार तीन चौके शामिल थे। इससे आस्ट्रेलिया को शुरूआती झटकों से उबरने में भी मदद मिली। हेड के साथ पारी की शुरूआत करने वाले कूपर कोनोली जल्दी आउट हो गए थे। मैथ्यू शॉर्ट के घायल होने की वजह से कोनोली को टीम में जगह मिली। पिछले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच विकेट लेने वाले स्पिनर वरूण चक्रवर्ती ने हेड को रवाना किया जिनका दौड़ते हुए डीप में गिल ने कैच लपका। लाबुशेन को रविंद्र जडेजा ने पगबाधा आउट किया। वहीं जोश इंगलिस ने जडेजा की गेंद पर शॉर्ट कवर्स में विराट कोहली को कैच थमाया। स्मिथ ने दूसरे छोर से रन बनाना जारी रखा और जडेजा को स्ट्रेट में छक्का लगाया। शमी की फुलटॉस गेंद पर वह चूके और गेंद उनके स्टम्प्स पर जा लगी। ग्लेन मैक्सवेल जब क्रीज पर आए तब 13 ओवर बाकी थे और आस्ट्रेलिया का स्कोर पांच विकेट पर 198 रन था। उनके पास यह सुनहरा मौका था लेकिन अक्षर पटेल की गेंद पर आउट होकर वह दोहरे अंक तक पहुंचे बिना ही रवाना हो गए। कैरी ने ड्वारशुइस के साथ सातवें विकेट के लिए 34 रन जोड़े जिससे आस्ट्रेलिया 250 के पार जा सका। वह दूसरा रन लेने के प्रयास में अय्यर के सटीक थ्रो पर रन आउट हो गए। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में मैच जिताने वाली पारी की तुलना पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक से करते हुए कहा कि यहां के हालात में मिली सफलता का सबसे महत्वपूर्ण पहलू स्ट्राइक रोटेट करना रहा।

### सीबीआई...

अधिकारी एक निजी व्यक्ति के साथ साजिश करके रेलवे विभागीय परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवारों से चयन का वादा करके पैसे वसूल रहे थे।

### बुच व पांच...

पूर्व चेयरमैन तथा जनहित निदेशक प्रमोद अग्रवाल द्वारा दायर याचिकाओं पर आया। याचिकाओं में विशेष अदालत द्वारा पारित आदेश को रद्द करने की अपील की गई थी। इसमें भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को 1994 में बीएसई में एक कंपनी को सूचीबद्ध करते समय कथित रूप से धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए थे और एफआईआर दर्ज करने की अपील की गई थी। याचिकाओं में कहा गया है कि यह आदेश अवैध और मनमाना है। विशेष अदालत ने मीडिया रिपोर्टर सपन श्रीवास्तव की शिकायत पर यह आदेश पारित किया था, जिसमें आरोपियों द्वारा बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी, नियामकीय उल्लंघन और भ्रष्टाचार से जुड़े कथित अपराधों की जांच की अपील की गई थी। सेबी के तीन अधिकारियों की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि विशेष अदालत ने आदेश पारित करते समय पूरी तरह से विवेक का इस्तेमाल नहीं किया है। मेहता ने तर्क दिया, एक अस्पष्ट और परेशान करने वाली शिकायत के आधार पर विशेष अदालत ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। वर्ष 1994 में कथित तौर पर किए गए किसी काम के लिए सेबी के मौजूदा सदस्यों को कैसे जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। उन्होंने दावा किया कि शिकायतकर्ता श्रीवास्तव एक जबरन वसूली करने वाला व्यक्ति है जो एक जनहितैषी व्यक्ति होने की आड़ में काम कर रहा है। राममूर्ति और अग्रवाल की ओर से वरिष्ठ वकील अमित देसाई ने कहा कि बीएसई के वरिष्ठ सदस्यों के खिलाफ, विशेष रूप से ऐसे तुच्छ आरोपों पर इस तरह की कार्वाई करना अर्थव्यवस्था पर ही हमला है। देसाई ने कहा, यदि आरोपों में कोई दम है, तो हां, हर लोक सेवक पर मुकदमा चलाया जा सकता है, लेकिन वर्तमान मामले जैसे कुछ बेबुनियाद आरोपों पर नहीं। बुच के वकील सुदीप पासबोला ने मेहता और देसाई द्वारा प्रस्तुत तर्कों को दोहराया। एसीबी की ओर से पेश हुए सरकारी वकील हितेन वेनेगांवकर ने कहा कि ब्यूरो उच्च न्यायालय द्वारा पारित किए गए किसी भी आदेश का पालन करेगा।

### डीयू में...

जहां एक ओर फैकल्टी इस फैसले का विरोध कर रही थी, वहीं कई टीचर्स का कहना था कि सही इतिहास जानना छात्रों के लिए जरूरी है। उनका तर्क था कि हमें यह देखना चाहिए कि ऐसी किताबों का ऐतिहासिक महत्व क्या है, न कि उनका समाज पर असर क्या होगा। इससे पहले पिछले साल भी लॉ के कोर्स में मनुस्मृति जोड़ने का प्रस्ताव रखा गया था जिसे विरोध के बाद वापिस ले लिया गया था। मनुस्मृति और मुगल सम्राट बाबर के संस्मरण तुजुक-ए-बाबरी (बाबरनामा) को पाठ्यक्रम में शामिल करने के इस फैसले को इतिहास विभाग की संयुक्त पाठ्यक्रम समिति ने पहले ही मंजूरी दे दी है। हालांकि, इसे अभी डीयू की अकादमिक परिषद और कार्यकारी परिषद द्वारा मंजूरी मिलनी बाकी है, जो आने वाले हफ्तों में इस पर चर्चा करने की उम्मीद कर रहे हैं। यह पहली बार नहीं है जब मनुस्मृति को डीयू में विरोध का सामना करना पड़ा है। जुलाई 2024 में भी ऐसा ही मामला सामने आया था, जब दिल्ली विश्वविद्यालय ने एलएलबी छात्रों को प्राचीन हिंदू कानूनी ग्रंथ मनुस्मृति पढ़ाने का सुझाव दिया था। विधि संकाय ने स्नातक कार्यक्रम की इकाई 5 में हिंदू पांडुलिपि को शामिल करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसकी शिक्षकों के एक बड़े वर्ग ने कड़ी आलोचना की थी जिसके कारण पूरे विश्वविद्यालय में हंगामा हुआ था, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी कहा था कि किसी भी स्क्रिप्ट के किसी भी विवादास्पद हिस्से को शामिल करने का कोई सवाल ही नहीं है।

### ऑनलाइन...

कटा हुआ सिर लेकर पुलिस थाने पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया, आरोपी बेटे ने धारदार हथियार से अपने 70 वर्षीय पिता का सिर काट दिया, जिसके बाद वह कटा हुआ सिर लेकर चंदुआ थाने पहुंच गया और आत्मसमर्पण कर दिया। उसकी मां मौके से फरार हो गई। आरोपी और उसके माता-पिता के बीच तीखी नोकझोंक के बाद हत्या की गई। मृतक की पहचान बैधार सिंह के रूप में हुई है। बारीपदा के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी प्रवत मल्लिक ने बताया, एक मामूली सी बात पर हत्या की गई। आरोपी तब नाराज हो गया जब उसके पिता ने गुटखे के लिए 10 रुपए देने से इनकार कर दिया।

### राजनीतिक...

अधिकारियों और निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का उसी तरह अक्षर: पालन करना चाहिए, जैसा कानून और चुनाव आयोग के निर्देशों में स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है। कुमार ने कहा कि अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 18 वर्ष से ऊपर के सभी नागरिक संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार मतदाता के रूप में पंजीकृत हों। उन्होंने निर्देश दिया कि बूथ स्तर के सभी अधिकारियों को मतदाताओं के साथ विनम्र रहने के लिए प्रशिक्षित किया जाए और साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी चुनावी कर्मचारी या अधिकारी झूठे दावों से भयभीत न हो।

### जनता से...

हम नए विचारों और आपत्तियों के लिए उनका अध्ययन करेंगे। उसके बाद हम एक मसौदा तैयार करना शुरू करेंगे और उसे जल्द से जल्द पूरा करने की कोशिश करेंगे। उत्तराखंड में यूसीसी लागू होने का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यह संहिता संविधान के निर्देशक सिद्धांतों में है और यहां तक कि उच्चतम न्यायालय ने भी इस बारे में कई फैसले दिए हैं। उन्होंने कहा कि समिति लोगों से मिलकर उनकी बात सुनेगी, लेकिन हो सकता है कि उक्त काम तय समय में पूरा नहीं हो पाए क्योंकि गुजरात जैसे बड़े राज्य में सार्वजनिक परामर्श में समय लगेगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, हितधारक यूसीसी के बारे में अपने सुझाव और राय ऑनलाइन या डाक के माध्यम से 24 मार्च तक दे सकते हैं। इस समिति ने आज राज्य सरकार के विभिन्न आयोगों, धार्मिक संगठनों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की और उनके सुझाव और राय प्राप्त की। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा है कि न्यायमूर्ति देसाई की अध्यक्षता वाली समिति को 45 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपनी है, जिसके बाद यूसीसी के क्रियान्वयन के बारे में निर्णय लिया जाएगा। समिति के अन्य सदस्यों में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सी एल मीणा, अधिवक्ता आर सी कोडेकर, शिक्षाविद दक्षेश ठाकर और सामाजिक कार्यकर्ता गीता श्रॉफ शामिल हैं।

# पंजाब पुलिस ने एसकेएम नेताओं को हिरासत में लिया, मान ने किसान संगठनों को दी चेतावनी

**लुधियाना, होशियारपुर ( भाषा )।** चंडीगढ़ में पांच मार्च को किसानों के प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन से पहले मंगलवार को सुबह संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के कई नेताओं को उनके आवासों पर छापेमारी कर हिरासत में ले लिया गया। इस बीच, मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आंदोलनकारी किसान संगठनों की निंदा करते हुए कहा कि उन्होंने पंजाब को धरनों का राज्य बना दिया है और इससे भारी नुकसान हुआ है।

मुख्यमंत्री ने मोहाली के खरड़ तहसील कार्यालय में संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने किसान संगठनों से स्पष्ट रूप से कहा है कि उन्हें यह गलतफहमी नहीं पालनी चाहिए कि वह कार्रवाई नहीं कर सकते। किसान नेताओं और विपक्षी दलों ने पुलिस कार्रवाई के लिए प्रदेश की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की आलोचना की। यह घटना पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और एसकेएम नेताओं के बीच हुई बैठक के एक दिन बाद सामने आई है। उक्त बैठक से मुख्यमंत्री अचानक बाहर चले गए थे।

भारतीय किसान यूनियन (लाखोवाल) के महासचिव हरिंदर सिंह लाखोवाल ने कहा, सरकार ऐसे कदमों से किसानों की आवाज नहीं दबा सकती। मान ने किसान नेताओं के साथ हुई बैठक को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, मैंने कल उनसे कहा कि आप हर दिन रेल रोको प्रदर्शन करते हैं और सड़कें जाम करते हैं जिससे पंजाब को आर्थिक रूप से भारी नुकसान होता है।पंजाब धरना-प्रदर्शनों का राज्य बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि, विभिन्न किसान संगठनों के बीच श्रेय लेने की होड़ मची हुई है जो समानांतर सरकार चलाकर अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

मान ने दोहराया कि सरकार समाज के विभिन्न वर्गों से संबंधित मुद्दों को बातचीत के माध्यम से हल करने के लिए हमेशा तैयार है, लेकिन रेल या सड़क बाधित कर आम लोगों को असुविधा की स्थिति में डालने की अनुमति नहीं दी जा सकती। एसकेएम ने एक बयान जारी कर दावा किया कि पुलिस ने बलबीर सिंह राजेवाल, रूल्दू सिंह मनसा, गुरमीत सिंह भाटीवाल, नछत्तर सिंह जैतों, वीरपाल सिंह ढिल्लों, बिंदर सिंह गोलेवाल, गुरनाम सिंह भीखी और हरमेश सिंह ढेसी सहित कई नेताओं को हिरासत में ले लिया है। एसकेएम ने कहा, कि जोगिंदर सिंह उग्राहां, रमिंदर सिंह पटियाला, बूटा सिंह बुर्जगिल, हरिंदर सिंह लाखोवाल, सतनाम सिंह अजनाला, गुरमीत सिंह मेहमा और राजिंदर सिंह दीप सिंह वाला सहित कई किसान नेताओं के घरों पर पुलिस ने छापेमारी की है।

# भारत को भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रहा विश्व, इसका लाभ उठाए उद्योग जगत

**नई दिल्ली ( भाषा )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय उद्योग जगत से ऐसे समय में वैश्विक अवसरों का लाभ लेने के लिए बड़े कदम उठाने का आह्वान किया, जब दुनिया भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए दो मिशन शुरू करेगी। नियामकीय, निवेश और कारोबारी सुगमता के सुधारों पर बजट-बाद वेबिनार को संबोधित करते हुए मोदी ने उद्योग जगत से ऐसे नए उत्पादों की पहचान करने को कहा, जिनका विनिर्माण देश में किया जा सके और वैश्विक मांग को पूरा किया जा सके।



मोदी ने उद्योग जगत से कहा, हमारा देश ए करने में सक्षम है, आप सभी (उद्योग जगत) सक्षम हैं, ए हमारे लिए बहुत बड़ा अवसर है। मैं चाहता हूं कि हमारा उद्योग जगत दुनिया की इन अपेक्षाओं को सिर्फ दर्शक बनकर न देखे। हम दर्शक बनकर नहीं रह सकते, आपको इसमें अपनी भूमिका तलाशनी होगी, आपको अपने लिए अवसर तलाशने होंगे। प्रधानमंत्री ने देशभर में छह करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु और मझोली इकाइयों को समय पर और कम लागत वाले धन तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ऋण वितरण के नए तरीके विकसित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि पहली बार उद्यम शुरू कर रही पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के उद्यमियों को दो करोड़ रुपए तक का कर्ज दिया जाएगा।

मोदी ने कहा, आज भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए वृद्धि का इंजन है। भारत ने कठिन समय में भी अपनी जुझारू क्षमता साबित की है... आज हर देश भारत के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना चाहता है। हमारे विनिर्माण क्षेत्र को इस साझेदारी का लाभ उठाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की निरंतरता और सुधारों के प्रति भरोसे के कारण उद्योग जगत को नया आत्मविश्वास मिला है। मोदी ने कहा, मैं विनिर्माण और निर्यात क्षेत्र के हितधारकों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि आने वाले वर्षों में भी यह जारी रहेगा। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और बड़े कदम उठाएं। देश के विनिर्माण और निर्यात क्षेत्र के लिए नए रास्ते खुले हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एमएसएमई को न केवल कर्ज, बल्कि मार्गदर्शन की भी जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि उद्योगों को उनके समर्थन के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम शुरू करने चाहिए। मोदी ने कहा कि किसी भी देश की प्रगति के लिए स्थिर नीति और बेहतर कारोबारी माहौल महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार ने केंद्र और राज्य स्तर पर 40,000 से अधिक अनुपालन समाप्त कर दिए हैं और जन विश्वास 2.0 विधेयक पर काम कर रही है।

मोदी ने कहा, हम जन विश्वास 2.0 विधेयक पर काम कर रहे हैं। हमने गैर-वित्तीय क्षेत्र के नियमों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित करने का निर्णय लिया है। हमारा प्रयास उन्हें आधुनिक, मजबूत, लोगों के अनुकूल और विश्वास आधारित बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए दो मिशन शुरू करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि बेहतर प्रौद्योगिकी और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों पर ध्यान केन्द्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी हितधारकों से वैश्विक स्तर पर मांग वाले नए उत्पादों की पहचान करने का आग्रह किया, जिन्हें भारत में बनाया जा सके। उन्होंने हितधारकों को निर्यात क्षमता वाले देशों से रणनीतिक रूप से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री ने कहा, दुनिया इस समय राजनीतिक अनिश्चितता का सामना कर रही है और पूरा विश्व भारत को वृद्धि केंद्र के रूप में देख रहा है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी संकट के दौरान, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था सुस्त हो गई, उस समय भारत ने वैश्विक वृद्धि को गति दी। मोदी ने कहा कि अगले वित्त वर्ष (2025-26) के बजट में एमएसएमई की परिभाषा को और विस्तृत किया गया है ताकि निरंतर वृद्धि में उनका विश्वास पैदा हो सके। इससे युवाओं के लिए रोजगार के अधिक अवसर पैदा होंगे। हालांकि, एमएसएमई के सामने सबसे बड़ी समस्या ऋण प्राप्त करने में कठिनाई थी। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले एमएसएमई को लगभग 12 लाख करोड़ रुपए का ऋण मिला था, जो अब बढ़कर लगभग 30 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

# आजमी के औरंगजेब वाले बयान पर महाराष्ट्र विधानमंडल में हंगामा, सदस्यों ने उनके निलंबन की मांग की

**मुंबई ( भाषा )।** समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अबु आसिम आजमी के मुगल बादशाह औरंगजेब की तारीफ वाले बयान का मुद्दा मंगलवार को महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों में छाया रहा। सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति के सदस्यों ने आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित करने और उनके खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की। इस मुद्दे पर हंगामे के बाद दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। दिल्ली में, आजमी की टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की आलोचना की एवं कहा कि वे सनातन धर्म का उन्मूलन करने के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकते हैं। आजमी के बयान पर ऐसे दिन हंगामा हुआ, जब विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के मंत्री धनंजय मुंडे के इस्तीफे को लेकर महायुति सरकार को घेरने की योजना बनाई थी। जैसे ही दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू हुई, महायुति के सदस्यों ने सपा के प्रदेश अध्यक्ष आजमी के खिलाफ कार्वाई की मांग करते हुए नारे लगाने शुरू कर दिए। उन्होंने दावा किया कि आजमी औरंगजेब के वंशज हैं, जिसने मराठा शासक छत्रपति संभाजी महाराज को प्रताड़ित किया और उनकी बेरहमी से हत्या कर दी थी। उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने विधानपरिषद और विधानसभा दोनों सदनों में आजमी पर निशाना साधा। विधानपरिषद में, पूर्व मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि आजमी ने अतीत में भी मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिए थे। शिंदे ने कहा, अबु आजमी जानबूझकर छत्रपति शिवाजी महाराज और (उनके बेटे) छत्रपति संभाजी का अपमान कर रहे हैं। संभाजी महाराज की बहादुरी और औरंगजेब की क्रूरता लोगों के रोंगटे खड़े कर देगी।



उपमुख्यमंत्री ने कहा कि औरंगजेब ने संभाजी महाराज को अमानवीय तरीके से प्रताड़ित किया। शिंदे ने कहा कि आजमी ने औरंगजेब को एक कुशल प्रशासक बताया जिसने मंदिर बनवाए लेकिन उसने काशी विश्वेश्वर मंदिर को ढहा दिया। शिंदे ने कहा कि मुगल बादशाह ने न केवल हिंदुओं को बल्कि अन्य धर्मों के लोगों को भी मारा। शिंदे ने कहा, औरंगजेब जीत कर भी हार गया, लेकिन संभाजी अपनी बहादुरी से बलिदान के बाद भी जीत गए। वह (औरंगजेब) राक्षस था। एक सच्चा मुसलमान भी गद्दारों की संतान को माफ नहीं करेगा। औरंगजेब की प्रशंसा करना गलत है। उन्होंने यह भी मांग की कि आजमी की विधानसभा की सदस्यता रद्द की जाए। शिवसेना नेता ने कहा कि औरंगजेब की प्रशंसा करने की हरकत को कोई बर्दाश्त नहीं करेगा। विधानसभा में, शिंदे ने कहा कि आजमी गद्दार हैं और उन्हें विधानसभा में बैठने का कोई अधिकार नहीं है। शिंदे ने सपा के विधायक रईस शेख से हाल में आई हिंदी फिल्म छावा देखने को कहा, जिसमें संभाजी महाराज की बहादुरी और बलिदान को दर्शाया गया है। उन्होंने कहा, देखिए, संभाजी महाराज ने 40 दिनों तक कितनी यातनाएं झेलीं। औरंगजेब ने उनसे अपना धर्म बदलने को कहा था। शिवसेना प्रमुख ने कहा कि औरंगजेब की प्रशंसा करना देश के राष्ट्रीय नायकों का अपमान है। उन्होंने यह भी कहा कि संभाजी महाराज ने नौ साल में 70 युद्ध जीते। शिवसेना नेता ने कहा कि औरंगजेब ने मंदिरों को ध्वस्त किया और अपने ही परिवार के सदस्यों को मार डाला। उद्योग मंत्री उदय सामंत (शिवसेना) ने मांग दोहराई कि आजमी को सदन से निलंबित किया जाए और उन पर राजद्रोह का मामला दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा, हम ऐसे व्यक्ति की तारीफ बर्दाश्त नहीं कर सकते जिसने छत्रपति शिवाजी महाराज को परेशान किया और उनके बेटे छत्रपति संभाजी महाराज को प्रताड़ित किया।

## सरपंच हत्या के मुख्य आरोपी कराड ने बीड में दबदबा कायम रखने के लिए गिरोह बनाए थे: आरोपपत्र

**मुंबई( भाषा )।** सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री धनंजय मुंडे का करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड ने बीड जिले में अपना दबदबा बनाए रखने और विकास परियोजनाओं से पैसे ऐंठने के लिए कई आपराधिक गिरोह बनाए हुए थे। राज्य अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) ने आरोपपत्र में यह जानकारी दी। आरोपपत्र में एक गुप्त गवाह के हवाले से कहा गया कि रकम नहीं देने पर कराड या तो पीड़ितों का अपहरण कराता था या उन पर हमला कर परेशान करता था। यह गवाह जांच एजेंसी के जांच अधिकारी के समक्ष पेश हुआ था। देशमुख की हत्या और दो संबंधित मामलों में पिछले सप्ताह बीड जिले की एक अदालत में दायर किए गए आरोपपत्र में पांच गुप्त गवाहों के बयान का उल्लेख है। इनमें एक मामला जबरन वसूली का है। बीड के मसाजोग गांव के सरपंच देशमुख को पिछले साल नौ दिसंबर को कथित तौर पर जिले में एक ऊर्जा कंपनी को निशाना बनाकर की जा रही जबरन वसूली के प्रयास को रोकने की कोशिश करने पर अगवा कर लिया गया और प्रताड़ित किया गया था। इसके बाद उनकी हत्या कर दी गई। कराड सहित सात लोगों को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है और उन पर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामला दर्ज किया गया है। कराड के अलावा, गिरफ्तार अन्य आरोपियों में सुदर्शन घुले, विष्णु चाटे, जयराम चाटे, महेश केदार, सिद्धार्थ सोनवणे, सुधीर सांगले और प्रतीक घुले शामिल हैं। कृष्णा आंधले इस मामले में वांछित आरोपी है।

# देश को निर्यात अनुकूल बनाने को कदम उठा रही सरकार

**नई दिल्ली ( भाषा )।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि सरकार नियामकीय बोझ को कम करने के साथ राज-काज के स्तर पर भरोसा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और भारत को निर्यात अनुकूल अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कदम उठा रही है। सीतारमण ने वृद्धि के इंजन के रूप में एमएसएमई, विनिर्माण, निर्यात, नियामकीय, निवेश और कारोबार सुगमता के लिए सुधार विषय पर बजट के बाद वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि अनावश्यक नियामकीय बाधाओं से मुक्त एक मजबूत विनिर्माण क्षेत्र घरेलू और विदेशी दोनों निवेश को आकर्षित करेगा, आर्थिक वृद्धि को गति देगा और भारत को एक भरोसेमंद वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थापित करेगा।

सीतारमण ने कहा, हमारी सरकार कारोबार सुगमता में सुधार के लिए नियामकीय बोझ को कम करने और राज-काज में भरोसा बढ़ाने के लिए दृढ़ है। बजट घोषणाओं के माध्यम से, हम भारत को एक निर्बाध, निर्यात-अनुकूल अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में विभिन्न कदम उठा रहे हैं, जिसमें कंपनियां कागजी कार्वाई और दंड के बजाय नवोन्मेष और विस्तार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र होंगी। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय उद्योग जगत से ऐसे समय में वैश्विक अवसरों का लाभ लेने के लिए बड़े कदम उठाने का आह्वान किया, जब दुनिया भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रही है। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि हमारा उद्योग जगत दुनिया की इन अपेक्षाओं को सिर्फ दर्शक बनकर न देखे। हम दर्शक बनकर नहीं रह सकते, आपको इसमें अपनी भूमिका तलाशनी होगी, आपको अपने लिए अवसर तलाशने होंगे। मोदी ने वेबिनार को संबोधित करते हुए भारतीय उद्योग से वैश्विक अवसरों का लाभ उठाने के लिए बड़े कदम उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत को एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में देख रही है, जो गुणवत्तापूर्ण सामान का उत्पादन कर सकता है। सीतारमण ने 2025-26 के अपने बजट भाषण में सभी गैर-वित्तीय क्षेत्र के नियमों, प्रमाणपत्रों, लाइसेंसों और अनुमतियों की समीक्षा के लिए नियामकीय सुधारों को लेकर एक उच्चस्तरीय समिति स्थापित करने का प्रस्ताव किया था। उन्होंने बजट भाषण में कहा था, उम्मीद है कि समिति एक साल के भीतर सिफारिशें देगी। इसका उद्देश्य विश्वास-आधारित आर्थिक संचालन व्यवस्था को मजबूत करना और कारोबार सुगमता को बढ़ाने के लिए खासकर निरीक्षण और अनुपालन के मामलों में, परिवर्तनकारी उपाय करना है। सीतारमण ने कहा कि व्यापार संबंधी कानूनों को अपराधमुक्त करने से कानूनी जोखिम कम हो जाते हैं, जिससे उद्योगों को अधिक भरोसे के साथ काम करने की अनुमति मिलती है। 42,000 से अधिक अनुपालन जरूरतों को पहले ही हटा दिया गया है और 2014 के बाद से 3,700 से अधिक कानूनी प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से मुक्त कर दिया गया है। जन विश्वास अधिनियम 2023 में, 180 से अधिक कानूनी प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से हटा दिया गया है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार अब विभिन्न कानूनों में 100 से अधिक प्रावधानों को अपराधमुक्त करने के लिए जन विश्वास विधेयक- दो लाएगी।

# देश गर्मियों में 270 गीगावाट बिजली की मांग को पूरा करने के लिए तैयार : सीईए चेयरमैन

**नई दिल्ली( भाषा )।** केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के चेयरमैन घनश्याम प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि देश इन गर्मियों में 270 गीगावाट की अधिकतम बिजली मांग को पूरा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इसके लिए कदम उठाए जा रहे हैं जिसमें 17 गीगावाट आयातित कोयला आधारित संयंत्रों को अप्रैल तक पूरी क्षमता से चलाने को अनिवार्य करना शामिल है। इसके अलावा, जलविद्युत परियोजनाओं से मांग में अचानक वृद्धि को पूरा करने के लिए जल संरक्षण करने के साथ गैस आधारित बिजली घरों से 10 गीगावाट से 12 गीगावाट बिजली होगी। बिजली मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला सांविधिक निकाय केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) और टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लि. द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित लाइनमैन दिवस के मौके पर प्रसाद ने पीटीआई-भाषा से अलग से बातचीत में कहा, हम गर्मियों में 270 गीगावाट की अधिकतम मांग की उम्मीद कर रहे हैं। मांग को पूरा करने के लिए सभी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से लगभग 32 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर।,000 मेगावाट) की नई क्षमता जोड़ी गई है।

सीईए के चेयरमैन ने कहा, सरकार मांग को पूरा करने के लिए अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करेगी। खासकर अप्रैल, मई, जून और सितंबर-अक्टूबर में सभी कमियों को दूर करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। बिजली की मांग के लिहाज से ए महीने महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि आयातित कोयले पर आधारित बिजली घरों को अप्रैल तक दो और महीनों के लिए पूरी क्षमता से चलाने की अनुमति दी गई है।

प्रसाद ने कहा, इस साल भी हम गैस आधारित संयंत्रों से 10 गीगावाट से 12 गीगावाट बिजली ले रहे हैं। हम गैस आधारित बिजली घरों से।,800 मेगावाट के लिए गठजोड़ करने की भी प्रक्रिया में हैं। उन्होंने कहा, इस साल हमारे यहां अच्छा हिमपात हुआ है और हमें जलविद्युत संयंत्रों से बेहतर बिजली उत्पादन की उम्मीद है। इस बार घरेलू कोयले की स्थिति पिछले साल की तुलना में बहुत अच्छी है। बिजली वितरण कंपनी टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गजानन एस काले ने कहा कि बिजली क्षेत्र देश के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

लाइनमैन और फ्रंटलाइन कार्यबल आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक विकास के पीछे प्रेरक शक्ति हैं। उन्होंने कहा कि लाइनमैन दिवस न केवल कर्मचारियों के योगदान का सम्मान करता है, बल्कि उनकी आवाज को बढ़ाने, उनकी चुनौतियों को साझा करने और उनकी अमूल्य भूमिका को पहचानने के लिए एक मंच भी प्रदान करता है। सीईओ ने कहा, उनकी सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करना हमेशा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। हम अधिक से अधिक संबंधित पक्षों से इस कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह करते हैं, जिससे यह उनके समर्पण और सेवा का सच्चा उत्सव बन सके।

## आंध्र प्रदेश में राजग उम्मीदवारों ने स्नातक एमएलसी चुनाव जीता

**अमरावती ( भाषा )।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार ए राजेंद्र प्रसाद और पी राजशेखरम ने आंध्र प्रदेश में स्नातक विधान परिषद सदस्य चुनाव जीत लिया है। जबकि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र एमएलसी चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत हासिल की है। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार प्रसाद ने आंध्र प्रदेश के अविभाजित कृष्णा-गुंटूर जिलों से स्नातक एमएलसी सीट जीती है। गुंटूर की जिलाधिकारी एस नागलक्ष्मी ने मंगलवार को परिणाम की घोषणा करते हुए यह जानकारी दी। जिलाधिकारी एस नागलक्ष्मी ने कहा, मैं घोषणा करती हूं कि ए राजेंद्र प्रसाद (तेलुगु देशम) को आंध्र प्रदेश विधान परिषद में सीट भरने के लिए विधिवत रूप से निर्वाचित किया गया है।

# सपा विधायक अबू आजमी के बेटे के खिलाफ गोवा में मारपीट का मुकदमा दर्ज

**पणजी( भाषा )।** गोवा पुलिस ने मंगलवार को महाराष्ट्र विधानसभा में समाजवादी पार्टी (सपा)विधायक अबू आजमी के बेटे अबू फरहान आजमी और अन्य के खिलाफ राज्य में सार्वजनिक स्थान पर मारपीट करने और शांति भंग करने के आरोप में मामला दर्ज किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेस्तरां मालिक और उद्यमी अबू फरहान आजमी अभिनेत्री आयशा टाकिया के पति हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब सपा विधायक अबू आजमी को मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली अपनी टिप्पणी के लिए महाराष्ट्र में प्राथमिकी और सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

गोवा पुलिस ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उनके नियंत्रण कक्ष को सोमवार रात 11.12 बजे एक कॉल प्राप्त हुई, जिसमें बताया गया कि कैंडोलिम (उत्तरी गोवा जिला) के एक सुपर मार्केट में झगड़ा हो रहा है।

कलांगुट पुलिस थाना के निरीक्षक परेश नाइक ने पीटीआई-भाषा को बताया कि झगड़े के दौरान अबू फरहान आजमी ने प्रतिद्वंद्वी समूह से कथित तौर पर कहा कि उसके पास लाइसेंसी बंदूक है। अधिकारी ने बताया कि जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो पता चला कि दो समूहों के बीच - जिसमें फरहान आज़मी का समूह भी शामिल था - मामूली बात को लेकर झगड़ा हुआ था। पुलिस विज्ञप्ति के मुताबिक, झगड़े में शामिल दोनों पक्षों को बाद में कलांगुट पुलिस थाना लाया गया। उन्हें शिकायत दर्ज कराने का मौका दिया गया, लेकिन दोनों पक्षों ने शिकायत दर्ज कराने से इनकार कर दिया। विज्ञप्ति में कहा गया, प्रोटोकॉल के अनुसार, उन्हें मापुसा के जिला अस्पताल में चिकित्सा परीक्षण के लिए भेजा गया, लेकिन उन्होंने चिकित्सा परीक्षण से इनकार कर दिया। पुलिस के मुताबिक, अबू फरहान आजमी ने संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी वैध हथियार लाइसेंस तथा गोवा में हथियार ले जाने का परमिट प्रस्तुत किया। विज्ञप्ति के मुताबिक, मंगलवार सुबह कलांगुट पुलिस ने सभी आरोपियों के बयान दर्ज किए। विज्ञप्ति में कहा गया है, चूंकि इसमें शामिल व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर झगड़ा कर रहे थे, सार्वजनिक शांति भंग कर रहे थे और दंगा-फसाद कर रहे थे, इसलिए कलांगुट पुलिस थाना ने सरकार की ओर से पीएसआई परेश सिनारी की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की है।

# आग और घी जैसा रिश्ता है बीमारियों और मोटापे के बीच: चिकित्सा विशेषज्ञ

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय परिवारों में** चुपके से एक ऐसी बीमारी तेजी से अपने पैर पसार रही है, जिसे सामान्यत: लोग नजर अंदाज कर देते हैं या इसे लेकर खाते-पीते घर का जैसी शेखी बघारते हैं। यह बीमारी है मोटापा (ओबेसिटी)। चिकित्सकों के अनुसार मोटापा महज एक रोग नहीं, बल्कि हृदय रोग, रक्तचाप, हाइपरटेंशन, टाइप-टू मधुमेह जैसी कई बीमारियों की जड़ है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस)-5 (2019-21) के अनुसार, 24 प्रतिशत भारतीय महिलाएं और 23 प्रतिशत भारतीय पुरुष अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हैं। एनएफएचएस-5 के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में 80.7 प्रतिशत लोग मोटापे के शिकार हैं, लेकिन 78.5 प्रतिशत लोग अब भी खुद को सामान्य वजन वाला मानते हैं।

विश्व मोटापा दिवस पर भाषा से विशेष बातचीत में मिनिमल एक्सेस स्मार्ट सर्जरी हॉस्पिटल (मैश) के सर्जन डॉ. सचिन अंबेकर ने कहा, मोटापा केवल एक सौंदर्य से जुड़ी समस्या नहीं है, बल्कि गंभीर चिकित्सकीय स्थिति है,क्योंकि यह (मोटापा) केवल शरीर की बनावट को प्रभावित नहीं करता है, बल्कि इसका बीमारियों से रिश्ता आग और घी जैसा है। मोटापा कम करने में कारगर मिनिमल एक्सेस सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. अंबेकर ने कहा, मोटापा न केवल हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर, टाइप-2 मधुमेह, बांझपन और ऑस्टियोआर्थराइटिस जैसी बीमारियों का कारण बन सकता है, बल्कि इससे स्तन, पेट, कोलन और किडनी कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। यह मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालता है, जिससे तनाव और एंग्जायटी (उद्विग्नता) जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।



अंबेकर ने कहा कि भारत में मोटापे की दर कोविड-19 महामारी के बाद तेज़ी से बढ़ी है और इसका सबसे बड़ा कारण इस दौरान मोबाइल, लैपटॉप और टीवी पर बढ़ा स्क्रीन टाइम और एक क्लिक पर घर पर उपलब्ध फूड जैसे जीवन शैली से जुड़े बदलाव हैं। तनाव और नींद की कमी भी इन कारणों में शामिल हैं। डॉ. अंबेकर ने कहा कि ओवरवेट (अधिक वजन) ओबेसिटी (मोटापे) का पहला चरण है। अगर इसी अवस्था में व्यक्ति सजग हो जाए तो वह खुद को मोटापे की चपेट में आने से बचा सकता है। इसके

**मोटापा न केवल हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर, टाइप-2 मधुमेह, बांझपन और ऑस्टियोआर्थराइटिस जैसी बीमारियों का कारण बन सकता है, बल्कि इससे स्तन, पेट, कोलन और किडनी कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है**

लिए जरूरी है कि वह अपने बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) पर नजर रखे।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दिशानिर्देशों के अनुसार सामान्य बीएमआई 18.5 और 24.9 के बीच होती है। बीएमआई की गणना किसी व्यक्ति के किलोग्राम में वजन को मीटर वर्ग में उसकी उंचाई (किलोग्रामामीइ) से विभाजित करके की जाती है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश की पूर्व कैंसर आहार विशेषज्ञ डॉ. अनु अग्रवाल ने कहा कि मोटापा जीवनशैली से जुड़ा रोग है जिससे छोटे-छोटे उपायों को दैनिक जीवन में अपनाकर बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इन उपायों में संतुलित और समय पर भोजन और दैनिक व्यायाम सबसे उपयोगी हैं। डॉ अग्रवाल ने कहा, सुबह का नाश्ता, दोपहर और रात के भोजन का समय निर्धारित करें और इनके बीच कभी भी चार से पांच घंटे से अधिक का अंतराल नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुबह का नाश्ता जरूर करना चाहिए क्योंकि जब हम इसे स्किप करते हैं तो दोपहर में अधिक खाते हैं जो वजन बढ़ने का कारण बनता हैं।

डॉ. अग्रवाल ने कहा, भोजन में जंकफूड और प्रोस्सेड फूड के बजाय पारंपरिक भोजन दाल, सब्जी, चपाती और चावल लेना चाहिए। श्रीअन्न रागी, ज्वार और बाजारा को अपने अहार में शामिल करना चाहिए। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि मोटापे से बचने के लिए खुद को शारीरिक रूप से सक्रिय बनाए रखना बेहद जरूरी है और इसके लिए प्रतिदिन 30 मिनट व्यायाम या कम से कम 10 हजार कदम चलें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी हाल में मन की बात कार्यक्रम में देश में मोटापा की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए इस चुनौती से निपटने के लिए जीवनशैली में बदलाव पर जोर दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा था कि खाद्य तेल के उपभोग में 10 फीसदी की कटौती जैसे छोटे-छोटे प्रयास बेहद कारगर हो सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भोजन में तेल में 10 फीसदी की कमी को लेकर एक अभियान की शुरुआत करते हुए उद्योगपति आनंद महिंद्रा, ओलंपियन मनु भाकर और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत दस लोगों को चैलेंज भी दिया।

## महाराष्ट्र के राज्यपाल ने मंत्री मुंडे का इस्तीफा स्वीकारा

**मुंबई ( भाषा )।** महाराष्ट्र के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने कैबिनेट मंत्री धनंजय मुंडे का इस्तीफा मंगलवार शाम स्वीकार कर लिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता और मंत्री मुंडे ने इससे पहले दिन में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को अपना इस्तीफा सौंपा जिन्होंने इसे मंजूरी के लिए राज्यपाल को भेज दिया। मुंडे के पास खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग संभाल था। बीड जिले में सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड मामले में राज्य सीआईडी द्वारा मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को आरोपी नंबर-एक के रूप में नामजद करते हुए आरोपपत्र दाखिल किए जाने के बाद फडणवीस ने अपने कैबिनेट सहयोगी मुंडे से इस्तीफा देने को कहा था। फडणवीस ने मीडिया के सामने इस्तीफे की घोषणा की थी।

# ईयू ने 800 अरब यूरो की रक्षा योजना का रखा प्रस्ताव

● अमेरिका के संभावित अलगाव के बीच फैसला

भाषा। ब्रसेल्स



**यूरोपीय संघ की** कार्यकारिणी के प्रमुख ने मंगलवार को सदस्य देशों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए 800 अरब यूरो (841 अरब अमेरिकी डॉलर) की योजना का प्रस्ताव रखा। इसका मकसद अमेरिका के रक्षा सहयोग से अलग होने के संभावित कदम का मुकाबला करना है और युद्धग्रस्त यूक्रेन को रूस के साथ बातचीत करने के लिए सैन्य ताकत प्रदान करना है जहां अमेरिका ने उसकी सहायता पर रोक लगा दी है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन ने कहा कि विशाल रीआर्म यूरोप पैकेज को 27 यूरोपीय संघ नेताओं के समक्ष रखा जाएगा, जो अमेरिका में बढ़ती राजनीतिक अनिश्चितता के एक सप्ताह के बाद बृहस्पतिवार को ब्रसेल्स में एक आपातकालीन बैठक में मिलेंगे। वॉन डेर लेयन ने कहा, मुझे उन खतरों की गंभीर प्रकृति का वर्णन करने की आवश्यकता नहीं है जिनका हम सामना कर रहे हैं। लेयन की ओर से प्रस्तावित योजना पर मंगलवार को ट्रंप द्वारा यूक्रेन को सैन्य सहायता रोकने के निर्णय से पहले ही काम शुरू हो गया था। यूरोपीय संघ के देशों की दुविधा का मुख्य कारण पिछले दशकों में रक्षा पर अधिक खर्च करने की अनिच्छा रही है, क्योंकि वे अमेरिकी सुरक्षा गारंटी की छत्रछाया में थे और उनकी अर्थव्यवस्था सुस्त थी। इसलिए उन्हें ऐसे खर्च को शीघ्र बढ़ाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वॉन डेर लेयन द्वारा प्रस्तावित योजना के लिए अधिकतम राशि यूरोपीय संघ द्वारा बजटीय खर्च पर लगाए गए वित्तीय अनुशासन में ढील से आएगी ताकि सदस्य देशों को बिना दंडात्मक कार्रवाई के अपने रक्षा व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि करने की अनुमति मिल सके। इससे सदस्य देशों को रक्षा पर खर्च करने में मदद मिलेगी, तथा उन्हें यूरोपीय संघ के नियमों के अंतर्गत रहने के लिए सामाजिक व्यय में कटौती करने के लिए बाध्य नहीं होना पड़ेगा।वेएन ने बताया, यदि सदस्य देश अपने रक्षा व्यय में सकल घरेलू उत्पाद के औसतन 1.5 प्रतिशत की वृद्धि करते हैं, तो इससे चार वर्षों की अवधि में लगभग 650 अरब यूरो (683 अरब अमेरिकी डॉलर) का राजकोषीय प्रावधान हो सकता है। इसके अतिरिक्त 150 अरब यूरो (157 अरब अमेरिकी डॉलर) का ऋण कार्यक्रम भी होगा, जिससे सदस्य देश रक्षा में निवेश कर सकेंगे।वेएन ने कहा कि जिन सैन्य उपकरणों में सुधार की आवश्यकता है उनमें वायु एवं मिसाइल रक्षा, तोपखाना प्रणाली, मिसाइल एवं गोला-बारूद, ड्रोन एवं ड्रोन रोधी प्रणालियां तथा साइबर तैयारी शामिल हैं।

## मेक्सिको और कनाडा से आयात पर 25 फीसदी शुल्क मंगलवार से लागू होगा: ट्रंप

वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि मेक्सिको एवं कनाडा से आयात पर 25 फीसदी शुल्क मंगलवार से लागू होगा। इससे उत्तर अमेरिका में व्यापार युद्ध की आशंका फिर से पैदा हो गई है, जिससे मुद्रास्फीति बढ़ने और विकास में बाधा उत्पन्न होने के संकेत पहले ही मिल चुके हैं। ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, 'कल - कनाडा पर 25 प्रतिशत और मेक्सिको पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा और इसकी शुरुआत हो जाएगी।' राष्ट्रपति ने कहा कि शुल्क का उद्देश्य दोनों अमेरिकी पड़ोसियों को मादक पदार्थ फेंटेनाइल तस्करी के खिलाफ लड़ाई तेज करने और अवैध आव्रजन को रोकने के लिए मजबूर करना है। लेकिन ट्रंप ने यह भी संकेत दिया है कि वह अमेरिका के व्यापार असंतुलन को भी समाप्त करना चाहते हैं तथा अधिकाधिक कारखानों को अमेरिका में स्थानांतरित करना चाहते हैं। उनकी टिप्पणियों ने अमेरिकी शेयर बाजार को झकझोर कर रख दिया, सोमवार दोपहर के कारोबार में एसएंडपी 500 इंडेक्स में दो प्रतिशत की गिरावट आई। यह राजनीतिक और आर्थिक जोखिमों का संकेत है।

# जयशंकर लंदन पहुंचे, यूके, आयरलैंड दौरा शुरू

भाषा। लंदन



**विदेश मंत्री एस.** जयशंकर ब्रिटेन और आयरलैंड के साथ द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए मंगलवार को लंदन पहुंचे और इसी के साथ उनकी छह दिवसीय यात्रा शुरू हो गई। यात्रा से पहले एक बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर की यात्रा से दोनों देशों के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंध नवीनीकृत होंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी है, जो रक्षा और सुरक्षा, व्यापार और अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित विविध क्षेत्रों में मजबूत हुई है। जयशंकर मंगलवार और बुधवार को ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ उच्च स्तरीय वार्ता करेंगे और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों तथा ब्रिटेन में भारतीय समुदाय के सदस्यों से मिलेंगे। बंद कमरे में होने वाली उनकी चर्चा का फोकस हाल ही में पुनः शुरू की गई भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता, व्यापक विदेश नीति और सुरक्षा मुद्दों पर होगा, तथा रूस-यूक्रेन संघर्ष में स्थाई शांति स्थापित करने के लिए कूटनीतिक नेतृत्व करने के ब्रिटेन के प्रयासों पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। बुधवार शाम को जयशंकर लंदन के चैथम हाउस थिंक टैंक में भारत का उदय और विश्व में भूमिका विषय पर एक सत्र में भाग लेंगे। बृहस्पतिवार को उनके डबलिन में आयरलैंड के अपने समकक्ष साइमन हैरिस और आयरलैंड में भारतीय समुदाय के सदस्यों से मिलने की उम्मीद है।

## लेबनान और सऊदी अरब ने रिश्तों को सुधारने की पहल की, इजराइल से सेना हटाने की अपील

**बेरूत।** लेबनान के राष्ट्रपति जोसफ औन ने मंगलवार को सऊदी अरब की अपनी यात्रा संपन्न की और इस दौरान उन्होंने सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान के साथ क्षेत्रीय मामलों पर चर्चा की। औन और सलमान की मुलाकात के बाद दोनों देशों ने कहा कि इजराइली सैनिकों को दक्षिणी लेबनान से हट जाना चाहिए तथा केवल लेबनानी राज्य के पास ही हथियार होने चाहिए।जोसेफ औन की यह यात्रा गत आठ वर्षों में किसी लेबनानी राष्ट्राध्यक्ष की सऊदी अरब की पहली यात्रा है। माना जा रहा है कि इस यात्रा से दोनों देशों के संबंधों में सुधार आएगा। लेबनान में ईरान के प्रभाव की वजह से उसके सऊदी अरब के साथ रिश्ते ठंडे पड़ गए थे।औन ने सैन्य कमांडर रहते हुए कई बार सऊदी अरब का दौरा किया था। उनकी इस यात्रा से लेबनान में कई लोगों को उम्मीद है कि उनके देश से निर्यात पर लगी रोक को हटाने में मदद मिलेगी साथ ही सऊदी नागरिकों को लेबनान की यात्रा करने की अनुमति भी मिलेगी।

## नेपाल में मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में तीन भारतीय गिरफ्तार

काठमांडू। दक्षिणी नेपाल मे मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप मे तीन भारतीयों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बिहार निवासी गौतम कुशवाहा (35), रंजन कुमार सिंह (30) और संजीव कुमार राम (40) को सोमवार को जीतपुर सिमारा उपमहानगरपालिका से गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 170 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। पुलिस ने एक होटल पर छापेमारी के बाद संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## अफगान और पाकिस्तानी सेना के बीच झड़प

पेशावर। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच संघर्ष हुआ, जिसके बाद स्थानीय लोग दहशत में अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए। एक पाकिस्तानी अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह लगातार दूसरा दिन है जब तोरखम में गोलीबारी हुई है। तोरखम दोनों देशों के बीच एक महत्वपूर्ण क्रॉसिंग है, जो दोनों पड़ोसियों के बीच विवाद के कारण 21 फरवरी से बंद है। एक पाकिस्तानी अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि सोमवार रात को गोलीबारी से निवासियों मे भय और दहशत फैल गई।

## सेंको गोल्ड ने विस्तार किया

वाराणसी। सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने वाराणसी में अपने दूसरे और भारत में अपने 174वें स्टोर के भव्य उद्घाटन की घोषणा की है। उद्घाटन भोजपुरी फ़िल्मों की जानी.मानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने किया। सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की निदेशक जोइता सेन ने इस अवसर पर कहा कि सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स में हम अपने ग्राहकों को उत्कृष्ट शिल्प कौशल सदाबहार डिज़ाइन और एक अद्वितीय खरीदारी अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के मुख्य महाप्रबंधक धवल राजा ने कहा कि चूकि शादियों का सीज़न चल रहा है, इसलिए हमारे लिए यह सबसे अच्छा समय है उत्तरी क्षेत्र में अपनी उपस्थिति के विस्तार का। हम अपने नए स्टोर में शहर में हस्तनिर्मित आभूषणों के अपने लेटेस्ट कलेक्शन को पेश करते हुए रोमांचित हैं।

## महिलाओं को देगा बढ़ावा

मुंबई। फ्लेक्सीलोन्स भारत में एमएसएमई पर विशेष ध्यान देने वाली प्रमुख एनबीएफसी है, जिसने महिलाओं की अगुवाई वाले एमएसएमई को सक्षम बनाने के लिए 100 करोड़ रुपये से अधिक का लोन उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। कंपनी अपनी इस पहल के ज़रिये महिला उद्यमियों को आगे बढ़ने में मजबूती से अपना सहयोग दे रही है। फ्लेक्सीलोन्स के सह-संस्थापक, रितेश जैन ने इसके बारे में उत्साह से बताते हुए कहा, फ्लेक्सीलोन्स में, हम भारत की महिला उद्यमियों के कभी हार न मानने वाले जज्बे का सम्मान करते हैं। हमने बेहद कम दस्तावेज़ों के साथ और किसी जमानत के बिना बिजनेस लोन्स को आसानी से उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है, ताकि महिलाएँ वित्तीय परेशानियों के बिना अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकें।

## आकाश का नए केंद्र

नई दिल्ली। नीट और जेईई के लिए परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणीए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने किदवई नगरए कानपुर लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी व्यक्त की है। जिसका परिचालन जल्द शुरू होगा। इस विस्तार के साथए एईएसएल का लक्ष्य क्षेत्र के अधिक छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करना है। यह कदम शीर्ष स्तरीय तैयारी सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उठाया गया हैए ताकि अधिक महत्वाकांक्षी छात्र आकाश इंस्टीट्यूट द्वारा प्रदान की जाने वाली बेहतरीन कोचिंग तक पहुँच सकें।

## मेलानिया ने आम अमेरिकियों को खास अतिथियों के तौर पर आमंत्रित किया

भाषा। न्यूयॉर्क-वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति पद पर दूसरी बार आसीन होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार को कांग्रेस (संसद) को पहली बार संबोधित करेंगे और इस अवसर पर उनकी पत्नी मेलानिया ने विशेष अतिथियों के तौर पर एक दमकलकर्मी का परिवार, बंधक बनाए गए अमेरिकी शिक्षक समेत सामान्य पृष्ठभूमि वाले कई लोगों को आमंत्रित किया है। अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ने पिछले साल गोलीबारी करने के आरोपी द्वारा मारे गए एक दमकलकर्मी के परिवार, रूसी सरकार द्वारा बंधक बनाए गए एक अमेरिकी शिक्षक और एक अवैध प्रवासी के हमले में मारी गई युवा नर्सिंग छात्रा के परिजन को आमंत्रित किया है। ए सभी मंगलवार को राष्ट्रपति के संसद के संयुक्त सत्र पर पहले संबोधन के लिए आमंत्रित विशेष अतिथियों में शामिल हैं। ए लोग अमेरिकी कैपिटल (संसद) में मेलानिया और ट्रंप के साथ शामिल होंगे।

# पोप फ्रांसिस आराम से सोए, अब यांत्रिक श्वसन प्रणाली की जरूरत नहीं

भाषा। रोम



**पोप फ्रांसिस की** हालत दो बार सांस लेने से संबंधित समस्याओं के बाद मंगलवार को इतनी स्थिर हो गई कि उन्हें नॉन इनवेसिव यांत्रिक श्वसन प्रणाली (मैकेनिकल वेंटिलेशन) से हटा दिया गया। वेटिकन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि फ्रांसिस रात में आराम से सोए। वेटिकन की ओर से जारी बयान के मुताबिक, अब उन्हें सांस लेने में मदद के लिए नाक की नली के माध्यम से पूरक ऑक्सीजन की उच्च मात्रा दी जा रही है। इसमें कहा गया है कि रात में आराम से सोने के बाद जब फ्रांसिस (88) उठे तो उनकी फीजियोथेरेपी बहाल कर दी गई। वेटिकन ने मंगलवार सुबह कहा कि फ्रांसिस को अब उनके फेफड़ों में ऑक्सीजन पंप करने के लिए नाक और मुंह को ढकने वाले यांत्रिक श्वसन प्रणाली से संबंधित मास्क को पहनने की जरूरत नहीं है। उन्हें सोमवार को मास्क का उपयोग फिर से शुरू करना पड़ा था क्योंकि उन्हें दो बार सांस लेने में दिक्कत हुई थी, जिसके चलते चिकित्सकों को उनके फेफड़ों से बहुत अधिक मात्रा में बलगम निकालना पड़ा था। इसके पहले दो नए तीव्र श्वसन संबंधी संकटों के उत्पन्न होने पर फ्रांसिस को सांस लेने में मदद करने के लिए गैर-इनवेसिव मैकेनिकल वेंटिलेशन का उपयोग फिर से शुरू करना पड़ा था। वेटिकन ने मंगलवार को शुरुआती अद्यतन जानकारी देते हुए कहा: पोप रातभर सोए, वह अब भी आराम कर रहे हैं। फ्रांसिस को सोमवार को दो बार तकलीफ हुई। इसके बाद वेटिकन ने कहा कि चिकित्सकों ने उनके फेफड़ों में जमा हुए बहुत ज्यादा बलगम को निकाला। उन्होंने दो बार ब्रोंकोस्कोपी की जिसके तहत शीर्ष पर कैमरा लगी ट्यूब को उनकी श्वसन मार्ग के जरिए भेजा गया। वेटिकन ने कहा कि फ्रांसिस सक्रिय हैं और उन्होंने चिकित्सा कर्मियों के साथ सहयोग किया। हालांकि, उनके स्वास्थ्य संबंधी पूर्वानुमान को जताने में सतर्कता का बरता जाना बरकरार रहा रहा, जिसका अर्थ है कि वह खतरे से बाहर नहीं हैं। चिकित्सकों ने यह नहीं बताया कि उनकी हालत स्थिर है या नहीं। हालांकि चिकित्सकों ने संकटों को भूतकाल के रूप में संदर्भित किया, सुझाया कि वे खत्म हो चुके हैं। शिकागो में नॉर्थवेस्टर्न मेडिसिन में फेफड़ा रोग के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. जॉन कोलमैन ने कहा कि बलगम जमने की घटना शुक्रवार की पिछली घटना से अधिक चिंताजनक थी। फ्रांसिस को शुक्रवार को खांसी का दौरा पड़ा था और खांसते-खांसते उन्होंने उल्टी कर दी थी।

## यूएई की शीर्ष अदालत ने असंतुष्टों को सामूहिक मुकदमे में सुनाई गई सजा को बरकरार रखा

**दुबई।**संयुक्त अरब अमीरात के संघीय उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक सामूहिक मुकदमे में दोषी ठहराए गए दर्जनों असंतुष्टों की अपीलों को खारिज कर दिया। अमीरात की सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम ने उच्चतम न्यायालय के राज्य सुरक्षा चैंबर के निर्णय की खबर दी, जिसमें अभियोजकों द्वारा अलग से की गई अपील पर फैसला सुनाने के लिए आठ अप्रैल तक प्रतीक्षा करने का निर्णय लिया गया।डब्ल्यूएएम ने अपनी खबर में यह नहीं बताया है कि अदालत ने अपील को क्यों खारिज कर दिया। निचली अदालत ने 2024 में दिए प्रारंभिक फैसले में 43 लोगों को आजीवन कारावास की सजा दी गई, जबकि पांच प्रतिवादियों को 15-15 साल की सजा और अन्य पांच को 10-10 साल की सजा सुनाई थी। यूएई सरकार ने इस मामले को मुस्लिम ब्रदरहुड से जुड़ा बताया है, जो एक अखिल इस्लामी संगठन है और अमीरात ने उसे आतंकवादी समूह घोषित किया है।

## पाक चिकित्सकों ने अडियाला जेल में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जांच की

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के स्वास्थ्य के बारे मे रिपोर्ट सामने आने के बाद पाकिस्तानी चिकित्सकों की एक टीम ने अडियाला जेल में उनकी चिकित्सीय जांच की। मीडिया मे आई खबरों मे इसकी जानकारी दी गई है। खान अगस्त, 2023 से जेल में बंद है और उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) ने उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई थी। डॉन अखबार की खबर में बताया गया है कि पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमएस) की एक टीम ने पूर्व प्रधानमंत्री की चिकित्सीय जांच करने के लिए सोमवार को अडियाला जेल का दौरा किया। चार सदस्ईय टीम का नेतृत्व ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अल्ताफ हुसैन ने किया, जबकि टीम के अन्य सदस्यों मे अस्पताल के दंत चिकित्सा विभाग से डॉ. उमर फारूक, जनरल मेडिसिन से डॉ. मोहम्मद अली आरिफ और जनरल सर्जरी से डॉ. तशफीन इम्तियाज शामिल थे। जांच 30 मिनट तक की गई। यह जांच हाल मे पीटीआई द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद की गई है। विशेष रूप से पार्टी के सूचना सचिव शेख वक्कास अकरम ने दावा किया है कि सरकार ने इमरान खान को एकांत कारावास मे रखा है। पीटीआई के एक अन्य नेता ने दावा किया था कि खान को उनकी बहनों या अन्य रिश्तेदारों से भी मिलने नही दिया जा रहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वित्तीय साक्षरता के साथ महिलाओं को सशक्त बनाएंगे

मुंबई। भारत के प्रमुख आभूषण ब्रांडों में से एक, मिआ इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, महिलाओं को उनके वित्तीय भविष्य को नियंत्रित करने की शक्ति प्रदान करके उनका सम्मान कर रहा है। मिआ ने भारत के अग्रणी फिनटेक प्लेटफॉर्म जीरोधा की शैक्षिक शाखा जीरोधा वर्सिटी के साथ साझेदारी में, एक विशेष, निःशुल्क ऑनलाइन मास्टरक्लास का आयोजन किया है। यह ऑनलाइन मास्टरक्लास सिर्फ महिलाओं के लिए है और उनके लिए वित्तीय स्वतंत्रता को सुलभ, प्राप्त करने योग्य और वास्तव में सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सालों से, मिआ ब्रांड महिलाओं का समर्थन कर रहा है - उन्हें स्वास्थ्य, खेल या अब, वित्त के माध्यम से अपनी क्षमता को अनलॉक करने में मदद करती रही है। यह पहल उस मिशन की दिशा में एक और कदम है - यह महिलाओं को उनके वित्तीय निर्णयों को पूरे आत्मविश्वास के साथ लेने, वित्तीय चुनाव करने की स्वतंत्रता और बड़े सपने देखने की सुरक्षा देने के बारे में है। इस ऑनलाइन सत्र में व्यक्तिगत वित्त के प्रबंधन, निवेश की मूल बातें समझने और दीर्घकालिक संपत्ति बनाने पर व्यावहारिक, समझने में आसान पाठ दिए जाएंगे। भारत की फिनटेक क्रांति में जीरोधा सबसे आगे है, जीरोधा वर्सिटी एक विश्वसनीय वित्तीय शिक्षा मंच के रूप में उभरा है, जो लोगों को वित्त जगत में आगे बढ़ने के लिए ज्ञान प्रदान करता है। सोने के निवेश को अपने संपत्ति-निर्माण के प्रयासों में किस तरह से शामिल करना है, यह भी इस सत्र में सीखाया जाएगा। यह ऑनलाइन सत्र मिआ की बेहतरीन आभूषणों की विरासत को आधुनिक वित्तीय ज्ञान के साथ जोड़ेगा। आज ही पंजीकरण करें और वित्तीय साक्षरता के माध्यम से जरिए वित्तीय स्वतंत्रता की ओर अपना पहला कदम उठाए।

## द हेज़लनट अंतरराष्ट्रीय मेहमानों को मोहेगा

नई दिल्ली। द हेज़लनट फैक्ट्री जो अपनी बेहतरीन आर्टिसनल मिठाइयों और स्वादिष्ट बेकरी उत्पादों के लिए जानी जाती है, अब दिल्ली के एरोसिटी में अपनी खास मिठाइयों का स्वाद लेकर आई है। अंतरराष्ट्रीय मेहमानों और आसपास के कॉर्पोरेट समुदाय को आकर्षित करेंगे। यह स्थान अंतरराष्ट्रीय यात्रियों और कार्यालय कर्मचारियों के लिए मीटिंग्स के लिए भी एक आरामदायक जगह होगी। यह उपलब्धि हमारे प्रीमियम और स्वादिष्ट व्यंजनों को और अधिक लोगों तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम अपनी नवीनता और विस्तार की इस यात्रा को जारी रखने के लिए काफी उत्सुक है।यह द हेज़लनट फैक्ट्री के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि ह,क्योंकि यह राष्ट्रीय राजधानी में पंजाबी बाग के सफल संचालन के आज दूसरा स्टोर लांच किया गया। द हेज़लनट फैक्ट्रीके संस्थापक और सीईओ अंकित साहनी ने नए स्टोर और व्यापार विस्तार को लेकर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हम एयरोसिटी में अपना 11वां स्टोर खोलकर काफी उत्साहित हैं। हमारा मुख्य उद्देश्य द हेज़लनट फैक्ट्री को लग्जरी बाजार में एक प्रीमियम गिफ्टिंग ब्रांड के रूप में स्थापित करना है, जिससे इसकी पहुंच व्यापक स्तर पर हो और इसे भारत के पहले प्रीमियम एस्प्रेसो बार और आर्टिसनल मिठाई के रूप में पहचान मिले।

## वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी अविनाशी आदियोगी के रहस्यों का करेगा खुलासा

मुंबई। नॉन.फ़िक्शन केटेगरी में आगे रहने वाली कंपनी वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी, अमीश के साथ पूरे गर्व से लीजेंड्स ऑफ़शिवा का शुभारंभ कर रही हैए जो इसकी प्रशंसित लीजेंड्स सीरीज़ का लेटेस्ट एडिशन है। लीजेंड्स ऑफ़रामायण की ज़बरदस्त सफलता के बादए यह तीन.भाग की सीरीज़ दर्शकों को भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा पर ले जाएगी। इसे मशहूर लेखक अमीश त्रिपाठी होस्ट करेंगे। शो 3 मार्च 2025 से हर सोमवार रात 9 बजे डिस्कवरी चैनल और डिस्कवरी़ पर आएगा। यह उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से होकर गुजरता है, जहाँ शिव के कुछ सबसे पूज्य मंदिर स्थित हैं। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी, साउथ एशिया के जनरल मैनेजर अर्जुन नोहवार ने शो के बारे में बात करते हुए कहा कि हम ऐसी स्थानीय कहानियों पर जोर दे रहे हैं जो भारत की संस्कृति से जुड़ी होने के साथ.साथ दुनियाभर के दर्शकों को भी पसंद आएं। रामायण की सफलता ने दिखाया कि पौराणिक कहानियों की मांग बढ़ रही है। अब लीजेंड्स ऑफशिवा विद अमीश के जरिएए हम इस यात्रा को आगे बढ़ा रहे हैं और ऐसी कहानियों में इन्वेस्ट कर रहे हैं जो हर तरह के दर्शकों से जुड़ती हैं। गहरी रिसर्च और दमदार कहानी कहने की कला को मिलाकरए यह शो दिखाता है कि हम नई और बेहतरीन सामग्री कैसे लाते हैंए जिससे दर्शकों की दिलचस्पी बनी रहे और हमारा व्यवसाय भी बढ़े। होस्ट और बेस्टसेलिंग लेखक अमीश त्रिपाठी ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा किए् भगवान शिव केवल आस्था के प्रतीक नहीं हैंए वे एक शाश्वत शक्ति हैं जो हमें सोचनेए सवाल करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

## गौतम अदानी बोले - तेरा तुझको अर्पण

प्रयागराज। देश और दुनिया के जानेमाने उद्योगपति गौतम अदाणी ने महाकुंभ की समाप्ति पर अपने अनुभव देश के साथ साझा किए। उन्होंने महाकुंभ में अपने सेवा कार्य को 'तेरा तुझको अर्पण' की भावना से किया गया काम बताया। उन्होंने देश भर को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देने के साथ ही देश के सबसे बड़े हिंदी दैनिक में लिखा कि मेरा मानना है कि जीव मात्र की सेवा ही ईश्वर के साक्षात्कार का श्रेष्ठ मार्ग है। महाकुंभ 'तेरा तुझको अर्पण' की भावना को साकार करने का अवसर देता है, जहाँ हम जननी जन्मभूमि से प्राप्त सब कुछ उसे समर्पित कर सकते हैं। लाखों श्रद्धालुओं की सेवा करके हम स्वयं को धन्य मानते हैं। वास्तव में, सेवा करने वाला नहीं, बल्कि सेवा ग्रहण करने वाला ही हमें परमात्मा तक पहुँचने का अवसर देता है। ऐसे हमें जिन भाई-बहनों और संतजनों की सेवा करने का पुण्य प्राप्त हुआ उन्हें करबद्ध नमन। बता दें कि अदाणी समूह में महाकुंभ के मौके पर इस्कॉन के साथ हाथ मिलाकर प्रतिदिन 1 लाख श्रद्धालुओं में महाप्रसाद वितरण का सेवा का संकल्प लिया था। गौतम अदाणी ने 21 जनवरी 2025 को परिवार के साथ प्रयागराज की यात्री की और महाकुंभ में स्नान एवं पूजन किया। इस दौरान उन्होंने इस्कॉन में महाप्रसाद और गीताप्रेस के पंडाल में आरती संग्रह का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने एक वृद्ध महिला से अपनी मुलाकात को याद किया। वह लिखते हैं - मुझे अब भी वह भावपूर्ण क्षण याद है जब मैं प्रयागराज के लेटे हनुमान मंदिर के पास गीता प्रेस के शिविर में आरती संग्रह वितरित कर रहा था।

## रंग नहीं, काबिलियत है असली पहचान

**मुंबई।** आज के दौर में, जहाँ महिलाएँ हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर रही हैं, वहीं उन्हें लेकर कुछ पुरानी धारणाएँ अब भी समाज में बनी हुई हैं। दु:खी करने वाली बात यह है कि आज भी बाहरी सुंदरता से व्यक्ति की काबिलियत की बराबरी की जाती है। इन्हीं गहरी जड़ों से जुड़ी सोच को चुनौती देने और आत्मसम्मान व पहचान की एक नई परिभाषा गढ़ने के लिए शेमारू उमंग और स्टोरी स्क्वायर प्रोडक्शंस लेकर आ रहे हैं 'जमुनीया'। यह एक ऐसा शो है, जो उन लोगों की जद्दोजहद को दर्शाता है, जिन्हें उनके रूप-रंग के आधार पर आँका जाता है। 3 मार्च, 2025 से हर सोमवार से शनिवार, रात 8 बजे प्रसारित हो रहे इस शो में दर्शकों को प्रेरित करने वाली कहानी देखने को मिलेगी। इस शो में अलेया घोष (जमुनीया) और रजत वर्मा (रतन व्यास) मुख्य भूमिकाओं में नजर आएँगे, साथ ही भोजपुरी सुपरस्टार रानी चटर्जी और वरिष्ठ अभिनेत्री मीना मीर भी अहम् भूमिकाओं में होंगी। उत्तर प्रदेश की पृष्ठभूमि पर आधारित यह कहानी एक युवा लड़की, जमुनीया की है, जिसे उसके साँवले रंग के कारण समाज में भेदभाव का सामना करना पड़ता है। जैसे जामुन फल बाहर से गहरे रंग का होता है, लेकिन अंदर से स्वाद और गुणों से भरपूर होता है, वैसे ही जमुनीया की असली पहचान उसकी सुंदरता से नहीं, बल्कि उसकी हिम्मत, बुद्धिमत्ता और आत्मविश्वास से है। यह शो दिखाएगा कि समाज के पारंपरिक सौंदर्य मानकों का किसी की अपनी पहचान और उसके वजूद पर क्या प्रभाव पड़ता है। शो में जमुनीया का किरदार निभाने वालीं अभिनेत्री अलेया घोष ने अपने किरदार के बारे में खुलकर बातचीत करते हुए कहा, जमुनीया की कहानी उन अनगिनत लड़कियों से जुड़ी हुई है, जिन्हें सिर्फ उनके रूप-रंग के कारण कम आँका जाता है। लेकिन जमुनीया मजबूत है, दृढ़ इच्छाशक्ति वाली है और समाज में अपना वजूद खुद बनाना चाहती है।

## पिछले साल की शुरुआत से सूडान में 200 से अधिक बच्चों से बलात्कार हुआ

**काहिरा।** संयुक्त राष्ट्र बाल एजेंसी यूनिसेफ ने मंगलवार को बताया कि संघर्ष-ग्रस्त सूडान में 2024 की शुरुआत से एक साल की उम्र तक के बच्चे बलात्कार का शिकार हुए हैं। यूनिसेफ के अनुसार, यौन हिंसा का इस्तेमाल युद्ध की रणनीति के रूप में किया जा रहा है। यूनिसेफ ने बताया कि उत्तर अफ्रीकी देश में लिंग आधारित हिंसा के विषय में काम करने वाली संस्थाओं द्वारा संकलित रिकॉर्ड के अनुसार, सशस्त्र बलों ने लड़कों सहित 221 बच्चों से बलात्कार किया। सूडान में युद्ध की शुरुआत अप्रैल 2023 में सेना और उसके प्रतिद्वंद्वी अर्द्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच खार्तूम में लड़ाई से हुई जो देश भर में फैल गई। तब से कम से कम 20,000 लोग मारे गए हैं, हालांकि यह संख्या कहीं अधिक होने की आशंका है।

# सर्बिया की संसद में स्मोक बम फेंका गया, तीन सांसद घायल



भाषा। बेलग्रेड

**सर्बिया की संसद में** मंगलवार को हुए हंगामे के दौरान तीन सांसद घायल हो गए। इस दौरान स्मोक बम फेंके गए। इस घटना के बाद बाल्कन देश में राजनीतिक तनाव और बढ़ गया है। सदन की कार्यवाही के दौरान सांसदों को विश्वविद्यालय शिक्षा के लिए वित्त पोषण बढ़ाने वाले कानून पर मतदान करना था, लेकिन विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पक्ष दर्जनों अन्य निर्णयों को भी मंजूरी दिलाने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि यह अवैध है और सांसदों को पहले प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक और उनकी सरकार के इस्तीफे की पुष्टि करनी चाहिए। सर्बिया के कानून के तहत प्रधानमंत्री के इस्तीफे की पुष्टि संसद से होनी आवश्यक है। संसद का सत्र शुरू होने के करीब एक घंटे बाद अराजकता की स्थिति पैदा हो गई। विपक्षी सांसदों ने सदन में सीटियां बजाईं और एक बैनर लहराया जिस पर लिखा था सर्बिया का उत्थान हुआ है, इसलिए शासन का पतन होगा। सत्र के दौरान सैकड़ों सरकार विरोधी संसद भवन के बाहर एकत्र थे।संसद से प्राप्त तस्वीरों और वीडियो में दिख रहा है कि पहले सांसदों के बीच झड़प हुई और बाद में स्मोक बम

# डिजिटल लुडाइट की संख्या बढ़ रही

● पर वे तकनीक का लोकतांत्रीकरण चाहते हैं ना कि इसका अंत

भाषा। सिडनी



**क्या आप** को किसी ने कभी लुडाइट कहा है? हम आम तौर पर (अपमान के रूप में) इस प्रचलित धारणा में लिप्त रहे हैं कि लुडाइट लोग प्रगति विरोधी हठधर्मी व्यक्ति होते हैं। लेकिन यह सच्चाई से परे की बात है। उन्नीसवीं सदी के मूल लुडाइट लोग तकनीक के खिलाफ नहीं थे, बल्कि उन्होंने इसके दमनकारी इस्तेमाल का विरोध किया। उनके विद्रोह को हिंसक तरीके से दबा दिया गया। लेकिन उनकी मुख्य आलोचना आज भी कायम है: तकनीक से पूरी मानवता को फायदा होना चाहिए, न कि कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को। आज जब सिलिकॉन वैली के अरबपति और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे पर कॉरपोरेट नियंत्रण को बढ़ावा दे रहे हैं, तो यह आलोचना पहले से कहीं ज्यादा सच लगती है। इसके जवाब में हम लोकतांत्रिक उद्देश्यों के लिए तकनीक पर फिर से नियंत्रण पाने के प्रयासों में तेजी देख रहे हैं। यह एक तरह का डिजिटल लुडिज्म है जो हाई-टेक अन्याय के खिलाफ पिछले संघर्षों की याद दिलाता है। लुडाइट की उत्पत्ति- लुडाइट लोग 19वीं सदी में ब्रिटेन की कपड़ा मिलों के कामगार थे जिन्होंने अपनी कला और आजीविका को खतरे में डालने वाली मशीनरी को नष्ट कर दिया था। इतिहासकार उनकी रणनीति को दंगा के जरिए सामूहिक सौदेबाजी करार देते हैं। वे उन तकनीकों के खिलाफ लड़ रहे थे जो सत्ता का केंद्रीकरण करती थीं और मज़दूरों की गरिमा को छीन लेती थीं। लुडाइट लोगों का प्रतिरोध श्रम अधिकारों और सामाजिक-आर्थिक न्याय के लिए व्यापक संघर्षों का हिस्सा था। उदाहरण के लिए, 18वीं सदी के फ्रांस में रेशम बुनकरों ने इसी तरह मशीनीकरण के खिलाफ विद्रोह किया था जिसने उनके शिल्प का अवमूल्यन किया था। इससे पहले इंग्लैंड के डिगर्स और लेवलर्स ने सामुदायिक भूमि के निजीकरण का विरोध किया था। इसने डिजिटल बुनियादी ढांचे पर कॉरपोरेट नियंत्रण को लेकर आज की लड़ाइयों का पूर्वाभास कराया। लुडाइट लोगों को कारावास और यहां तक कि फांसी सहित कठोर दंड का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद उनकी विरासत कायम है। आज तकनीक से जुड़ी बड़ी कंपनियों की आलोचना को लुडाइट बताकर खारिज करना शोषण के खिलाफ प्रतिरोध को प्रगति के डर से जोड़ने की गलती को दोहराता है। सबसे चरम स्थिति में राक्षसी सरकारी नीतियों के साथ अनियंत्रित कॉरपोरेट शक्ति का गठबंधन अत्याचारों को जन्म दे सकता है। उदाहरण के लिए नाजी जर्मनी में कंप्यूटर दिग्गज आईबीएम की पूर्व सहायक कंपनी डेहोमैग ने पीड़ितों पर नजर रखने के लिए नाजियों को डेटा सिस्टम उपलब्ध कराया था। रसायन कंपनी आईजी फारबेन ने भी विनाश शिविरों के लिए जाइक्लोन बी गैस की आपूर्ति की। कई अन्य कंपनियों ने जबरन श्रम से लाभ कमाया और शासन को वित्त पोषित किया। यह दर्शाता है कि कैसे मिलीभगत दमन को और अधिक घातक बना सकती है। आज डिजिटल प्रौद्योगिकियां असमानता की खाई को और गहरा कर रही हैं, लोकतंत्र को नष्ट कर रही हैं,।

## टाटा ने 'प्लेज टू प्रोटेक्ट' पहल चलाई

**मुंबई।** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए), भारत में अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक इस कंपनी ने अपनी 'प्लेज टू प्रोटेक्ट पहल शुरू करके जीवन की रक्षा के प्रति अपने समर्पण की पुष्टि की है। यह पहल कंपनी के वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में एक लाख लोगों की जान बचाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य का हिस्सा है।टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के स्थापना दिवस के अवसर पर, लखनऊ में टाटा एआईए टीम ने अपने बीमा जागरूकता अभियान के तहत कई दान अभियान आयोजित किए। बीमा कवरेज के बारे में जागरूकता फैलाने और साथ ही समुदाय के कल्याण में योगदान देने के लिए यह पहल चलाई जा रही है।लखनऊ में, सभी कर्मचारियों ने 100 लीडर्स और सलाहकारों के साथ मिलकर कई स्थानों पर दान अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। समर्पण वरिष्ठ जन परिसर वृद्धाश्रम में, टीम के सदस्यों ने कपड़े और खाद्य पदार्थों सहित आवश्यक आपूर्ति दान की, जिससे बुजुर्ग निवासियों को लाभ हुआ।

# स्ट्राइक रोटेट करना पारी का सबसे सुखद हिस्सा : कोहली

● 98 गेंद में 84 रन बनाकर भारत की जीत तय कर दी



भाषा। दुबई

**भारत के स्टार बल्लेबाज** विराट कोहली ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में मैच जिताने वाली पारी की तुलना पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक से करते हुए कहा कि यहां के हालात में मिली सफलता का सबसे महत्वपूर्ण पहलू स्ट्राइक रोटेट करना रहा। कोहली फिनिशर की भूमिका नहीं निभा सके लेकिन 98 गेंद में 84 रन बनाकर भारत की जीत तय कर दी। पाकिस्तान के खिलाफ मैच की ही तरह उन्होंने तेजी से इक्के दुक्के रन निकाले और अपनी पारी में सिर्फ पांच चौके लगाए। प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार जीतने के बाद उन्होंने कहा , यह पारी पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई पारी जैसी थी। यह हालात को समझने और स्ट्राइक रोटेट करने की बात थी क्योंकि इस पिच पर साझेदारियां अहम थी। कोहली ने अपनी पारी में 56 सिंगल लिए और चार बार दो दो रन निकाले। उन्होंने कहा , यह सब यहां के हालात पर निर्भर करता है। मेरी टाइमिंग और पिच पर रवैया यही था कि हड़बड़ी नहीं करनी है। जितने एक एक रन मैने लिए हैं, वह मुझे सबसे ज्यादा खुशी दे रहे हैं। उन्होंने कहा , यह खेल दबाव के बारे में है। आपको जज्बात पर काबू पाना होता है। जब रनरेट छह रन प्रति ओवर था, मैं तब भी विचलित नहीं हुआ। यह पूछने पर कि क्या वह अपने एक दिवसीय कैरियर के सर्वश्रेष्ठ दौर में हैं, कोहली ने कहा , मुझे नहीं पता। यह आप सोचो। मैने कभी इस पर फोकस नहीं किया। जब आप उन उपलब्धियों के बारे में नहीं सोचते तो वे मिल जाती हैं। अगर मैं शतक बनाता तो अच्छा रहता लेकिन जीत उससे महत्वपूर्ण है। मेरे लिए अब वो सब चीजें मायने नहीं रखतीं। इससे पहेल सोलह महीने पहले वनडे विश्व कप फाइनल में और चौदह साल से आईसीसी टूर्नामेंटों के नॉकआउट मुकाबलों में मिली हर हार का बदला चुकता करते हुए भारत ने मंगलवार को आस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर पांचवीं बार चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में प्रवेश कर लिया और एक बार फिर जीत के नायक रहे विराट कोहली। भारत की जीत के साथ ही यह भी तय हो गया कि चैम्पियंस ट्रॉफी का फाइनल नौ मार्च को दुबई में ही खेला जाएगा जिसमें भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका या न्यूजीलैंड से होगा। अगर आस्ट्रेलिया जीतती तो फाइनल लाहौर में खेला जाना था। आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टीव स्मिथ (73) और एलेक्स कैरी (61) के अर्धशतकों के दम पर 48 .। ओवर में 264 रन बनाए जिसके जवाब में भारत ने 11 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। प्लेयर आफ द मैच कोहली ने 98 गेंद में पांच चौकों की मदद से 84 रन बनाए। 19 नवंबर 2023 को कप्तान रोहित शर्मा समेत करोड़ों क्रिकेटप्रेमियों की आंखों में आंसू थे जब अहमदाबाद में आस्ट्रेलियाई टीम ने भारत का विश्व कप जीतने का सपना तोड़ा था। इसके अलावा भी आईसीसी नॉकआउट टूर्नामेंटों में आस्ट्रेलिया भारत के लिए अभेद किला साबित होता रहा है जिसमें आखिरी बार हम 2011 वनडे विश्व कप में ही सेंध लगा पाए थे। उन सभी नाकामियों से मिले हर जख्म पर मरहम लग गया जब केएल राहुल ने 49वें ओवर की पहली गेंद पर ग्लेन मैक्सवेल को छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाई। कोहली को श्रेयस अय्यर से पूरा सहयोग मिला जिन्होंने 45 रन बनाए और तीसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी भी की।

### स्कोरबोर्ड

**आस्ट्रेलिया पारी** : हेड का गिल बो वरुण 39,कोनोली का राहुल बो शमी 0, स्मिथ बो शमी 73, लाबुशेन पगबाधा बो जडेजा 29, इंगलिस का कोहली बो जडेजा 11, कैरी रन आउट 61,मैक्सवेल बो पटेल 7,ड्वारशुइस का अय्यर बो वरुण 19,जम्पा बो पंड्या 7, एलिस का कोहली बो शमी 10, संघा नाबाद।, **अतिरिक्त** : सात रन, **योग** : 49 . 3 ओवर मे 264 रन, **विकेट पतन** :।-4 , 2-54 , 3-110 , 4-144 , 5-198 , 6-205 , 7-239 , 8-249 , 9-262 ,गेंदबाजी : शमी 10-0-48-3, पंड्या 5.3-0-40-।,कुलदीप 8-0-44-0, वरुण 10-0-49-2, अक्षर 8-।-43 -।,जडेजा 8-।-40-2

**भारत पारी** : रोहित पगबाधा बो कोनोली 28,गिल बो ड्वारशुइस 8, कोहली का ड्वारशुइस बो जम्पा 84,अय्यर बो जम्पा 45,पटेल बो एलिस 27,राहुल नाबाद,पंड्या का मैक्सवेल बो एलिस 28, जडेजा नाबाद 2, **अतिरिक्त** : तीन रन , योग : 48 .। ओवर मे छह विकेट पर 267 रन, विकेट पतन :।-30 , 2-43 , 3-134 , 4-178 , 5-225, 6-259 , **गेंदबाजी** : ड्वारशुइस 7-0-39-।,एलिस -100-49-2, कोनोली 8-0-37-।, जम्पा 0-0-60-2, संघा 6-0-41-0, मैक्सवेल 6.1-0-35-0, हेड ।-0-6-0

# न्यूजीलैंड-दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल आज

● बड़े टूर्नामेंटों की असफलता को पीछे छोड़ना चाहेंगे दोनों टीमें

भाषा। लाहौर



**विश्व स्तरीय** प्रतिभाओं से भरपूर न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका बुधवार को यहां चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में एक दूसरे का सामना करेंगे तो उनकी कोशिश वैश्विक प्रतियोगिताओं के अहम मैचों कमतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के तमगे को पीछे छोड़ने की होगी। कागजों पर दोनों टीमें बराबरी की दिख रही है। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड ने क्रमश: 1998 और 2000 में एक-एक बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है, लेकिन उस समय इस टूर्नामेंट को आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी कहा जाता था और इसका वह महत्व नहीं था जो अब है। दक्षिण अफ्रीका जहां बड़े टूर्नामेंट के चोकर्स (मुख्य मुकाबलों में हार का सामना करने वाली टीम) के अपने तमगे को हटाना चाहेगा, वही न्यूजीलैंड की टीम भी खिताब पर अपना कब्जा जमाने के लिए बेताब होगी। न्यूजीलैंड वनडे विश्व कप (2015 और 2019) में दो बार और टी20 विश्व कप (2021) में एक फाइनल में पहुंचने के बाद खिताब जीतने से चूक गया। मिशेल सेंटनर की अगुआई में न्यूजीलैंड ग्रुप ए में भारत से बाद दूसरे पर रहा, जबकि दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया से आगे शीर्ष पर रहा।दोनों टीमों के बीच कोई ज्यादा अंतर नहीं है और ज्यादातर विभागों में बराबरी की स्थिति में हैं। गेंदबाजी में विविधता के कारण दक्षिण अफ्रीका के पास हालांकि मामूली बढ़त दिख रही हैं। दोनों टीमों के बल्लेबाजी क्रम में पर्याप्त ताकत है और उनके पास बेहतरीन क्षेत्ररक्षक भी हैं। मैच का परिणाम में स्पिनरों की भूमिका अहम रहने अनुमान है। गद्दाफी स्टेडियम की पिच थोड़ी धीमी हैं, लेकिन दुबई की तुलना में वे उतनी स्पिन नहीं करती हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि दोनों टीमों के स्पिनर कैसा प्रदर्शन करते हैं। अपने आखिरी ग्रुप मैच में भारत से 44 रन से हारने के बावजूद, न्यूजीलैंड पिछले महीने यहां त्रिकोणीय श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका पर अपनी जीत से आत्मविश्वास हासिल करेगा। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 305 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया और फिर फाइनल में पाकिस्तान को हराकर त्रिकोणीय श्रृंखला को अपने नाम किया था। अनुभवी बल्लेबाज टॉम लाथम को लगता है कि ए अनुभव उनके लिए फायदेमंद साबित होंगे। उन्होंने कहा, हां, जिस (दक्षिण अफ्रीका) टीम के खिलाफ हमने खेला था वह थोड़ी अलग थी। उस टीम में बहुत से ऐसे खिलाड़ी थे जो इस टीम में नहीं थे। उनके कुछ मुख्य खिलाड़ी तब एसएटी20 में खेल रहे थे, इसलिए यह थोड़े अलग होगा। उन्होंने कहा, मुझे हालांकि लगता है कि हमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलने में लाहौर के उस अनुभव का फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा, हम अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ तैयारी करेंगे और अपनी पूरी कोशिश करेंगे।

## राज्य रैंकिंग टेनपिन बॉलिंग टूर्नामेंट 5 से 7 मार्च तक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बालिंग प्रेमियों के लिए रोमांच से भपूर क्षण आने वाला हैए जब उत्तर प्रदेश राज्य रैंकिंग टेनपिन बॉलिंग टूर्नामेंट.2025 का आयोजन 5 से 7 मार्च 2025 तक लखनऊ के लुलू मॉल स्थित फंट्ुरा बॉलिंग एली में आयोजित किया जाएगा। यह टूर्नामेंट पूरे यूपी के बॉलिंग खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने और रैंकिंग सुधारने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी।इस टूर्नामेंट में केवल एक श्रेणी होगीए और महिला खिलाड़ियों को प्रत्येक खेल में 10 पिन का हैंडीकैप प्रदान किया जाएगाए जो केवल राउंड 2 तक मान्य रहेगा। उत्तर प्रदेश टेनपिन बॉलिंग एसोसिएशन के सचिव दिलीप सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट के पहले दिन पहले राउंड में खिलाड़ी 6 गेम का एक ब्लॉक खेलेंगे। कुल पिनफॉल के आधार पर शीर्ष खिलाड़ी राउंड 2 के लिए क्वालीफाई करेंगे।दूसरे दिन दूसरे राउंड में फिर 6 गेम का दूसरा ब्लॉक होगा और पहले व दूसरे राउंड के पिनफॉल के आधार पर शीर्ष खिलाड़ी नाकआउट के लिए क्वालीफाई करेंगे। तीसरे दिन नाकआउट मुकाबलों में शीर्ष चार खिलाड़ी प्रतिस्पर्धात्मक मुकाबले खेकर पोडियम फिनिश के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## विशेष विश्व शीतकालीन खेलों के लिए भारतीय दल की विदाई बुधवार को

नई दिल्ली। इटली मे सात मार्च से हो रहे विशेष ओलंपिक शीतकालीन खेलो के लिए भारत की 49 सदस्ईय टीम का विदाई समारोह यहां बुधवार को आयोजित किया गया है। खेलमंत्री मनसुख मांडविया इस समारोह मे भाग लेंगे। ए खेल इटली के तूरिन मे सात से 17 मार्च तक आयोजित किए जाएंगे। विशेष एथलीट छह स्पर्धाओ अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉसकंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट स्पीड स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और स्नो शूइंग मे भाग लेंगे। भारतीय दल मे 30 खिलाड़ी, तीन अधिकारी और 16 सहयोगी स्टाफ है। भारतीय खेल प्राधिकरण ने टीम के लिए चंडीगढ, नारकंडा, दिल्ली, ग्वालियर, नोएडा और गुरुग्राम मे 11 राष्ट्रीय कोचिंग शिविरो का आयोजन किया। इसके अलावा अभ्यास और प्रतिस्पर्धा के लिए उपकरण भी मुहैया कराए।

## उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में जीत दर्ज की

पंचकूला। हॉकी उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ हॉकी और हॉकी चंडीगढ़ ने मंगलवार को यहां सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप मे डिवीजन बी के अपने-अपने मैचो मे जीत हासिल की। दिन के पहले मैच मे हॉकी उत्तराखंड ने तेलंगाना हॉकी को।-0 से हराया। हॉकी उत्तराखंड के लिए मैच का एकमात्र गोल वर्तिका रावत (45 वां मिनट) ने किया। छत्तीसगढ़ हॉकी ने दिल्ली हॉकी को करीबी मुकाबले मे 2-। से हराया। सोनाली ने मैच के आठवें मिनट मे गोल कर दिल्ली को बढ़त दिलाई लेकिन लीना कोसरे (22 वां मिनट) और लहर ममतेश्वरी (43वां मिनट) के गोल से छत्तीसगढ़ ने जीत दर्ज कर ली। हॉकी चंडीगढ ने एक अन्य मैच मे हॉकी हिमाचल को 4-। से रौदा। चंडीगढ़ की टीम के लिए सोनू ने दो गोल किए जबकि रवीना रानी और कप्तान राखी ने भी एक-एक गोल किए।

# क्रिकेट में आकार नहीं, मानसिक शक्ति मायने रखती है: गावस्कर

● रोहित के समर्थन में आए पूर्व कप्तान

भाषा। दुबई



**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा का समर्थन करते हुए महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने मंगलवार को कहा कि दुबले-पतले लड़के मॉडलिंग के लिए होते हैं और क्रिकेट में शारीरिक आकार नहीं, बल्कि मानसिक ताकत मायने रखती है।भारतीय कप्तान पर चैंपियंस ट्रॉफी के बीच में एक राजनेता द्वारा की गई अनावश्यक आलोचना पर टिप्पणी करते हुए गावस्कर ने याद दिलाया कि मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान को भी बॉडी शेमिंग (शरीर को लेकर आलोचना) का सामना करना पड़ा था लेकिन इससे उनके प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ा। गावस्कर ने इंडिया टुडे से कहा, मैंने हमेशा कहा है कि अगर आपको सिर्फ दुबले-पतले लड़के चाहिए, तो आपको मॉडलिंग प्रतियोगिता में जाना चाहिए और सभी मॉडलों को चुनना चाहिए। यह उससे संबंधित नहीं है। भारत के इस पूर्व महान बल्लेबाज ने कहा, यह इस बारे में है कि आप क्रिकेट कितनी अच्छी तरह खेल सकते हैं। हमने सरफराज खान के बारे में बात की, उन्हें लंबे समय तक बदनाम किया गया क्योंकि उनका वजन ज्यादा है। लेकिन वह टेस्ट मैच में भारत के लिए 150 रन बनाते हैं और इसके बाद दो या तीन बार पचास से अधिक रन बनाते हैं।

# बीएफआई मौलिक कर्तव्यों को पूरा करने में विफल, मुक्केबाजी के लिए तदर्थ समिति की जरूरत : उषा

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय ओलंपिक** संघ (आईओए) की प्रमुख पीटी उषा ने मंगलवार को मुक्केबाजी के लिए तदर्थ समिति नियुक्त करने के अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महासंघ पिछले एक साल में अपनी मौलिक जिम्मेदारियों को पूरा करने में विफल रहा है और व्यवस्था को बहाल करने तथा उचित प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए उनका यह कदम जरूरी था। उषा का यह बयान आईओए के उपाध्यक्ष गगन नारंग के 28 फरवरी के पत्र के जवाब में आया है। पूर्व ओलंपिक कांस्य विजेता निशानेबाज ने उन पर मनमाने आदेश जारी करने और खिलाड़ियों के कल्याण को कम करने का आरोप लगाया था। नारंग आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्य भी हैं। आईओए के आदेश पर दिल्ली उच्च न्यायालय के स्थगन के बावजूद उषा अपनी रुख पर का दृढ़ता से कायम है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) द्वारा दायर याचिका पर अदालत ने आईओए से जवाब मांगते हुए नोटिस जारी किया है।

## क्विक न्यूज

### हम बेखौफ क्रिक्रेट खेलेंगे : पाक टी20 कप्तान आगा

लाहौर। पाकिस्तान के नए टी20 कप्तान सलमान अली आगा ने मंगलवार को वादा किया कि उनकी टीम आगामी टूर्नामेंटो मे बेखौफ क्रिकेट खेलेगी। न्यूजीलैंड के 16 मार्च से शुरू हो रहे पांच मैचो के टी20 दौरे के लिए कप्तान चुने गए आगा ने कहा कि चयनकर्ताओ ने नए चेहरो को मौका दिया है क्योंकि निर्भय होकर खेलने की जरूरत है। उन्होने कहा , पाकिस्तान का कप्तान बनकर मै गौरवान्वित हूं लेकिन मेरे लिए यह चुनौती भी है। हमने टीम में युवाओं को चुना है। मेरा काम खिलाड़ियो को बेखौफ और जोखिमभरा क्रिकेट खेलने के लिए तैयार करना है। आगा ने कहा , हमें नाकामी भी मिलेगी लेकिन हमे इन खिलाड़ियों का समर्थन करना है। उन्हे बेखौफ होकर खेलने को कहा जाएगा। टी20 क्रिकेट में इसके अलावा कोई विकल्प भी नही है।

### न्यूजीलैंड दौरे पर पाक के मुख्य कोच बने रहेंगे जावेद

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व तेज गेंदबाज और राष्ट्रीय चयनकर्ता आकिब जावेद को न्यूजीलैंड के सीमित ओवरो के दौरे तक अंतरिम मुख्य कोच बने रहने के लिए कहा है। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी और न्यूजीलैंड दौरे के बीच समय कम होने के कारण आकिब मुख्य कोच बने रहेंगे। उन्होने कहा , पीसीबी ने इस बीच नए मुख्य कोच को तलाशने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पिछले साल पीसीबी ने जैसन गिलेस्पी को टेस्ट और गैरी कर्स्टन को सीमित ओवरो के प्रारूप का कोच बनाया था लेकिन दोनो ने बोर्ड के साथ मसलो का हवाला देकर छह से आठ महीने के भीतर इस्तीफा दे दिया।

### नीदरलैंड के दिग्गज ताइक्मा भारतीय महिला ड्रैग फ्लिकर के साथ काम करेंगे

नई दिल्ली। भारत ने 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक तक अल्पकालिक आधार पर राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम के ड्रैग फ्लिकर के साथ काम करने के लिए नीदरलैंड के दिग्गज ताइके ताइक्मा से करार किया है। ताइक्मा ने पिछले महीने भुवनेश्वर मे भारत के एफआईएच प्रो लीग अभियान से पहले 10 से 16 फरवरी तक सात दिवसीय शिविर मे भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया था। भारत ने प्रो लीग के घरेलू चरण मे इंग्लैड, जर्मनी, नीदरलैंड और स्पेन के खिलाफ मुकाबला किया था। इस सात दिवसीय शिविर मे दीपिका, मनीषा चौहान, सोनम और अन्नू जैसी खिलाड़ियों के साथ-साथ कुछ जूनियर खिलाड़ियो ने भी भाग लिया। ताइक्मा के मार्गदर्शन मे शिविर का मुख्य उद्देश्य तकनीकी कौशल को निखारने के साथ ड्रैग फ्लिक की सटीकता मे सुधार करना था। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि शिविर खिलाड़ियो के लिए बहुत फायदेमंद रहा और ताइक्मा लॉस एंजिल्स खेलो तक अल्पकालिक आधार पर टीम के साथ काम करना जारी रखेंगे। उन्होने कहा, ताइक्मा ड्रैग फ्लिक के मामले मे सबसे महान दिग्गजो मे से एक है। मैने हॉकी इंडिया से उन्हे इस क्षेत्र मे सुधार करने मे हमारी मदद करने के लिए लाने का अनुरोध किया। वह तकनीक को निखारने और ड्रैग फ्लिक की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए टीम के साथ काम कर रहे है।

### भारतीय योग संघ ने चौथे नेशनल स्टेट चैप्टर कॉनक्लेव का आयोजन किया

नई दिल्ली। भारतीय योग संघ द्वारा 3 मार्च 2025 को अपने चौथे नेशनल स्टेट चैप्टर कॉनक्लेव का आयोजन किया गया जिसकी थीम श्वर्तमान और भविष्यश् थी। इस कॉनक्लेव में मुख्य हितधारकों, योग के दिग्गजों और नीति निर्माताओं ने हिस्सा लिया। इसमें स्टेट चैप्टर्स की भूमिका को मजबूत करने और योग में मान्यता, प्रमाणन तथा अनुसंधान के लिए रणनीतियों पर चर्चा की गई। भारतीय योग संघ की स्थापना सन 2008 की गई थी। इसका उद्देश्य योग का प्रचार और विकास करना है। यह योग की शुद्धता और वैज्ञानिक आधार को बनाए रखने के लिए सभी योग परंपराओं और संस्कृतियों को संगठित करने के लिए एक प्रीमियर संगठन है। 7,478 योग स्वयंसेवक सदस्य,9,473 योग प्रोफेशनल सदस्य,839 आजीवन सदस्य,17 प्रख्यात योग प्रोफेशनल सदस्य,254 सहयोगी केंद्र,14 अंतर्राष्ट्रीय सहयोगी,45 सदस्य संस्थान। कार्यक्रम की शुरुआत एक उद्घाटन सत्र के साथ हुई, जिसमें माँ डॉ. हंसाजी योगेन्द्र, प्रेसिडेंट, गुरुजी डॉ.एच आर. नागेंद्र, सदस्य, गवर्निंग काउंसिल डॉ ईश्वर बसवरद्दी, गवर्निंग काउंसिल सदस्य, डॉ. काशीनाथ समागंडी, डायरेक्टर, एमडीएनआईवाई और साध्वी डॉ. कुंदन रेखा जी सहित प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। यहाँ हुई रणनीतिक वार्ताओं में स्टेट चैप्टर्स के विस्तार, सर्टिफिकेशन के अवसर बढ़ाने और पूर्व शिक्षण के एक्रेडिटेशन -आरपीएल को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इन चर्चाओं का नेतृत्व के सेक्रेटरी जनरलसुबोध तिवारी ने किया। पर्सनल सर्टिफिकेशन बोर्ड के सीईओ डॉ एसपी मिश्रा ने एक्रेडिटेशन पर एक महत्वपूर्ण सत्र का आयोजन किया। कॉनक्लेव में योग सेवा पुरस्कार समारोह आकर्षण का केंद्र था, जिसमें योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदानों को सम्मानित किया गया। भारतीय योग संघ की अध्यक्षडा. हंसा योगेंद्र ने कहा कि योग केवल शारीरिक आसनों तक सीमित नहीं है, यह मन और आत्म जागरूकता का विज्ञान है। जीवन में सच्चा संतुलन आंतरिक स्थिरता बनाए रखने और कार्य व भावनाओं को समभाव से देखने से आता है।

### नथिंग की एडवांस्ड फ़ीचर्स व गेमिंग में नवाचार

मुंबई। नथिंग ने फ़ोन 3 सीरीज़ पेश की जो एडवांस्ड फ़ीचर्स के साथ अपने मिड.रेंज लाइनअप को और बेहतर बनाती है। बहु.चर्चित फ़ोन 2 पर आधारितए इसमें है ऑप्टिकल जूम के साथ एक एडवांस्ड ट्रिपल.कैमरा सिस्टम एक दमदार,प्रोसेसर एक उज्वल, ज़्यादा रिस्पॉन्सिव डिस्प्ले और नवाचार ये सब दो खास बेहतर डिज़ाइनों में आ रहे हैं। इसका हार्डवेयर पूरी तरह से अपग्रेडेड है। साधारण कार्यों के लिए 8 प्रतिशत कम बिजली का उपयोग करने वाले मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म के साथए हर दिन 30 मिनट अधिक बिजली का इस्तेमाल करें। एडेप्टिव रिफ़्रेश रेट के साथ दृश्य स्पष्ट दिखते हैं। मानक टच सैंपलिंग रेट 480 है और गेमिंग मोड में टच सैंपलिंग रेट है। फ़ोन 3 और फ़ोन 3 प्रो दोनों में ही ज़्यादा सोफ़िस्टिकेटेड लुक और फ़ील हैए जिसमें अपग्रेडेड ग्लास बैक पैनलए इनटर्नल संरचना में बढ़ी हुई समरूपता और फ़िनिश में परिष्कृत विज़ुअल डिटेल्स और तत्व शामिल हैं। इसके अलावाए फ़ोन 3 सीरीज़ ने अपनी टिकाऊपन को भी 64 रेटिंग में अपग्रेड किया है।जब कैमरे की बात आती है। तोफ़ोन 3 सीरीज़ में अब तक का सबसे एडवांस्ड कैमरा सिस्टम पेश किया है। दमदार पेरिस्कोप ज़ूम के साथ बहुमुखी प्रतिभा को पूरा करता है।

# बाबर, रिजवान की पाक टी20 टीम से छुट्टी



**लाहौर।** कप्तान मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम को न्यूजीलैंड में होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए मंगलवार को घोषित पाकिस्तान की टीम से बाहर कर दिया गया। रिजवान की जगह सलमान अली आगा को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया जबकि हरफनमौला शादाब खान की टीम में वापसी हुई है। शादाब को उप-कप्तान बनाया गया। रिजवान को हालांकि चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन बावजूद वनडे टीम का कप्तान बनाए रखा गया है। चयनकर्ताओं ने वनडे टीम में ज्यादा बदलाव नहीं किए है। और चैंपियंस ट्रॉफी में नाकाम रहे खिलाड़ियों को टीम में बरकरार रखा है। बाबर को भी एकदिवसीय टीम में बरकरार रखा गया है, लेकिन बल्लेबाज सऊद शकील और कामरान गुलाम को बाहर कर दिया।चयनकर्ताओं ने तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और हारिस राउफ को भी वनडे टीम से बाहर का रास्ता दिखाया है। पाकिस्तान 16 मार्च से न्यूजीलैंड में पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलेगा। पाकिस्तान की टीम अभी भी अपने सलामी बल्लेबाज सैम अयूब के बिना खेलेगी, जो टखने की चोट से अभी तक उबर नहीं पाए हैं। सलामी बल्लेबाज फखर जमां भी चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में लगी चोट के कारण दौरे से बाहर हो गए हैं।

# चक्रवर्ती अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद से अलग तरह के गेंदबाज दिखे हैं: सूर्यकुमार

भाषा। मुंबई



**भारतीय** टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मंगलवार को कहा कि अबूझ स्पिनर वरुण चक्रवर्ती अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद से एक अलग खिलाड़ी की तरह दिखे है क्योंकि वह मानसिक रूप से मजबूत हो गए हैं और चेहरे पर मुस्कान के साथ खेलते हैं। चक्रवर्ती ने रविवार को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ 42 रन देकर पांच विकेट लिए थे। भारत ने इस मैच को 44 रन से जीता था। सूर्यकुमार ने यहां एक कार्यक्रम के इतर कहा, वह 2021 में जिस तरह से टीम से बाहर हुआ और फिर उसने जिस तरह से वह वापसी की है उसमें दो अलग-अलग वरुण चक्रवर्ती की झलक दिखती है। उन्होंने कहा, वह मानसिक तौर पर थोड़ा मजबूत हुआ है। उसके चेहरे पर मुस्कान रहती है और मैदान पर जो भी परिस्थिति हो वह उसे सहजता से लेता है। किसी क्रिकेटर के नजरिए से बहुत अच्छी बात है। चक्रवर्ती चैंपियंस ट्रॉफी के शुरुआती दो मैचों में अंतिम 11 का हिस्सा नहीं थे लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ उनका चयन मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ। सूर्यकुमार ने कहा, मैं उनके लिए वाकई बहुत खुश हूं। वह जो कुछ भी कर रहे हैं और जो कुछ भी उनके साथ हो रहा है वह उस हर चीज के हकदार है। इस आक्रामक बल्लेबाज ने कहा, वह 2021 से वास्तव में कड़ी मेहनत करने वाले खिलाड़ी रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी वापसी के बाद से मैंने उनसे कई बार बात की है। सूर्यकुमार ने कहा कि मुंबई इंडियंस को आईपीएल में नेतृत्व संबंधी किसी भी दुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि उनकी टीम में सभी मौजूदा भारतीय कप्तान हैं। उन्होंने कहा, जब हम वहां जाते है तो यह एक परिवार की तरह है, इसलिए हम इस बारे में नहीं सोचते कि हमारे पास तीन कप्तान हैं या हमारे पास चार कप्तान हैं। हम सोचते हैं कि हम एक टीम हैं।


# न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की स्थिति मजबूत: पोंटिंग

भाषा। लाहौर



**ऑस्ट्रेलिया के** पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि न्यूजीलैंड के मुकाबले दक्षिण अफ्रीका की टीम में थोड़ा अधिक कौशल और ताकत है जिससे वे चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में जीत के दावेदार होंगे। उन्होंने हालांकि कहा कि केन विलियमसन जैसे खिलाड़ी अगर रन बनाने में सफल रहे तो न्यूजीलैंड के लिए चीजें आसान हो सकती है। न्यूजीलैंड दुबई में भारत के खिलाफ बड़ी हार के बाद नॉकआउट में पहुंच रहा है जबकि दक्षिण अफ्रीका ग्रुप चरण में इंग्लैंड के खिलाफ सात विकेट की बड़ी जीत के बाद शानदार फॉर्म में है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू पर कहा कि भारत की तरह मजबूत बल्लेबाजी क्रम के कारण दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी है। इस पूर्व दिग्गज ने कहा, मैं अगर दोनों टीमों की तुलना करूं तो मुझे लगता है कि दक्षिण अफ्रीका की टीम कौशल के मामले में थोड़ा आगे है। उनका बल्लेबाजी क्रम लंबा है और मुझे लगता है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में जीत के अधिक दावेदार होगे। मैं न्यूजीलैंड की प्रशंसा करता हूं लेकिन मैं जीत के दावेदार पर दक्षिण अफ्रीका पर दांव लगाना चाहूंगा। न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज विलियमसन को इस मुकाबले में अहम भूमिका निभानी होगी क्योंकि हर टीम महत्वपूर्ण मैचों में मार्गदर्शन के लिए अपने बड़े खिलाड़ियों पर निर्भर रहती है। मुझे लगता है कि विलियमसन को इस मैच में रन बनाने की जरूरत है। बड़े मैचों का मतलब है बड़े नाम। चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल से बड़ा कुछ नहीं हो सकता। विलियमसन बड़े मैचों के खिलाड़ी हैं, वह मैच में जाने से पहले अपनी भूमिका की गंभीरता को समझेंगे और अगर वह अपना काम पूरा करते हैं तो मुझे आश्चर्य नहीं होगा।

# प्रज्ञानानंदा के सामने सैम शैंकलैंड की चुनौती



**प्राग।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा एक दिन के विश्राम बाद प्राग मास्टर्स के छठे दौर में बुधवार को अमेरिका के सैम शैंकलैंड से भिड़ेंगे। प्रज्ञानानंदा हाल ही फिडे की रैंकिंग में अपना सर्वश्रेष्ठ आठवां स्थान हासिल करने के बाद बढ़े हुए हौसले के साथ इस मुकाबले में उतरेंगे। वह हमवतन अरविंद चिदंबरम के साथ प्राग मास्टर्स की तालिका में शीर्ष स्थान पर है। दोनों खिलाड़ियों ने पांचवें दौर में एक-दूसरे का सामना किया था और यह मुकाबला बराबरी पर छूटा था। दोनों के नाम संभावित पांच में 3.5-3.5 अंक हैं। चिदंबरम के सामने वियतनाम के अनुभवी क्वांग लीम की चुनौती होगी। इन दोनों भारतीयों के बाद चार खिलाड़ी 2.5 अंक के साथ तालिका में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। इसमें अनीश गिरी और क्वांग लीम ने अपने सभी मैच ड्रॉ खेले है। दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के अभी चार दौर बाकी हैं। अरविंद अब तक टूर्नामेंट सबसे प्रभावित करने वाले खिलाड़ी रहे है। ज्यादातर लोगों को इस पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन से टूर्नामेंट के मध्य में शीर्ष पर रहने की उम्मीद नहीं थी। प्रज्ञानानंदा ने अब तक कीमर और गुएन थाई दाई वान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर दो जीत दर्ज किए हैं। शाकलैंड के बाद उनके सामने क्वांग लीम और वेई ई और आखिरी दौर में गिरी की चुनौती होगी। चिदंबरम को सातवें दौर में गिरी जबकि आखिरी दो दौरे में चेक गणराज्य के डेविड नवारा और तुर्किए के गुरेल एडिज से भिड़ना होगा। चैलेंजर्स वर्ग में एकमात्र भारतीय दिव्या देशमुख के नाम 1.5 अंक हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।